शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 117 | गुवाहाटी | गुरुवार, 23 नवंबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

सरकार ने कर नहीं, फीस लगाया : जयंतमल्ल पेज 3
शुभेंदु अधिकारी ने ममता सरकार को घेरा पेज 4
योगी आदित्यनाथ बोले - वोट बैंक के नाम पर अराजकता फैला रही कांग्रेस सरकार पेज 5
चुनाव आयोग ने कांग्रेस की सात गारंटियों के विज्ञापन पर लगाई रोक पेज 8

## नागरिकों पर अब कई नए टैक्सों का बोझ

### बिहू आयोजन समितियों को डेढ़-डेढ़ लाख रुपए



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** राज्य सरकार ने एक नई कर नीति जारी की है। जिसके तहत नागरिकों को अब कई नए टैक्स देने होंगे। नई नीति के अनुसार, लोगों को अब बिहू आदि मनाने, सार्वजनिक रैली करने या सार्वजनिक बैठक आयोजित करने के लिए सरकार को टैक्स देना होगा। सरकार द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, लोगों को अब सांस्कृतिक जुलूस, कार्यक्रम, बिहू, समारोह आदि की अनुमति लेने के लिए भी तीन सौ रुपए का भुगतान करना होगा, इसके अतिरिक्त, राजनीतिक रैलियों, कार्यक्रमों और बैठकों की अनुमति के लिए -शेष पृष्ठ दो पर

## पूर्वोत्तर की परियोजनाओं को पूरा करने को प्राथमिकता दें : सोनोवाल




**गुवाहाटी ( हि.स. )।** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग तथा आयुष मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में दोनों मंत्रालयों की चल रही परियोजनाओं की समीक्षा के लिए बंदरगाह, जहाजरानी, जलमार्ग (एमओपीएसडब्ल्यू) और आयुष मंत्रालय (एमओए) की एक बैठक की आज गुवाहाटी में अध्यक्षता की। मंत्री ने जनवरी तक पूर्वोत्तर की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पूरा करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। समीक्षा के दौरान, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं की स्थिति प्रस्तुत की। पूर्वोत्तर क्षेत्र में अंतर्देशीय जलमार्गों में 25 परियोजनाओं के विकास के लिए 11 सौ करोड़ रुपए से अधिक की मंजूरी दी गई, जिसमें असम में 15 परियोजनाओं के लिए 850 करोड़ रुपए भी शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को जोगीघोपा, पांडु, विश्वनाथ, निमाती, बिंधाकाटा, उरीआमघाट और सदिया में सात फ्लोटिंग घाटों को पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, डिब्रूगढ़ के बोगीबील में स्थायी घाट, करीमगंज के बदरपुर में घाट का नवीनीकरण भी पूरा किया जाना है। त्रिपुरा के सोनामुरा में बन रहे एक स्थायी घाट के भी पूरा होने की संभावना है। सोनोवाल ने ब्रह्मपुत्र में 15 फ्लोटिंग जेटी और बराक नदी में 15 फ्लोटिंग जेटी पर काम की प्रगति की भी समीक्षा की। जहाजों के सुचारू मार्ग को सुनिश्चित करने के लिए, उन्होंने अंतर्देशीय जल परिवहन के अधिकारियों को ब्रह्मपुत्र पर पहले से पहचाने गए 88 उथले मार्गों को -शेष पृष्ठ दो पर

## हमास के साथ युद्धविराम को इजराइल कैबिनेट की मंजूरी



**तेल अवीव ( हि.स. )।** इजराइल-हमास संघर्ष में बुधवार को इजराइल की संसद ने अहम प्रस्ताव को मंजूरी दी। 50 इजराइली बंधकों को रिहा करने के बदले चार दिनों के संघर्ष विराम प्रस्ताव को पास किया गया है। जिन बंधकों को रिहा किया जाएगा उनमें महिलाएं और बच्चे होंगे। इजराइल सरकार की तरफ से जारी जानकारी के मुताबिक संघर्ष विराम समझौते के तहत हमास को चार दिनों की अवधि में गाजा पट्टी में -शेष पृष्ठ दो पर

## आतंकवाद अस्वीकार्य, पश्चिम एशिया में अस्थिरता चिंता का विषय : पीएम



**नई दिल्ली।** जी-20 वर्चुअल शिखर सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम जी20 को नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं। उन्होंने बताया कि जी20 ने बहुपक्षवाद पर विश्वास बढ़ाया है। पश्चिम एशिया में असुरक्षा और अस्थिरता हम सभी के लिए चिंता का विषय है। मोदी ने कहा कि आतंकवाद हम सभी के लिए अस्वीकार्य है; आम नागरिकों की मृत्यु, चाहे कहीं भी हो, निंदनीय है। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि इजराइल-हमास संघर्ष क्षेत्रीय संघर्ष में न बदले। मोदी ने कहा कि हम पश्चिम एशिया में बंधकों की रिहाई के समाचार का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) लोगों तक पहुंचनी चाहिए और समाज के लिए सुरक्षित होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब मैंने इस वर्चुअल समिट का प्रस्ताव रखा था तब मुझे पूर्वानुमान नहीं था कि आज की -शेष पृष्ठ दो पर

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## कमाने वाले पति-पत्नी को एक-दूसरे पर डिपेंड होने की अनुमति नहीं : एचसी




**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने आज एक केस की सुनवाई के दौरान बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने कहा है कि कमाने की योग्यता रखने वाले पति या पत्नी को बेरोजगार रहने और खर्चों का बोझ अपने जीवनसाथी पर डालने की अनुमति नहीं दी जा सकती। हाई कोर्ट ने कहा है कि एक पति या पत्नी जिसके पास कमाने की उचित क्षमता है, लेकिन पर्याप्त स्पष्टीकरण के बिना वह बेरोजगार रहना चाहते है तो उन्हें दूसरे साथी पर भरण-पोषण के खर्चों को पूरा करने की एकतरफा जिम्मेदारी डालने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हाई कोर्ट ने एक व्यक्ति द्वारा अलग रह रही अपनी पत्नी को हिंदू विवाह अधिनियम (एचएमए) के तहत दिए जाने वाले मासिक भरण-पोषण की राशि को 30,000 रुपए से घटाकर 21,000 रुपए करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर में लोगों के पास हैं लूटे गए चार हजार हथियार : लेफ्टिनेंट जनरल कलिता



**गुवाहाटी।** मणिपुर में जातीय संघर्ष को *राजनीतिक समस्या* करार देते हुए सेना की पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राणा प्रताप कलिता ने मंगलवार को कहा कि जब तक सुरक्षाबलों से लूटे गए लगभग 4,000 हथियार आम लोगों से बरामद नहीं कर लिए जाते तब तक हिंसा की घटनाएं जारी रहेंगी। पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ ने यह भी कहा कि भारत मिजोरम और मणिपुर में आम ग्रामीणों, सेना या पुलिस सहित म्यांमार से शरण लेने वाले किसी भी व्यक्ति को शरण दे रहा है, लेकिन मादक पदार्थों के तस्करों के उग्रवादी समूहों के सशस्त्र कैडरों को नहीं। कलिता ने गुवाहाटी प्रेस क्लब में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि हमारा प्रयास हिंसा को रोकना और संघर्ष के दोनों पक्षों को राजनीतिक समस्या के शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रेरित करना है। क्योंकि अंततः समस्या का राजनीतिक समाधान ही होना है। उन्होंने कहा कि जहां तक जमीनी स्थिति का सवाल है, भारतीय सेना का उद्देश्य शुरू में अपने घरों से विस्थापित हुए लोगों के लिए बचाव और राहत अभियान चलाना था। कलिता ने कहा कि इसके बाद, हम हिंसा को रोकने की कोशिश कर रहे हैं, जिसमें हम काफी हद तक सफल रहे हैं। लेकिन दो समुदायों-मैतेई और -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path,
Near Dona Planet
ABC, G.S. Road,
Guwahati - 05
97079-99344

## अमेरिका में आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश नाकाम



**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में एक सिख अलगाववादी को मारने की साजिश को विफल कर दिया है। इसको लेकर अमेरिका की ओर से भारत सरकार को चेतावनी भी दी गई है। फाइनेंशियल टाइम्स (एफटी) ने मामले से परिचित लोगों का हवाला देते हुए बुधवार को रिपोर्ट दी। रिपोर्ट पर भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। यह घटनाक्रम कनाडा के यह कहने के दो महीने बाद आया है कि जून में वैंकूवर उपनगर में एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या में भारतीय एजेंटों के शामिल होने के *विश्वसनीय* आरोप थे। -शेष पृष्ठ दो पर

## राष्ट्रपति ने नई शिक्षा अभियान का किया शुभारंभ




**भुवनेश्वर ( ओडिशा )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ओडिशा के संबलपुर में किलासामा मिनी स्टेडियम में ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा अभियान *नए भारत के लिए नई शिक्षा* का शुभारंभ किया। इस दौरान लॉन्च कार्यक्रम में ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान उपस्थित थे। इवेंट को संबोधित करते हुए, धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि शिक्षा 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की कुंजी है। हमें मानव बुद्धि और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बीच चयन करना होगा। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा ने हमेशा समाज निर्माण में महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी भूमिका निभाई है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सेवा, समानता और सहानुभूति जैसे नैतिक और मानवीय मूल्य हमारी संस्कृति की नींव हैं और युवाओं को इन महान आदर्शों से परिचित होना चाहिए। बेहतर समाज बनाने के लिए उन्हें अपने बुजुर्ग माता-पिता और समाज के -शेष पृष्ठ दो पर

## पेड़ों की कटाई को लेकर मुख्य सचिव, एनएचआईडीसीएल पक्षकार




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने असम में गुवाहाटी से ग्वालपाड़ा तक सड़क विस्तार के लिए लगभग 2,000 पेड़ों की कथित कटाई से संबंधित मामले में राज्य के मुख्य सचिव और राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एएचआईडीसीएल) को पक्षकार बनाया है। अधिकरण ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा पेड़ों की कथित कटाई के संबंध में एक समाचार रिपोर्ट का स्वतः -शेष पृष्ठ दो पर

सुप्रभात
*बहुत-सी तथा बड़ी गलतियां किए बिना कोई आदमी बड़ा और महान नहीं बनता।*
- ग्लेडस्टन

### न्यूज गैलरी

## तिनसुकिया में सेना के शिविर के पास विस्फोट

**तिनसुकिया ( हि.स. )।** आज शाम तिनसुकिया जिले के डिराक के काकोपथार में सेना के कैंप के पास ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ। सूत्रों ने बताया कि यह ग्रेनेड हमला कथित तौर पर सेना के शिविर को निशाना बनाकर किया गया था। खबरों के अनुसार पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है। सभी आने-जाने वाली गाड़ियों की चेकिंग करने के बाद ही उसे जाने दिया जा रहा है। इस हमले में शामिल लोगों -शेष पृष्ठ दो पर

## पाकिस्तान में 800 वाली दवा की कीमत 3500 रुपए



**इस्लामाबाद।** कंगाली की मार झेल रहे पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति दिन ब दिन बिगड़ती जा रही है। रोजी-रोटी से बेहाल लोग दवाओं और इलाज के लिए भी तरस रहे हैं। हालात इतने खराब हैं कि यहां जीवनरक्षक दवाएं पांच गुना ज्यादा कीमत पर मिल रही हैं। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक राची में ड्रग रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ पाकिस्तान (डीआरएपी) की कार्रवाई से पता चला है कि फार्मेसी और मेडिकल स्टोर प्राधिकरण द्वारा तय अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से पांच गुना अधिक कीमतों पर दवाएं बेची जा रही हैं। कार्यवाहक स्वास्थ्य मंत्री डॉ. नदीम जान के निर्देशों के बाद, प्राधिकरण ने देश भर में दवा मुनाफाखोरों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है और थोक विक्रेताओं, वितरकों, फार्मेसियों और मेडिकल स्टोरों के गोदामों पर छापेमारी की जा रही है। नियमों के मुताबिक, फार्मास्युटिकल कंपनियां एमआरपी से कम कीमत पर दवाएं बेच सकती हैं, लेकिन एमआरपी से अधिक नहीं। कीमतें बढ़ाने के लिए, फार्मास्युटिकल कंपनियों को डीआरएपी के पास आवेदन देना होता है कि दवाओं की उत्पादन लागत बढ़ गई है और मौजूदा एमआरपी के भीतर दवाएं बेचना उनके लिए व्यवहार्य नहीं है इसलिए उसकी कीमतें बढ़ाई जाएं लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है और दवाइयां पांच से ज्यादा गुनी -शेष पृष्ठ दो पर

## विश्वकप फाइनल मैच : बड़े भाई ने छोटे की जान ली




**मुंबई।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व कप 2023 का फाइनल मैच देखते हुए एक 32 वर्षीय व्यक्ति ने अपने छोटे भाई की कथित तौर पर हत्या कर दी। इस दौरान पिता भी घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात के वक्त आरोपी नशे में धुत था। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, घटना अंजनगांव बाड़ी गांव में रविवार को उस समय हुई जब प्रवीण इंगोले टीवी पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच फाइनल मैच देखते हुए शराब पी रहा था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रवीण के पिता रमेश इंगोले (65) ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया था, जिसके बाद आरोपी व्यक्ति ने पिता पर लोहे की छड़ से हमला कर दिया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने छोटे भाई अंकित (28) पर भी छड़ से हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि फाइनल मैच में भारत की हार, घटना की मुख्य वजह नहीं थी। उन्होंने बताया कि ऐसा शराब के प्रभाव व गुस्से में हुआ। पुलिस ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# मोदी एक-दो हाथों में देश सौंप रहे हैं : प्रियंका गांधी



**जयपुर (हि.स.)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंच से एक भविष्यवाणी की थी। आज मैं भी करती हूं कि अगर इसी तरह मोदी सरकार देश की संपत्तियां उद्योगपतियों को सौंपती रही तो एक दिन लोगों का गुस्सा संभल नहीं पाएगा। मोदी जिस तरह से सरकार चला रहे हैं, ये नहीं चलेगा। उनको समझाना पड़ेगा, कि जो एक-दो लोगों के हाथों में देश चलाने के लिए सौंप रहे हैं, ऐसा नहीं चलेगा। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी बुधवार को शाहपुरा के मनोहरपुर (जयपुर) में एक जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि पिता प्रधानमंत्री थे। मैं उनके साथ कभी-कभी सभाओं में जाती थी। काम नहीं होने पर महिलाएं उन्हें डांटती थीं और वो सिर झुकाकर सुनते थे। आज भाजपा के नेताओं को आपने छूट दे दी है। वे धर्म की बातें करते हैं। आप आंख मूंदकर वोट दे देते हो। चुनाव का समय हिसाब-किताब का समय होता है। कांग्रेस वाले कहते हैं कि भाजपा वाले भ्रष्ट हैं, वो कहते हैं कांग्रेस वाले भ्रष्ट हैं। जनता को कैसे पता चलेगा कौन सही है। इसलिए सभी को ध्यान से सुनो। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में जहां भी भाजपा की सरकारें हैं, वहां 45 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। राजस्थान में मुख्यमंत्री ने दो लाख रोजगार दिलवाए हैं, 40 हजार रोजगार प्रक्रिया में हैं। इधर, मध्य प्रदेश में 18 साल से भाजपा सरकार है। तीन साल में 21 रोजगार दिए हैं। छत्तीसगढ़ में इंग्लिश मीडियम स्कूल हैं। इस बात पर गहलोत से पूछा तो उन्होंने कहा कि यहां तो गांव-गांव में इंग्लिश मीडियम स्कूल हैं। मध्य प्रदेश में स्कूल बंद हो रहा है। जीएसटी की वजह से सब कुछ महंगा हो रहा है। यह टैक्स प्रदेश सरकार के पास नहीं, केंद्र सरकार के पास जा रहा है। अब टैक्स से काम तो होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कितने जवान सरहदों पर देश की रक्षा कर करते हैं। उनकी भावना होती हैं कि जान चली जाए, लेकिन देश की रक्षा करेंगे। सबसे ज्यादा सैनिक राजस्थान ने दिए हैं। सेना में भर्ती होने पर नौजवान खुश होता है, लेकिन भाजपा वाले अग्निवीर ले आए। इसमें चार साल के लिए भर्ती होगी। चार साल बाद घर आएगा, वापस बेरोजगार हो जाएगा। सरकारी कर्मचारी के थोड़े-थोड़े पैसे सरकार पेंशन के लिए निकालती है, लेकिन केंद्र सरकार पेंशन का पैसा लेकर निवेश कहीं और कर रही है। कर्मचारियों की पुरानी मांग है कि हमारी पेंशन हमें मिल जाए। उन्होंने कहा कि देश का किसान दिन में औसत 27 रुपए कमा रहा है और अडाणी 1600 करोड़ रुपए एक दिन में कमा रहे हैं। किसानों ने आंदोलन किया था, इनके मंत्री के बेटे ने छह किसानों को गाड़ी से कुचल डाला, कोई कार्रवाई नहीं हुई। तीन काले कानून वापस तब लिए जब दो महीने में यूपी में विधानसभा का चुनाव आने वाला था। तब तक सुनवाई नहीं हुई। प्रियंका ने कहा कि मणिपुर में सैकड़ों गांव जला डाले, उसके वीडियो मैं देख ही नहीं पाई। मोदी ने वहां जाने का कष्ट नहीं किया, लेकिन क्रिकेट के फाइनल में फट से पहुंच गए। सभी को उम्मीदें थीं कि मैच जीत जाएंगे। मोदी पहुंचे कि जीत जाएंगे तो श्रेय ले लेंगे, मीडियाबाजी करेंगे। वे क्रिकेट में पहुंच सकते हैं तो संकट में क्यों नहीं पहुंचे। प्रियंका ने कहा कि एक विज्ञापन के लाखों करोड़ रुपए लग जाते हैं तो फिर इतने पैसे कहां से आते हैं। यह कहते हैं कि हम तो फकीर हैं। फिर इनके कार्यकाल में पार्टी कैसे सबसे अमीर हो गई। भाजपा का एक नेता बता दे। कहां से आए ये पैसे? मीडिया में धड़ाधड़ विज्ञापन आते हैं। उन्होंने वादा किया कि ओपीएस के लिए कानून बनाया जाएगा और गारंटी के साथ दिया जाएगा। कांग्रेस की सरकार बनने पर परिवार की मुखिया महिलाओं को 10 हजार रुपए सालाना, 500 का सिलेंडर 400 में और दो रुपए किलो में गोबर खरीदा जाएगा। इससे पहले जो पशुओं को घर में रखना शुरू कर दिया। इससे यह पशु फसलों को नुकसान भी नहीं करेंगे। इससे पूर्व प्रियंका गांधी की चूरू में भी एक जनसभा होनी थी, लेकिन हेलीकॉप्टर में खराबी होने की वजह से वे वहां पहुंच नहीं पाईं।

# आध्यात्मिकता विश्व समुदाय को भारत की अमूल्य भेंट : राष्ट्रपति




**नई दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि आध्यात्मिकता विश्व समुदाय को भारत की अमूल्य भेंट है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में समय-समय पर महान आध्यात्मिक विभूतियों ने सदाचार, करुणा और परोपकार का संदेश प्रसारित किया है। राष्ट्रपति ने आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में श्री सत्य साईं इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग के 42वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया और संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि श्री सत्य साईं बाबा एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने पुट्टपर्थी के क्षेत्र को पवित्र किया। उनके आशीर्वाद से देश-विदेश के करोड़ों लोग लाभान्वित होते रहे हैं और आगे भी लाभान्वित होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तित्वों की शिक्षा की अवधारणा हमारी महान परंपराओं को जीवंत बनाती है। राष्ट्रपति ने कहा कि जीवन मूल्यों और नैतिकता की शिक्षा ही वास्तविक शिक्षा है। प्रत्येक छात्र में सत्य, सदाचार, शांति, स्नेह और अहिंसा के मूल्यों को विकसित करना समग्र शिक्षा का मुख्य लक्ष्य है। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि श्री सत्य साईं इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग मानवीय और आध्यात्मिक मूल्यों को मौलिक महत्व देता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रति संस्थान का समग्र दृष्टिकोण बहुत प्रभावशाली है। शिक्षा के स्थान पर शिक्षा-देखभाल की अवधारणा अत्यंत उपयोगी एवं सार्थक है। राष्ट्रपति ने कहा कि इस संस्थान ने शिक्षा प्रक्रिया में शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, बौद्धिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक आयामों को शामिल किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस संस्थान के छात्र पेशेवर रूप से सुदृढ़, सामाजिक रूप से जिम्मेदार और आध्यात्मिक रूप से जागरूक व्यक्तित्व विकसित करने में सफल होंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे श्री सत्य साईं बाबा के मूल्यों और शिक्षाओं का प्रसार करें और आधुनिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक विकास के उदाहरण पेश करें।

## धुबड़ी में संदिग्ध हेरोइन के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**धुबड़ी (हिंस)।** जिले की छागलिया पुलिस ने भारी मात्रा में हेरोइन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम ने तस्करों के खिलाफ छागलिया थानाक्षेत्र में एक अभियान चलाया। जिसमें संदिग्ध हेरोइन बरामद हुआ। अभियान में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। इस कारोबार से जुड़े और तस्करों को पकड़ने के लिए गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है। इस सिलसिले में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई है।

## असम राइफल्स ने मणिपुर में जब्त की राइफलें व मैगजीन

**इंफाल (हिंस)।** मणिपुर में सुरक्षा बलों का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में असम राइफल्स ने अभियान के दौरान मैगजीन के साथ राइफल जब्त किए गए। औपचारिक सूचना के अनुसार असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस के साथ मिलकर मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के लुंगजंग गांव में छापेमारी कर मैगजीन के साथ दो .303 राइफलें तथा मैगजीन के साथ एक एके -47 राइफल बरामद की।

## पनौती और जेबकतरे वाले बयान पर भाजपा ने की मुख्य चुनाव आयोग से की शिकायत

**नई दिल्ली (हि.स.)।** राजस्थान में विधान सभा चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पनौती और जेबकतरा कहने वाले कांग्रेस नेताओं के बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ी आपत्ति जताई है। बुधवार को भाजपा महासचिव राधा मोहन अग्रवाल और ओम पाठक के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने इसे चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि कांग्रेस पार्टी ने द्वेषपूर्ण एजेंडे से प्रभावित करने का प्रयास किया है, जो एक गंभीर अपराध होने के साथ लोकतांत्रिक सिद्धांतों के मूल पर प्रहार करता है। यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों को खतरे में डालता है। इस तरह के बयान से समाज के भीतर ध्रुवीकरण और अस्थिरता पैदा हो सकती है, लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास कम हो जाता है। जनता को धोखा देने और चुनावों में हेरफेर करने के ऐसे प्रयासों की गहन जांच की जानी चाहिए और जिम्मेदार लोगों को लोकतांत्रिक प्रणाली की अखंडता की रक्षा के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। ज्ञापन में आयोग से मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के खिलाफ उनके लगातार निराधार और अपमानजनक आचरण के लिए उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

सर्जीकल गैस्ट्रोइनटेरोलॉजी
अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई

Apollo HOSPITALS CHENNAI

**डॉ. सुदीप्त कुमार स्वाइन,**
MS, FMAS, DNB (Surgical Gastroenterology)
ओवरवेट/ओबेसिटी/एब्डोमिनल पेन, ब्लैडुर एवं बिल डक्ट सर्जरी, पैनक्रेएटिक रोग / ट्यूमर्स, अत्याधुनिक लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, लैपैरैस्कोपिक हर्निया सर्जरी, पाइल्स और हर्निया, कोलो रेक्टल सर्जरी के लिए संपर्क करें।

**2 दिसंबर, 2023 को गुवाहाटी में**

**Apollo Hospitals Chennai Regional Office**
House No. 76, Rajgarh Main Road
Opp. Byelane - 10, Guwahati - 781003
**Call : 84040-37649, 0361-3102669, 0361-3102166**

## नगांव में हेरोइन के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**नगांव (हिंस)।** नगांव पुलिस ने संदिग्ध हेरोइन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए नगांव पुलिस की एक टीम ने बेबेजिया थाना पुलिस के साथ तस्करों के खिलाफ बेबेजिया में एक अभियान चलाया। जिसमें 06 प्लास्टिक के कंटेनर में संदिग्ध हेरोइन बरामद की गई। अभियान में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

# पृष्ठ एक का शेष

### नागरिकों पर अब...

दो हजार रुपए, सभी प्रकार के खेल आयोजनों की अनुमति के लिए दो हजार रुपए, नुक्कड़ नाटकों, जागरूकता रैलियों, कार्यक्रमों की अनुमति के लिए पांच सौ रुपए, व्यापार मेलों की अनुमति के लिए पांच हजार रुपए, खाद्य मेले; वाणिज्यिक निर्माण की अनुमति के लिए गुवाहाटी में 50 हजार रुपए शुल्क लिए जाएंगे। जबकि, राज्य के अन्य हिस्सों में इसके लिए 25 रुपए, पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी खोलने की अनुमति के लिए 10 हजार रुपए, निजी रोजगार सत्यापन के लिए तीन सौ रुपए का शुल्क, किराए के आवास और पीजी के सत्यापन के लिए तीन सौ रुपए का शुल्क और निर्माण में शामिल श्रमिकों के सत्यापन के लिए तीन सौ रुपए का शुल्क देना पड़ेगा। उधर असम सरकार राज्य के प्रत्येक बिहू आयोजन समिति को डेढ़ लाख रुपए की सहायता देगी। मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने आज सोशल मीडिया के जरिए बताया कि हमारी सरकार की ओर से राज्य की बिहू आयोजन समितियों को डेढ़-डेढ़ लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया गया है। हमें उम्मीद है कि असम की समृद्ध संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में हमारी सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम परंपरागत बिहु को अत्यंत उत्साह के साथ मनाने में विशेष भूमिका निभाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा राज्य में कार्यक्रमों के आयोजनों पर लगाए गए टैक्स को लेकर हो रहे हंगामा के बीच मुख्यमंत्री द्वारा बिहू समितियों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा निश्चित रूप से विरोधी राजनीति करने वालों का मुंह बंद कर सकेगा।

### पूर्वोत्तर की परियोजनाओं ...

नियमित रूप से खोदने का निर्देश दिया। इस पहल से कार्गो और पर्यटक घाटों में हालिया तेजी बरकरार रहेगी। इस अवसर पर बोलते हुए, सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में, बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग और आयुष मंत्रालय पूर्वोत्तर भारत के समृद्ध अवसरों को साकार करने की दिशा में काम कर रहे हैं ताकि इसे भारत के आर्थिक विकास का इंजन बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में दोनों मंत्रालयों के शीर्ष अधिकारियों के साथ एक बहुत ही उपयोगी समीक्षा बैठक की। परिवहन के माध्यम से परिवर्तन के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, हमने क्षेत्र में महत्वपूर्ण परियोजनाओं की पहचान की है जो जनवरी तक चालू हो जाएंगी। हमने परियोजनाओं की पहचान की है और इस समय-सीमा के अनुसार प्रत्येक परियोजना की प्रतिस्पर्धा के लिए समय सीमा निर्धारित की है। अंतर्देशीय जलमार्ग की छह परियोजनाओं में से, ब्रह्मपुत्र पर सात फ्लोटिंग जेटिंग, बोगीबील में स्थायी जेट्टी, त्रिपुरा में सोनामुरा में स्थायी जेट्टी, बोगीबील और पांडु में फ्लोटिंग जेट्टी और बदरपुर में जेट्टी का नवीनीकरण पूरा हो जाएगा। हम जनवरी तक 150 करोड़ रुपए की इन परियोजनाओं को लॉन्च करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि आयुष मंत्रालय वर्तमान में पूरे पूर्वोत्तर में 286 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का निर्माण कर रहा है। मंत्री ने अधिकारियों को परियोजनाओं को बढ़ाने और गति देने का निर्देश दिया। डिब्रूगढ़ में 80.66 करोड़ रुपए के योग और प्राकृतिक चिकित्सा अस्पताल का शिलान्यास और गुवाहाटी में 34.33 करोड़ रुपए के क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान (आरआरआईएच) और एकीकृत आयुष कल्याण केंद्र के नए भवन का शिलान्यास जनवरी तक किया जाएगा। उन्होंने गुवाहाटी में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) में 10.45 करोड़ रुपए के निवेश से जी 3 और जी 2 भवनों को पूरा करने का भी निर्देश दिया, जिनका उद्घाटन दिसंबर तक किया जाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली हमारी सरकार के लिए आयुष रुचि का एक प्रमुख क्षेत्र है। पूर्वोत्तर के पास इस क्षेत्र में और भी बहुत कुछ करने की प्रचुर क्षमता है। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम कई परियोजनाओं की पहचान करने और उन पर अपना काम शुरू करने में सक्षम हुए हैं। पूर्वोत्तर में आयुष क्षेत्र की अधिकतम् क्षमता का एहसास करने के लिए विस्तार और गति बढ़ाना महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र में वर्तमान में चल रही कम से कम नौ निर्माण परियोजनाओं में से, हम कम से कम तीन परियोजनाओं के शीघ्र पूरा हो जाने की उम्मीद करते हैं। ये हैं - गुवाहाटी में विस्तार का उद्घाटन, डिब्रूगढ़ में योग और प्राकृतिक चिकित्सा अस्पताल की आधारशिला, और जनवरी तक गुवाहाटी के आजरा में क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान और एकीकृत आयुष केंद्र के स्थायी परिसर की आधारशिला। केंद्रीय मंत्री को क्षेत्र में वर्तमान में चल रही आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों जैसी परियोजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। क्षेत्र में कुल स्वीकृत 830 एएचडब्ल्यूसी के साथ, 495 से अधिक केंद्र चालू हो गए हैं। क्षेत्र में 33 से अधिक एकीकृत आयुष अस्पताल (आईएएच) स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 09 पहले से ही कार्य कर रहे हैं। मंत्रालय द्वारा कुल 8 आयुष शिक्षा संस्थानों (यूजी और पीजी) को समर्थन दिया जा रहा है। तीन नए आयुष संस्थान - गंगटोक में सोवा रिग्पा के लिए, केइराओ, मणिपुर में होम्योपैथी के लिए और दुधनै में एक - को मंजूरी दी गई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में, 155 से अधिक आयुष औषधालयों को मंजूरी दी गई, जिनमें से 100 से अधिक असम में हैं।

### हमास के साथ युद्धविराम...

बंधक बनाए गए करीब 240 बंधकों में से 50 को रिहा करना होगा। बुधवार सुबह इस प्रस्ताव पर मतदान से पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि संघर्ष विराम खत्म होने के बाद इजराइल दोबारा हमास के खिलाफ आक्रामक अभियान शुरू करेगा। हिब्रू मीडिया के मुताबिक हमास जिन बंधकों को रिहा करेगा उसमें 30 बच्चे और 20 महिलाएं शामिल हैं। इन्हें हर दिन 12-13 के ग्रुप में रिहा किया जाएगा। हर 10 बंधकों के ग्रुप की रिहाई के बदले इजराइल एक दिन का संघर्ष विराम करेगा। खबरों के मुताबिक इस संघर्ष विराम के मसौदे के तहत इजराइल भी 150 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा, जिनमें महिलाएं और बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी। हालांकि हमास के साथ संघर्ष विराम को मंजूरी का कड़ा विरोध भी शुरू हो गया है। यरुशलम पोस्ट के मुताबिक 7 अक्तूबर को हमास हमले में मारे गए इजराइली नागरिकों के परिजनों का कहना है कि आतंकियों की किसी भी कीमत पर रिहा नहीं किया जाना चाहिए। अगर आज हम उनके सामने झुकते हैं तो इस बात की क्या गारंटी है कि वे भविष्य में वे हमें निशाना नहीं बनाएंगे।

### आतंकवाद अस्वीकार्य, पश्चिम...

वैश्विक स्थिति कैसी होगी। पश्चिमी एशिया क्षेत्र में अस्थिरता और असुरक्षा की स्थिति हम सब के लिए चिंता का विषय है। आज हम सभी का एक साथ आना इस बात का प्रतीक है कि हम सभी मुद्दों के प्रति संवेदनशील हैं और इनके समाधान के लिए एक साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि आतंकवाद हम सभी को अस्वीकार्य है। नागरिकों की मौत कहीं भी हों निंदनीय है। आज हुए बंधकों की रिहाई के समाचार का हम स्वागत करते हैं। मानवीय सहायता का समय से और निरंतर पहुंचना आवश्यक है। ये सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि इजराइल और हमास की लड़ाई किसी तरह का क्षेत्रीय रूप धारण न कर ले। मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के विश्व को आगे बढ़ते हुए ग्लोबल साउथ की चिंताओं को प्राथमिकता देनी होगी। ग्लोबल साउथ के देश ऐसी अनेक कठिनाइयों से गुजर रहे हैं जिनके लिए वे जिम्मेदार नहीं हैं। समय की मांग है कि हम विकास एजेंडे को अपना पूर्ण समर्थन दें। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में एआई के नेगेटिव इस्तेमाल को लेकर चिंता बढ़ रही है। भारत की स्पष्ट सोच है कि एआई के वैश्विक रेगुलेशन को लेकर हमें मिलकर काम करना चाहिए। डीपफेक समाज और व्यक्ति के लिए कितना खतरनाक है इसकी गंभीरता को समझते हुए हमें आगे बढ़ना होगा...अगले महीने भारत में ग्लोबल एआई पार्टनरशिप समिट का आयोजन किया जा रहा है, मुझे उम्मीद है कि आप सब इसमें भी सहयोग देंगे।

### कमाने वाले पति-पत्नी...

ने कहा कि महिला ने दावा किया है कि उसके पास आय का कोई स्रोत नहीं है, लेकिन दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक होने के कारण उसकी शैक्षिक पृष्ठभूमि उचित है। न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता की एक पीठ ने कहा कि ऐसे पति या पत्नी जिनके पास कमाने की उचित क्षमता है, लेकिन जो बिना किसी पर्याप्त स्पष्टीकरण या रोजगार हासिल करने के अपने ईमानदार प्रयासों का संकेत दिए बिना बेरोजगार रहना पसंद करते हैं, उन्हें अपने खर्चों को पूरा करने की एकतरफा जिम्मेदारी दूसरे पक्ष पर डालने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि एचएमए के तहत भरण-पोषण का प्रावधान लैंगिक रूप से तटस्थ है और अधिनियम की धाराओं 24 और 25 के तहत दोनों पक्षों के बीच विवाह अधिकारों, देनदारियों और दायित्वों का प्रावधान किया गया है। हाई कोर्ट उस व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी गई थी। निचली अदालत ने व्यक्ति को अपनी अलग रह रही पत्नी को 30,000 रुपए मासिक गुजारा भत्ता और 51,000 रुपए मुकदमे का खर्च देने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि पहले निचली अदालत ने उनसे महिला को 21,000 रुपए मासिक भुगतान करने को कहा था, लेकिन बाद में परिस्थितियों में कोई बदलाव किए बिना इसे बढ़ाकर 30,000 रुपए कर दिया गया। व्यक्ति ने कहा कि उसे 47,000 रुपए का वेतन मिल रहा है और उसे अपने परिवार का भरण-पोषण करना है और उसके लिए प्रति माह 30,000 रुपए का भुगतान करना संभव नहीं होगा। व्यक्ति ने दावा किया कि महिला यहां एक अस्पताल में काम करती थी और 25,000 रुपए मासिक कमाती थी। महिला ने हालांकि कहा कि वह केवल एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में काम कर रही थी और अस्पताल से कोई वेतन नहीं ले रही थी। इन दोनों ने 2018 में शादी की थी लेकिन उनके बीच मतभेद के कारण महिला जुलाई 2020 में अपने माता-पिता के घर लौट आई थी।

### मणिपुर में लोगों के ...

कुकी के बीच ध्रुवीकरण के कारण यहां-वहां छिटपुट घटनाएं होती रहती हैं। यह पूछे जाने पर कि झड़प शुरू होने के साढ़े छह महीने से अधिक समय के बाद भी मणिपुर में सामान्य स्थिति क्यों नहीं लौटी है, उन्होंने कहा कि राज्य में रहने वाले तीन समुदायों-मैतेई, कुकी और नगा के बीच कुछ विरासत संबंधी मुद्दे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि इससे पहले 1990 के दशक में कुकी और नगाओं के बीच संघर्ष हुआ था, जिसमें लगभग 1,000 लोग मारे गए थे। उन्होंने कहा कि अब क्या हुआ है कि दो समुदाय पूरी तरह से ध्रुवीकृत हो गए हैं। हालांकि हिंसा का स्तर कम हो गया है। विभिन्न थानों और अन्य स्थानों से 5,000 से अधिक हथियार लूट लिए गए। अधिकारी ने कहा कि इनमें से केवल 1,500 हथियार ही बरामद किए गए हैं। इसलिए, लगभग 4,000 हथियार अभी भी बाहर हैं। जब तक ये हथियार लोगों के पास हैं, तब तक इस तरह की छिटपुट हिंसक गतिविधियां जारी रहेंगी। कलिता ने कहा कि भारत-म्यांमार सीमा के माध्यम से मादक पदार्थों के साथ-साथ हथियारों की तस्करी थम गई है, हालांकि कुछ छिटपुट घटनाएं हो सकती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि लेकिन चूंकि 4,000 हथियार पहले से ही खुले में हैं, मुझे लगता है कि बाहर से हथियार लाने की कोई आवश्यकता नहीं है। मणिपुर में तीन मई को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मैतेई समुदाय की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में *आदिवासी एकजुटता मार्च* आयोजित होने के बाद शुरू हुई जातीय झड़पों में 180 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और सैकड़ों अन्य घायल हुए हैं। राज्य की आबादी में मैतेई लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं। वहीं, नगा और कुकी आदिवासी समुदायों की आबादी 40 प्रतिशत से कुछ अधिक है, जो पर्वतीय जिलों में रहते हैं। म्यांमार के शरणार्थी संकट पर लेफ्टिनेंट जनरल कलिता ने कहा कि हमारे पड़ोस में कोई भी अस्थिरता हमारे हित में नहीं है। यह निश्चित रूप से हम पर प्रभाव डालती है, क्योंकि हमारे बीच साझा सीमा है। कठिन भौगालिक स्थितियों तथा विकास की कमी के कारण भारत-म्यांमार सीमा संबंधी समस्या बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि सीमा के दोनों ओर एक ही जातीय मूल के लोग हैं, जहां काफी स्वतंत्र आवाजाही होती है, और सीमाओं का प्रबंधन करने वाले बलों के लिए यह पहचानना मुश्किल हो जाता है कि कौन भारत के लोग हैं और कौन म्यांमार से हैं। कलिता ने कहा कि हम शरण चाहने वाले किसी भी व्यक्ति को आश्रय दे रहे हैं, चाहे वह आम ग्रामीण हो या म्यांमार सेना या म्यांमार पुलिस हो। एक उचित प्रक्रिया का पालन किया जाता है। जब भी वे अंदर आना चाहते हैं, तो हथियार स्पष्ट रूप से अलग कर दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इसके बाद एक उचित पहचान की जाती है, ताकि अवांछित तत्वों को अलग किया जा सके। हम विदेश मंत्रालय और (म्यांमार) दूतावास से संपर्क करते हैं। म्यांमार सेना के इन सभी जवानों को मोरेह (मणिपुर में) ले जाया जाएगा और फिर (म्यांमार) बल को सौंप दिया जाएगा। कलिता ने कहा कि सीमा पर बलों के लिए निर्देश बिलकुल स्पष्ट है कि म्यांमार में संघर्ष से बचने के लिए शरण लेने वाले आम ग्रामीणों को रोका नहीं जाए और जब भी वे तैयार हों, उन्हें वापस भेज दिया जाए।

### अमेरिका में आतंकी ...

भारत ने कनाडा के आरोपों को खारिज कर दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक, साजिश का निशाना अमेरिकी और कनाडाई नागरिक गुरपतवंत सिंह पन्नू था, जो सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के नेता हैं, जो अमेरिका स्थित एक समूह है, जो सिखों के लिए अलग मातृभूमि की मांग करने वाले आंदोलन का हिस्सा है जिसे *खालिस्तान* कहा जाता है। मामले से परिचित लोगों के अनुसार, उन्होंने यह नहीं बताया कि क्या नई दिल्ली में विरोध के कारण साजिशकर्ताओं ने अपनी योजना छोड़ दी, या क्या एफबीआई ने हस्तक्षेप किया और पहले से ही चल रही एक योजना को विफल कर दिया। जून में वैंकूवर में मारे गए कनाडाई सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद अमेरिका के कुछ सहयोगियों को साजिश के बारे में सूचित किया गया था। सितंबर में, कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा था कि निज्जर की हत्या से नई दिल्ली को जोड़ने वाले *विश्वसनीय आरोप* थे। घटनाक्रम से अवगत एक व्यक्ति ने कहा कि जून में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के वाशिंगटन दौरे के बाद अमेरिकी विरोध जारी किया गया था। राजनयिक चेतावनी के अलावा, अमेरिकी संघीय अभियोजकों द्वारा न्यूयॉर्क जिला अदालत में साजिश के कम से कम एक कथित अपराधी के खिलाफ एक सीलबंद अभियोग दायर किया गया था, मामले से परिचित लोगों ने उल्लेख किया है।

### राष्ट्रपति ने नई शिक्षा...

वंचित वर्ग के लोगों की देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से बच्चों के मन में इन मूल्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि नैतिक शिक्षा हमारे जीवन निर्माण में मदद करती है और समाज में सकारात्मक बदलाव लाती है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि नैतिक शिक्षा हमें करुणा, दया, मित्रता और भाईचारे के जीवन मूल्यों से अवगत कराती है। इन गुणों वाले व्यक्ति में सकारात्मक परिवर्तन हो सकते हैं। किसी व्यक्ति में सकारात्मक परिवर्तन से बेहतर समाज बन सकता है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चरित्र-निर्माण, आत्म-साक्षात्कार और दिव्य अनुभव के माध्यम से सुख, शांति और आनंद का मार्ग सुलभ बना रहा है।

### पेड़ों की कटाई को ...

संज्ञान लिया था। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ के अनुसार, कार्यवाही के दौरान एनएचएआई के वकील ने कहा था कि एनएचआईडीसीएल ने परियोजना शुरू की थी और इसके वकील ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा था। पीठ ने यह रेखांकित करते हुए कि इस मामले में पर्यावरण मानदंडों के अनुपालन से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दा जुड़ा हुआ है, इसने कहा कि वह इस मामले में एनएचआईडीसीएल के अध्यक्ष और असम के मुख्य सचिव को पक्षकार बना रही है। अधिकरण ने मंगलवार को जारी आदेश में कहा कि यह मामला कोलकाता की पूर्वी क्षेत्र पीठ से संबंधित है तो इस मामले को आगे की उचित कार्यवाही के पीठ को भेजा जा रहा है। वहीं, मामले को आगे की कार्यवाही के लिए 10 जनवरी को सूचीबद्ध किया गया है।

### पाकिस्तान में 800 ...

कीमत पर बेची जा रही हैं। डीआरएपी के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार कराची के डीएचए, गुलशन-ए-इकबाल, गुलिस्तान-ए-जौहर और अन्य क्षेत्रों के विभिन्न मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी के दौरान पता चला कि ब्लड क्लॉटिंग की दवा हेपरिन इंजेक्शन, जिसकी एमआरपी 800 रुपए है 3500 रुपए में बेचा जा रहा था। यह भारत के मुकाबले 11 गुना ज्यादा है। भारत में इस इंजेक्शन की एमआरपी 321 रुपए है। एमआरपी के मामले में भी पाकिस्तान में इस दवा की कीमत अढ़ाई गुना ज्यादा है। पाक स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि इसी तरह, एक दर्द निवारक दवा ट्रामल इंजेक्शन, एंटीबायोटिक ऑगमेंटिन डीएस सस्पेंशन और हाइड्रिलिन कफ सिरप एमआरपी से अधिक दरों पर बेचे जा रहे थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि लाहौर में मिर्गी के लिए अनुशंसित टेग्रल टैबलेट के एक पैकेट की एमआरपी 260 रुपए है लेकिन इसे 1300-1400 रुपए में बेचा जा रहा था। रिवोट्रिल जो शिशुओं, बच्चों और वयस्कों में दौरे के इलाज के लिए उपयोग किया जाता है, की एमआरपी 800 रुपए है, लेकिन इसे 1,000 रुपए में बेचा जा रहा था। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. जान ने कहा कि सरकार द्वारा अनुमोदित दरों से अधिक पर दवाएं बेचने वाले मेडिकल स्टोर मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### तिनसुकिया में सेना...

का पता लगाने के लिए जगह-जगह छापामारी की जा रही है। अब तक किसी भी व्यक्ति या संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है और न ही खबर की आधिकारिक रूप से पुष्टि ही की गई है।

# सरकार ने कर नहीं, *फीस* लगाया : जयंतमल्ल

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण आदि मामलों के मंत्री जयंतमल्ल बरुवा ने स्पष्ट किया कि सरकार ने कार्यक्रमों के आयोजन पर कोई कर नहीं लगाया है, बल्कि एक मामूली फीस लगाई गई है। उन्होंने कहा कि असम पुलिस की सेवा सेतु पोर्टल के जरिए लोग घर बैठे कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए एनओसी प्राप्त कर सकेंगे। इन सेवाओं के बदले मामूली फीस लगाई गई है। उन्होंने आज संवाददाता सम्मेलन बुलाकर कहा कि कर लगाने की बात वे लोग कह रहे हैं, जिन्हें कर और फीस में अंतर का पता नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा अपना राजनीतिक तवा गरम करने के लिए इस प्रकार की बातें कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि निहित राजनीतिक स्वार्थ बस राज्य की जनता को भ्रमित करने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा सरकार में आने पर जनता को राशि लौटाने



की बात कहे जाने का मजाक उड़ाते हुए मंत्री ने कहा कि भूपेन बोरा के राजनीतिक जीवन काल में कांग्रेस की सरकार असम में नहीं आने वाली है। अगले 30 वर्षों तक असम में कांग्रेस की सरकार बनने के कोई असर नहीं दिख रहे हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार ने बिहू आयोजन समितियों को डेढ़ लाख रुपए, रास महोत्सव आयोजन समितियों को 25 हजार रुपए प्रति वर्ष देने जा रही है। ऐसे में बिहू के आयोजन पर कर लगाने का आरोप लगाना अत्यंत निंदनीय है। इसी मुद्दे पर मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने आज एक्स पर लिखा कि बिहू समितियों से बिहू आयोजन के लिए तीन सौ रुपए वसूलने का सरकार पर आरोप लगाया जाना हास्यास्पद है, क्योंकि सरकार बिहू समितियों को अनुदान देने पर 50 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। कुल मिलाकर इस मुद्दे पर एक प्रकार से राजनीति शुरू हो गई है। एआईयूडीएफ प्रमुख मौलाना बदरुद्दीन अजमल ने सामाजिक माध्यम के जरिए आरोप लगाया कि आज सरकार सभा-समितियां आयोजित करने पर कर लगा रही है, कल जाकर हवा और पानी पर भी कर लगा देगी। कुल मिलाकर विपक्षी दलों द्वारा सरकार को घेरने की कोशिशें नाकाम होती दिख रही है।

## एपीएससी घोटाले में 32 राजपत्रित अधिकारी गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** एसआईटी ने राज्य के 32 राजपत्रित पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम एपीएससी घोटाले में सामने आए थे। आरोपी अधिकारियों को पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से गलत तरीके से नौकरी लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि इन सभी के नाम बिप्लब शर्मा आयोग के प्रतिवेदन में उल्लिखित किए गए थे। प्रारंभ में, जब 2017-19 में एपीएससी घोटाला सामने आया, तो हर कोई, चाहे वह नौकरी चाहने वाले हों या आम जनता-सरकार के प्रति विश्वास खो दिया था। लेकिन एपीएससी घोटाले में शामिल लोगों के प्रति सरकार द्वारा हाल ही में उठाए गए कदमों ने लगभग सभी की उम्मीदें जगा दी हैं।

# एनसीसी की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार रैली का रंगिया में भव्य स्वागत



**रंगिया ( विभास )।** राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की 75वीं वर्षगांठ के जश्न के हिस्से के रूप में, उत्तर पूर्व क्षेत्र में एनसीसी निदेशालय द्वारा 6 नवंबर से 26 नवंबर तक एक विशेष आउटरीच कार्यक्रम-कार रैली का आयोजन किया गया है, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों को कवर किया गया। बताया गया है कि यह रैली अबतक छह राज्यों के 277 विद्यालयों, 151 महाविद्यालयों तथा 44 जिलों से होकर गुजर चुकी है। रैली का प्राथमिक उद्देश्य युवाओं में सौहार्द, नेतृत्व, खेल कौशल, साहस और देशभक्ति की भावना पैदा करना है और उन्हें इन मूल्यों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। एनसीसी के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल गगन दीप के नेतृत्व में यह कार रैली मंगलवार को रंगिया पहुंची इस मौके पर एनसीसी की ओर से रंगिया महाविद्यालय के इंडोर स्टेडियम प्रांगण में एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मेजर जनरल गगन दीप ने कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र के एनसीसी कैडेटों के साथ बातचीत की। इंटरैक्टिव सत्र के दौरान, मेजर जनरल गगन दीप ने युवा कैडेटों को राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर जोर देते हुए सशस्त्र बलों और अन्य अर्धसैनिक सेवाओं में करियर पर विचार करने के लिए प्रेरित किया। रैली मेजर जनरल गगन द्विप के नेतृत्व में रंगिया से ग्वालपाड़ा, कोकराझाड़ होते हुए निचले असम के अन्य हिस्सों का भ्रमन करते हुए 26 नवंबर को गुवाहाटी पहुंचेगी, जहां इसका समापन किया जाएगा। रंगिया से इस रैली को अर्जुन पुरस्कार विजेता नयन मोनी शैकिया ने आज झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट कर्नल सी पी शर्मा सहित बहुत से अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकार बनने पर टैक्स के पैसे जनता को लौटा देगी कांग्रेस : भूपेन बोरा

**गुवाहाटी ( हिंस )।** सरकार द्वारा राजनीतिक तथा गैर राजनीतिक, सामाजिक धार्मिक, सांस्कृतिक समेत अनेक प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन पर टैक्स लगाए जाने का जोरदार शब्दों में विरोध करते हुए असम प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने जनता को आश्वासन दिया है कि 2026 में उनकी सरकार बनने के बाद जनता द्वारा टैक्स के रूप में लिए गए रुपए लौटा दी जाएगी। लोग अपना रसीद संभाल कर रखें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा इस प्रकार का टैक्स लगाया जाना किसी भी तरह से स्वीकार करने योग्य नहीं है। उन्होंने आज यहां पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार से जनता को टैक्स लगाकर परेशान करना भाजपा के लिए चुनाव में परेशानी का सबब बनेगा। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री चार्टर प्लेन से घूमते रहते हैं। मुख्यमंत्री दूसरे राज्यों के चुनाव में अधिक रुपए देते हैं। भाजपा कार्यालय के नाम अट्टालिका का निर्माण किया गया। इन सबके लिए रुपए कम पड़ जाते हैं, इसलिए जनता पर एक के बाद एक कर का बोझ लाद दिया जाता है। भाजपा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव में असम की 14 सीटों में से 12 सीटें जीतने को लेकर किए जा रहे दावे संबंधी प्रश्न के उत्तर में कांग्रेस अध्यक्ष ने उल्टा सवाल पूछा कि जनता पर टैक्स का बोझ सरकार लाद रही है, क्या इससे खुश होकर जनता भाजपा को अधिक वोट देगी ? या फिर आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान छूती जा रही है, इससे खुश होकर जनता भाजपा को ज्यादा वोट देगी ? या फिर राज्य में हर तरफ भ्रष्टाचार, लूट खसोट चल रहा है, इससे खुश होकर जनता भाजपा को ज्यादा वोट देगी ? विपक्ष के गठबंधन द्वारा लोकसभा चुनाव में सीटों की की जा रही मांग से संबंधित प्रश्न पर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को टिकट मांगने का अधिकार है। लेकिन, सिर्फ मांगने से ही नहीं होता है। सभी दल आपस में बैठकर इस पर गहन विचार-विमर्श करके निर्णय लेंगे। पत्रकार सम्मेलन के दौरान उन्होंने राज्य की भाजपा सरकार तथा मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा पर कई आरोप लगाए।

# इंफाल : पूर्वी जिले से भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद



**इंफाल ( हिंस )।** इंफाल पूर्वी जिले के संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। मणिपुर पुलिस ने आज बताया कि सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्वी जिले के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया। अभियानों के दौरान 2 हथियार (.303 देशी राइफल - 01, मैगजीन -01 के साथ देशी निर्मित 9 मिमी पिस्तौल), 14 गोला-बारूद (7.62 मिमी जीवित गोला-बारूद - 02, 9 मिमी जीवित गोला-बारूद -03, 12 गेज गोला-बारूद -09), .303 गोला-बारूद, 06 विस्फोटक (संख्या 36 देशी हैंड ग्रेनेड - 03, 80 नंबर हैंड ग्रेनेड - 03), 11 मिनी फ्लेयर्स 16 मिमी (रेड), एक 51 मिमी पैरा रोशन बम और एक ट्यूब लांच 1 ए बरामद किया गया। थाउबल, काकचिंग और कांगपोकपी जिलों में यह तलाशी अभियान चलाया गया।

## आठ सोने की छड़ों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**धुबड़ी ( हिंस )।** जिले में आठ सोने की छड़ के साथ दो स्वर्ण तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आज बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए जिले के गोलकगंज के थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम ने 50 लाख रुपए से अधिक मूल्य की आठ सोने की छड़ें जब्त कीं। पुलिस द्वारा 50 लाख रुपए के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस इस बात की छानबीन में लगी हुई है कि ये सोने की छड़े कहां से लाई गई थी और इसे कहां ले जाया जा रहा था। गिरफ्तार दोनों तस्करों से सघन पूछताछ जारी है।

# फकीराग्राम में 26को यूपीपीएल का मेगा ज्वाइनिंग कार्यक्रम : विधायक लोरेंस इस्लारी

**कोकराझाड़ ( विभास )।** जिले के फकीराग्राम में आज ब्लॉक यूपीपीएल की सभा आयोजित की गई। इस सभा में फकीराग्राम ब्लॉक यूपीपीएल के 14 प्राइमरी समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं कार्यकर्ता तथा वीसीडीसी चेयरमैन एवं सदस्य उपस्थित थे। इसके अलावा सभा में सैकड़ों की संख्या में यूपीपीएल के कार्यकर्ता मौजूद थे। इस सभा में जिले के विधायक एवं कोकराझाड़ जिला यूपीपीएल के अध्यक्ष लोरेंस इस्लारी उपस्थित थे। वहीं सभा में जानकारी दी गई कि आगामी 26 नवंबर को फकीराग्राम में आयोजित होने वाला ज्वाइनिंग कार्यक्रम को लेकर चर्चा किया गया। इस दौरान विधायक लोरेंस इस्लारी ने कहा कि आगामी 26 नवंबर को फकीराग्राम में ज्वाइनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या



में विभिन्न दलों से आए कार्यकर्ताओं को यूपीपीएल में शामिल किए जाएंगे। इस ज्वाइनिंग कार्यक्रम में बीटीआर के चीफ प्रमोद बोड़ो, राज्य के मंत्री उर्खा गौरा ब्रह्म एवं राज्य सभा के सांसद के साथ साथ कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित होंगे।

## 62.50 ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी की पलटन बाजार पुलिस ने हेरोइन की तस्करी मामले में शामिल एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी गुवाहाटी के पुलिस कमिश्नर दिगंत बोरा ने बुधवार को दी। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पलटन बाजार पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान नूरुद्दीन (18, ग्वालपाड़ा) को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी उलुबाड़ी इलाके में रहता था। गिरफ्तार आरोपी के पास 62.50 ग्राम हेरोइन जब्त किया गया। वहीं, पुलिस ने आरोपी के पास से एक स्कूटी (एएस-01एफएल-6966) को भी जब्त किया। नूरुद्दीन को पुलिस ने केसी पटवारी रोड स्थित प्राग न्यूज के बिल्डिंग के पास से गिरफ्तार किया।

# रंगिया : सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवा उत्सव का आयोजन



**रंगिया ( विभास )।** रंगिया महकमा सिविल अस्पताल में सोमवार को स्वास्थ्य सेवा उत्सव के दूसरा संस्करण का आयोजन किया गया। मालूम हो कि स्वास्थ्य सेवा उत्सव का दूसरा संस्करण राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी चिकित्सा इकाइयों की गुणवत्ता मानकों को स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर रंगिया महकमा चिकित्सालय के कार्यक्रम में सोमवार को असम सिविल सर्विसेज की अधिकारी कुलश्री नाथ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित हुए जिन्होंने चिकित्सालय का निरीक्षण कर इसके कामकाज का ब्योरा पस्तुत किया। अस्पताल के उप-अधीक्षक दिलीप वैश्य के सहयोग से अधिकारियों ने चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय विधायक व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष तथा चिकित्सालय मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष भवेश कलिता और राज्यसभा के सांसद भुवनेश्वर कलिता भी उपस्थित हुए उन्होंने इस मौके पर अस्पताल के चिकित्सा क्षेत्र के विकास के संबंध में विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अस्पताल के सभी चिकित्सकों, नर्सो और कर्मचारियों ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## असम राइफल्स ने मणिपुर में 30 हेक्टेयर अफीम की खेती नष्ट की



**इंफाल ( हिंस )।** सेना और मणिपुर पुलिस के साथ मिलकर असम राइफल्स ने मणिपुर के उखरुल और कामजोंग जिलों में 30 हेक्टेयर में फैली अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया। असम राइफल्स द्वारा आज बताया गया है कि संयुक्त टीम बनाकर अलग-अलग पहाड़ों पर अफीम की खेती को नष्ट करने का अभियान चलाया गया। अफीम की फसलों को काटकर उसे जला दिया गया। उल्लेखनीय है कि मणिपुर के पहाड़ी क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर अफीम की खेती होती है। सुरक्षा बलों द्वारा अफीम की खेती को लगातार नष्ट किए जाने को लेकर नशे के कारोबार से जुड़े तस्कर गिरोह राज्य में अलग-अलग बहाने बनाकर अशांति फैलाने में लगे रहते हैं।

# मारवाड़ी महिला एकता मंच का दीपदान कार्यक्रम संपन्न



**गुवाहाटी ( विभास )।** मारवाड़ी महिला एकता मंच के सौजन्य से आज मंगलवार की शाम साइकिल फैक्ट्री के लक्ष्मी नारायण मंदिर में बहुत धूमधाम और हर्ष के साथ 365 दीपदान, परदा, प्रसाद का भोग लगाया गया। इस कार्यक्रम की संयोजिका सुमित्रा काबरा ने बताया कि कार्तिक महीने की महत्वता को देखते हुए एवं दीपावली तथा देव दीपावली जैसे पवित्र त्योहार को ध्यान में रखते हुए लक्ष्मी नारायण मंदिर में 365 दिए जलाकर दीपदान किया गया है। इस अवसर पर तुलसी पूजा भजन कीर्तन किया और मिष्ठान पदार्थ एवं फलों का भोग भी लगाया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष वंदना सोमानी, संरक्षण सरला कावरा, कार्यकारी अध्यक्ष शारदा केडिया, रंजना सारडा, चंदा सिकरिया, किरण मालू, नीलम अग्रवाल, सरिता भीमसरिया, सुशीला अग्रवाल, सुमित्रा सोडाणी के अलावा एकता मंच की सभी सदस्योंओ ने अपना सहयोग दिया है। यह जानकारी प्रचार मंत्री संतोष धानुक ने दी।

## नगांव : श्री श्याम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया

**नगांव ( निसं )।** खुटिकटीया स्थित श्री श्याम धाम मंदिर परिसर में वृहस्पतिवार को श्री श्याम जन्मोत्सव समारोह के उपलक्ष्य में विशेष पूजा अर्चना के अतिरिक्त कई कार्यक्रम आयोजित किए गए है। श्री श्याम धाम मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया है। श्री श्याम बाबा का फुलो से मनमोहक श्रृंगार किया गया है। जो आगंतुक को आकर्षित करेगा। छप्पन भोग के अलावा भंडारा का आयोजन भी किया गया। शाम को ज्योत प्रज्वलित की जायेगी और तत्पश्चात भजनो के विशेष कार्यक्रम में समस्तीपुर से आमंत्रित गायिका रश्मि शर्मा भजनो की मनभावन प्रस्तुती देगी। इस भजन कार्यक्रम में नगांव शहर के अलवा अन्य शहरों से भी श्याम प्रेमियों का अगमन होगा। श्री श्याम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित उक्त महोत्सव की सभी तैयारिया कर ली गई है। इधर श्री श्याम बाबा के जन्मोत्सव के उपलक्ष में श्री श्याम परिवार, नगांव के भक्तों ने निशान यात्रा की सभी तैयारिया पूर्ण कर ली गई है। श्री श्याम परिवार के विनोद भजनका ने बताया कि निशान यात्रा वृहस्पतिवार पुरानी गोदाम स्थित दुर्गा मंदिर से प्रात: आरंभ होकर श्री श्याम धाम मंदिर में संध्याकालिन आरती से पहले पहुंचेगी। इससे पहले पुरानी गोदाम से निशान यात्रा आरंभ होकर पैदल चलते हुए और कुछ निर्धारित पडाव पर विश्राम करते हुए नगांव आयेगी। नगांव शहर के प्रवेश द्वार के एक पडाव पर स्थानीय कलाकारो द्वारा भजनो की गंगा बहाई जायेगी। इस निशान यत्रा में मुरादाबाद से आमंत्रित इंडिया गोट टैलेंट के विजेता राहुल कुमार एंड ग्रुप द्वारा नृत्य के साथ सजीव झांकियो का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण होगा। रंग विरंगी आसमान छूती आतिशबाज़ी के अलावा ढोल नगाड़ों के साथ निशान यात्रा श्री श्याम धाम मंदिर पहुंचेगी। एक विशेष सज्जित रथ में श्री श्याम बाबा का शीश यात्रा के आगे आगे चलेगा। श्री श्याम परिवार के राहुल भजनका, अशोक वर्मा, प्रवीण मोर, नीतू पोद्दार, पल्लवी भजनका, वंदना माहेश्वरी, सुनीता भजनका, आशा बजाज सहित तमाम सदस्य निशान यात्रा की तैयरी में जुटे हुए है।

# शिक्षा में भाषा कभी बाधा नहीं बन सकती : विस अध्यक्ष

## शिशु निकेतन उच्चतर माध्यमिक स्कूल के *हारमोनी-2023* का शानदार समापन

**गुवाहाटी ( विभास )।** शिक्षा में भाषा माध्यम कभी बाधा नहीं बन सकती, जरूरत है तो सिर्फ बच्चों को अपनी क्षमता पहचानने की। जिस तरह रामायण में हनुमान जी को उनके बाहूबल का अहसास जामवंत ने करवाया था। उक्त बातें असम विधानसभा के अध्यक्ष विश्वजीत दैमारी ने बुधवार को माछखोवा स्थित प्रागज्योति आईटीए सेंटर में कही। नारायण नगर स्थित शिशु निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय वार्षिक समारोह *हारमोनी 2023* के समापन के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि श्री दैमारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री दैमारी ने अपने संबोधन में शिशु निकेतन स्कूल के शैक्षणिक माहौल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि वह स्वयं किसी दिन फुरसत निकालकर स्कूल का भ्रमण करने जाएंगे। विस अध्यक्ष यहीं तक नहीं रूके, उन्होंने आगे कहा कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र के सरकारी स्कूल के शिक्षकों और बच्चों को भी शिशु निकेतन स्कूल का भ्रमण कराएंगे ताकि दोनों ओर से शिक्षा एवं ज्ञानवद्धक जानकारियों का आदान-प्रदान हो सके। श्री दैमारी ने शिशु




निकेतन उच्चतर माध्यमिक स्कूल के बच्चों को पांच दिनों के लिए असम विधानसभा में इंटर्नशिप का न्योता भी दिया। उन्होंने इस दौरान सरकारी स्कूल के शिक्षकों को शिशु निकेतन में आकर वहां के शैक्षणिक माहौल और शिक्षकों से बातचीत करने की सलाह दी, जिससे सरकारी स्कूलों के परीक्षाफल बेहतर आ सकें। इससे पूर्व स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाला ने अपने संबोधन में कहा कि आज की शिक्षा प्रणाली कहीं न कहीं बच्चों को मशीन बनाने का कार्य कर रही है, जिसके चलते बच्चे मानव मूल्यों को भूलते जा रहे हैं। उन्होंने बच्चों को मूल मंत्र देते हुए कहा कि विद्यार्थी अपने करियर के साथ साथ मानव मूल्यों को भी अहमियत दें। श्री अग्रवाल ने स्कूल में शिक्षा के साथ साथ संस्कार व सामाजिक दायित्व भी बच्चों में ग ?ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिशु निकेतन के शिक्षक इस दिशा में तेजी से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आशा जताई कि अगर बच्चों में यह परिवर्तन लाया जा सकता है तो इससे बेहतर और कुछ नहीं हो सकता। इस मौके पर स्कूल की प्राचार्य श्रीमती रीना भौमिक, सचिव प्रोफेसर प्रदीप कुमार जैन ने भी अपने प्रेरणादायक वक्तव्य से बच्चों का मार्गदर्शन किया। वार्षिक समारोह के मौके पर स्कूल की प्राचार्य श्रीमती रीना भौमिक को उनके अवदानों के लिए प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया। इस दौरान स्कूल की वार्षिक पत्रिका *शिशु ज्योति* का विमोचन भी मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। समारोह में पिछले वर्ष विद्यालय की कक्षा में अव्वल आए विद्यार्थियों, स्कूल के दो कर्मठ महिला कर्मचारी को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्योक्रमों की बेजोड़ प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी का मन मोह लिया। विशेष रूप से पर्यावरण रक्षा के उपर बच्चों की प्रस्तुति शानदार रही। समारोह के दूसरे दिन प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष किशन लोहिया, संयुक्त सचिव नवलकिशोर मोर के अलावा कई अन्य पदाधिकारी, अभिभावक, शिक्षक व बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

# शुभेंदु अधिकारी ने ममता सरकार को घेरा




**हुगली, (हि.स.)।** हुगली जिले के रिसड़ा वेलिंगटन जूट मिल मैदान में नवयुवक दल द्वारा आयोजित जगद्धात्री पूजा पंडाल का उद्घाटन करने पहुंचे राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार रात विभिन्न मुद्दों पर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार को घेरा। मिडिया से बातचीत करने के दौरान नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। पुलिस अपना काम करने में पूरी तरह नाकाम है। सौरभ गांगुली पर सवाल पूछे जाने पर शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि वे एक खिलाड़ी के रूप में सौरभ गांगुली का सम्मान करते हैं। लेकिन सौरभ गांगुली कोई उद्योगपति नहीं हैं। हालंकि उन्होंने कुछ फ्लैट जरूर बनाया हैं। इसमें आरोप भी है कि कई लोगों को रुपया देने के बावजूद फ्लैट नहीं मिला है। मुकेश अंबानी के बारे में सवाल पूछने पर शुभेंदु ने कहा कि आज से छह वर्ष पहले न्यू टाउन सिलिकॉन वैली में मुख्यमंत्री ने मुकेश अंबानी को छह एकड़ जमीन दिया था, उस जमीन पर मुकेश अंबानी एक ईंट भी नहीं गाड़ पाए। इसलिए वो राज्य में क्या करेंगे इसको लेकर उन्हें संदेह है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वर्ष 2021 के चुनाव में ममता बनर्जी को अंबानी समूह ने 70 करोड़ रुपया दिया था। शुभेंदु ने आरोप लगाया कि संजीव गोयनका और मुकेश अंबानी इस सरकार का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि ममता बनर्जी के तीसरी पर मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद गोंदलपाड़ा जूट मिल, भद्रेश्वर जूट मिल, नैहट्टी जूट मिल, केशोराम रेयान, डानकुनी में बिस्कुट बनाने का कारखाना सहित कई उद्योग बंद हो चुके हैं। सिंगूर को लेकर भी शुभेंदु ममता बनर्जी पर जमके बरसे और कहा कि एक व्यक्ति के जिद्द को पूरा करने के लिए राज्य के लोगों का 1700 करोड़ रुपया मुआवजे के तौर पर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योगपति अपने उद्योग नहीं चला पा रहे हैं। शुभेंदु ने सवाल पूछा कि क्यों राज्य में ऐसी परिस्थिति तैयार हुई है। हिन्दुस्तान मोटर्स लिमिटेड कारखाने से स्क्रैप निकाले जाने के सवाल पर शुभेंदु ने कहा कि उसे उमेश चौधरी ने लिया है जो एक धोखेबाज है। उन्होंने आशंका जताई कि कुछ ही दिनों में हिन्दुस्तान मोटर्स लिलिटेड की जमीन पर ऊंचे-ऊंचे फ्लैट बन जाएंगे जिसमे अमीर लोगों का बसेरा होगा। रामनवमी पर रिसड़ा में हुए हिंसा के संदर्भ में शुभेंदु ने कहा कि दिसंबर महीने के पहले सप्ताह के बाद यह पता चल जाएगा कि रिसड़ा, शिवपुर और डालखोला के दंगों में कौन लोग शामिल थे। शुभेंदु ने साफ कहा कि ममता बनर्जी के उकसावे के बाद ये दंगे हुए थे। बहरहाल, उद्घाटन समारोह में शुभेंदु अधिकारी के साथ हावड़ा के भाजपा पार्षद उमेश राय, कोलकाता के भाजपा पार्षद विजय ओझा, रिस्ड़ा की भाजपा पार्षद शशि सिंह झा, प्रदेश भाजपा नेता भास्कर भट्टाचार्य, हुगली सांगठनिक जिला भाजपा अध्यक्ष मोहन अदक, जिला भाजपा नेता पंकज राय, वेलिंगटन जूट मिल के वाइस प्रेसिडेंट एस. के. अदक, श्यामा बाबा मंदिर के पुजारी प्रदीप शर्मा, नवयुवक दल के महासचिव विजय पाण्डेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## यंग इंडिया पर ईडी की कार्रवाई पर भाजपा हमलावर, कहा- गांधी परिवार अपने पापों की कीमत चुकानी होगी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ईडी द्वारा यंग इंडिया की 751 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई पर कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कई सवाल दागे। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गांधी परिवार को भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग सहित अपने पापों की कीमत चुकानी होगी। नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई पर इसे चुनावी हार से जोड़ते हुए कांग्रेस के बयान पर रविशंकर प्रसाद ने कई सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व खासकर सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से बिल्कुल सीधा सवाल है कि बेईमानी कैसे होती है, सार्वजनिक संपत्ति की लूट होती है और अगर कार्रवाई की जाती है तो यह लोकतंत्र की उपेक्षा कैसे होती है? रविशंकर प्रसाद ने कहा कि गांधी परिवार ने न केवल स्वतंत्रता आंदोलन में कांग्रेस की विरासत बल्कि उसकी संपत्तियों को भी हथिया लिया। गांधी परिवार को भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग सहित अपने पापों की कीमत चुकानी होगी।

## भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए ई-वीजा सेवाएं बहाल कीं



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत ने बुधवार से कनाडाई नागरिकों के लिए ई-वीजा सेवाएं फिर से शुरू कर दी हैं। सरकारी सूत्रों ने पुष्टि की है। कनाडा के अपनी धरती पर खालिस्तानी आतंकवादियों को पनाह देने और उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के कारण भारत ने वीजा सेवाएं निलंबित कर दी थीं। इससे पहले भारत ने पिछले महीने कनाडा में भारतीय दूतावास और महावाणिज्य दूतावास से कुछ श्रेणियों में वीजा सेवायें बहाल की थीं। उस समय कनाडा में भारतीय उच्चायोग की ओर से जारी बयान में कहा गया था कि हाल में कनाडा की ओर से किए गए उपायों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के बाद 26 अक्टूबर से प्रवेश, बिजनेस, मेडिकल और सम्मेलन के लिए वीजा सेवाओं को फिर से शुरू करने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि कनाडा के नागरिकों के लिए भारत ने प्रवेश संबंधी वीजा सेवाओं पर 21 सितंबर को अस्थाई रोक लगाने का कदम उठाया था। भारत ने कनाडा से दो टूक शब्दों में कहा था कि वह आतंकवादियों को सुरक्षित पनाह न दे तथा कनाडा में भारतीय राजनयिक मिशनों और राजनयिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। इसका कारण स्पष्ट करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा था कि कनाडा में भारतीय उच्चायोग और वाणिज्य दूतावासों को सुरक्षा संबंधी चिंता का सामना करना पड़ रहा है। इससे उनका सामान्य कामकाज प्रभावित हुआ है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने भारत की विदेश खुफिया एजेंसी रॉ पर कनाडा में रह रहे खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप मढ़ने की कोशिश की थी। भारत ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए इसे बेतुका और प्रेरित बताया था। भारत का कहना है कि घरेलू राजनीति के कारण कनाडा की सरकार खालिस्तानियों को समर्थन दे रही है, जो खुलेआम भारतीय राजनयिकों और मिशनों पर हमले की धमकियां दे रहे हैं।

## लखनऊ से आगे जाएगी वंदे भारत, मिनी बुलेट ट्रेन का बढ़ाया गया रूट



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** यूपी की दूसरी वंदे भारत ट्रेन के रूट को रेलवे ने लखनऊ से आगे बढ़ा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत के रूट को बढ़ाकर प्रयागराज तक कर दिया गया है। फिलहाल यह ट्रेन गोरखपुर से लखनऊ जंक्शन (अप-डाउन) तक चलती है। यह देश की 25वीं वंदे भारत ट्रेन है। इसे नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे जोन द्वारा परिचालित व मेंटेन किया जाता है। इस ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 जुलाई 2023 को हरी झंडी दिखाई थी। अब यह ट्रेन प्रयागराज-गोरखपुर-प्रयागराज तक चलेगी। एक तरफ से यह ट्रेन 355 किलोमीटर का सफर तय करेगी। इसे सफर पूरा करने में 7 घंटे 25 मिनट का समय लगेगा। बताया जा रहा है कि यह इस रूट पर सबसे तेज चलने वाली ट्रेन होगी। वंदे भारत से पहले इस रूट पर सबसे तेज गति की ट्रेन चौरीचौरा एक्सप्रेस थी। गोरखपुर-प्रयागराज-गोरखपुर वंदे भारत (22549/ 22550) का परिचालन सप्ताह में 6 दिन किया जाएगा। केवल शनिवार को यह ट्रेन नहीं चलाई जाएगी। इस ट्रेन में 8 कोच होंगे। बाकी वंदे भारत की तरह इसमें एसी चेयरकार और एग्जीक्यूटिव कार होगी। मिली जानकारी के अनुसार इस ट्रेन की कुल क्षमता 530 यात्रियों की है। टाइमिंग की बात करें तो गोरखपुर से यह ट्रेन पहले की तरह सुबह 06:05 बजे चलेगी और सुबह 10:20 बजे लखनऊ पहुंच जाएगी। इसके बाद सुबह 10:35 पर यह लखनऊ से प्रयागराज के लिए रवाना होगी और दोपहर बाद 1:35 बजे प्रयागराज पहुंच जाएगी। वापसी में ट्रेन दोपहर बाद 3:15 बजे प्रयागराज से चलेगी और शाम 6:15 बजे तक लखनऊ पहुंच जाएगी। शाम 6:30 बजे लखनऊ से चलकर रात 10:40 तक गोरखपुर पहुंच जाएगी। यह इसके अभी के टाइम से 40 मिनट पहले होगा। पहले इस रूट पर वंदे भारत की इतनी मांग नहीं थी लेकिन अब इसमें तेजी आ रही है।

## राजस्थान में भाजपा के पास नहीं हैं मुद्दे : जयराम रमेश



**अलवर, (हि.स.)।** राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने इतने जनकल्याणकारी कार्य किए है कि आज भारतीय जनता पार्टी मुद्दाहीन है। भाजपा के पास सरकार को घेरने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। यह कहना है कांग्रेस महासचिव और वरिष्ठ नेता जयराम रमेश का। उन्होंने मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया को बताया कि भाजपा के पास तीन हथियार है। जिसमें पहला हथियार है सीबीआई और ईडी जिनका दुरुपयोग किया जा रहा है। दूसरा है ध्रुवीकरण, धर्म के नाम पर समाज को बांटकर वोट मांगते है। तीसरा है प्रधानमंत्री की झूठ बोलो योजना। प्रधानमंत्री पर उन्होंने आरोप लगाया कि वह इन दिनों राजस्थान में आ रहे है। चुनाव प्रचार के दौरान मुंह खोलते ही झूठ की गंगा निकलती है। उन्होंने कहा कि वह कन्हैया लाल की हत्या का मुद्दा बना रहे है जबकि राजस्थान पुलिस ने घटना के चार घंटे बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। महिला अत्याचार में राजस्थान नंबर वन का प्रचार करते है जबकि केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्य महिला अत्याचार में सबसे आगे है। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, रिपुदमन गुप्ता, अनिल जैन, अजीत यादव आदि मौजूद रहे। उन्होंने कहा की कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा ने कांग्रेस को नई ऊर्जा दी है। इस यात्रा के बाद ही हमने कर्नाटक जीता और अब राजस्थान को बारी है। राजस्थान में स्पष्ट बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनेगी।

## असुरक्षित कर्ज देने के नियमों को सख्त करना बैंकिंग व्यवस्था सुधारने के लिए अहम कदम : दास




**मुंबई/नई दिल्ली, (हि.स.)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि असुरक्षित कर्ज के मानदंडों को सख्त करना बैंक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने की दिशा में उठाया गया एहतियाती कदम है। आरबीआई गवर्नर आज फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के संयुक्त सालाना एफआईबीएसी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने मकान और वाहन खरीद के लिए कर्ज तथा छोटे कारोबारियों को मिलने वाले कर्ज जैसे कुछ वर्गों को नए नियमों से बाहर रखा है, क्योंकि उन्हें वृद्धि के मोर्चे पर फायदा मिल रहा है। शक्तिकांत दास ने कहा कि हमने हाल में व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सोच-विचारकर कुछ उपायों की घोषणा की है। ये उपाय एहतियाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें फिलहाल बैंकों में कोई नया दबाव उत्पन्न होता नहीं दिख रहा है, लेकिन वे चाहते हैं कि बैंक सतर्क रहकर दबाव परीक्षण जारी रखे। इसके अलावा मुद्रास्फीति में नरमी के संकेत मिलने के बावजूद शक्तिकांत दास ने कहा कि रिजर्व बैंक का पूरा ध्यान मूल्य वृद्धि पर है।

## सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिन्द' के लिए भारतीय जवान ऑस्ट्रेलिया रवाना



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत और ऑस्ट्रेलियाई सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिन्द' पर्थ में होगा। इसमें भाग लेने के लिए 81 कर्मियों वाला भारतीय सशस्त्र बल दल आज ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुआ। भारतीय सेना के दल में गोरखा राइफल्स की एक बटालियन के 60 जवान शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारत की ओर से भारतीय नौसेना का एक अधिकारी और भारतीय वायु सेना के 20 कर्मी भी भाग लेंगे। ऑस्ट्रेलियाई दल में रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना और रॉयल ऑस्ट्रेलियाई वायु सेना के 20-20 कर्मी शामिल होंगे। ऑस्ट्रेलियाई सेना की टुकड़ी 13वीं ब्रिगेड से 60 जवान अभ्यास में शामिल होंगे। अभ्यास का उद्देश्य सहयोगात्मक साझेदारी को बढ़ावा देना और दोनों सेनाओं के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना है। यह अभ्यास शांति स्थापना अभियानों पर संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय श्क्क के तहत शहरी और अर्ध-शहरी इलाकों में बहु-डोमेन संचालन करते समय अंतर-संचालनीयता को भी बढ़ावा देगा। दोनों देशों के बीच 'ऑस्ट्राहिन्द' अभ्यास 2022 में शुरू किया गया था। पहला संस्करण महाजन, राजस्थान में हुआ था। अभ्यास का दूसरा संस्करण 22 नवंबर से 06 दिसंबर तक पर्थ, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित किया जाएगा। इस अभ्यास को हर साल भारत और ऑस्ट्रेलिया में वैकल्पिक रूप से आयोजित करने के साथ ही इसे वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाने की योजना है। करीब 15 दिनों तक सामरिक संचालन के लिए रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं का संयुक्त रूप से अभ्यास किया जाएगा। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में उच्च स्तर की स्थितिजन्य जागरुकता प्राप्त करने के लिए स्नाइपर फायरिंग और संयुक्त रूप से निगरानी और संचार उपकरण संचालित करना भी शामिल है। कंपनी/बटालियन स्तर पर सामरिक कार्रवाइयों के अलावा हताहत प्रबंधन और निकासी का भी पूर्वाभ्यास किया जाएगा।

## राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए मनीष सिसोदिया, 22 दिसंबर को सुनवाई




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली आबकारी घोटाला के आरोपित दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया आज सीबीआई से जुड़े मामले में दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। स्पेशल जज एमके नागपाल ने मामले की अगली सुनवाई 22 दिसंबर को करने का आदेश दिया। आज सीबीआई ने कहा कि आरोपितों की तरफ से ट्रायल में देरी की जा रही है। कोर्ट ने 22 सितंबर को मामले के सभी आरोपितों को जरूरी दस्तावेज देने का निर्देश दिया था। 25 अगस्त को कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को नया बैंक खाता खोलने के लिए दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने की अनुमति दे दी थी। 22 अगस्त को कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को विधायक निधि से विकास कार्यों के लिए पैसा जारी की इजाजत दे दी थी। सीबीआई ने इस मामले में 25 अप्रैल को पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें मनीष सिसोदिया के अलावा बुची बाबू, अर्जुन पांडेय और अमनदीप ढल को आरोपित बनाया गया है। बुची बाबू तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसी राव की बेटी के. कविता के सीए रह चुके हैं। सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

## लश्कर के दो आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार, हथियार और बारूद बरामद

**श्रीनगर, (हि.स.)।** श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके बेमिना में राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी सहयोगियों को सुरक्षाबलों ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि श्रीनगर पुलिस को राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पर संदिग्ध आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में सूचना मिली। इस पर श्रीनगर पुलिस और सीआरपीएफ की क्यूआरटी की एक संयुक्त टीम ने मंगलवार को देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पर शाम लाल पेट्रोल पंप, एनआर कॉलोनी के पास एक नाका स्थापित किया। उन्होंने बताया कि नाका चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की सेंट्रो कार परिम्पोरा से टेंगपोरा की ओर जा रही थी। कार ने चौकी पर सुरक्षाबलों को देखते ही भागने की कोशिश की। प्रवक्ता ने बताया कि मौके पर मौजूद अधिकारियों की टीम ने सतर्कता दिखाते हुए उन्हें पकड़ लिया। इनकी पहचान त्रेहगाम कुपवाड़ा निवासी मुमताज अहमद लोन और जहांगीर अहमद लोन के रूप में हुई। इनके कब्जे से 02 पिस्तौल, 04 मैगजीन, 02 फिलर मैगजीन और 08 ग्रेनेड बरामद किया गया है।प्रवक्ता ने बताया कि दोनों के खिलाफ पुलिस थाना बटमालू में यूएलएपी अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू की गई है।

## गाइडेड मिसाइल विध्वंसक इंफाल से ब्रह्मोस फायरिंग का पहला परीक्षण

**- स्वदेशी हथियारों और प्लेटफार्मों की विश्वसनीयता परखने पर फोकस किया गया**
**- ब्रह्मोस मिसाइल ने 90 डिग्री का टर्न लेकर अपनी क्षमता का अपेक्षित प्रदर्शन किया**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक इंफाल ने बुधवार को समुद्र में अपनी पहली ब्रह्मोस फायरिंग में 'बुल्स आई' स्कोर किया। यह पहला मौका है जब नौसेना ने किसी जहाज के चालू होने से पहले उससे विस्तारित रेंज वाली ब्रह्मोस मिसाइल का परीक्षण किया है। परीक्षण के दौरान जहाज की लड़ाकू तत्परता के साथ भारत की बढ़ती जहाज निर्माण क्षमता, स्वदेशी हथियारों और प्लेटफार्मों की विश्वसनीयता परखने पर फोकस किया गया।

नौसेना प्रवक्ता के मुताबिक कमीशनिंग से पहले किसी युद्धपोत से विस्तारित रेंज वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का यह पहला परीक्षण है, जो युद्ध की तैयारी पर भारतीय नौसेना के अटूट फोकस, आत्मनिर्भर भारत की बढ़ती जहाज निर्माण क्षमता को रेखांकित करता है। ब्रह्मोस मिसाइल ने 90 डिग्री का टर्न लेकर अपनी क्षमता का अपेक्षित प्रदर्शन किया। यह जहाज इसी साल 20 अक्टूबर को भारतीय नौसेना को मुंबई के मझगांव शिपबिल्डर्स ने सौंपा था। प्रोजेक्ट-15 बी क्लास स्टील्थ गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर का चार जहाजों में से यह तीसरा युद्धपोत है।

इसे जल्द ही नौसैनिक बेड़े में शामिल करने से भारत की समुद्री ताकत बढ़ेगी। प्रोजेक्ट 15बी के तहत तैयार किया गया तीसरा जंगी जहाज इंफाल पहली बार इसी साल 28 अप्रैल को समुद्री परीक्षण के लिए पहली बार रवाना किया गया था। विशाखापत्तनम श्रेणी के स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक के तीसरे जहाज आईएनएस इंफाल का निर्माण मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) में किया गया है। जहाज के निर्माण की आधारशिला 19 मई, 2017 को रखी गई थी। यह भारतीय नौसेना का पहला जहाज है, जिसका नाम पूर्वोत्तर भारत के एक शहर के नाम पर रखा गया है। नौसेना के मुताबिक राडार से बचने में सक्षम युद्धपोत इंफाल को कई विशिष्ट तकनीकों तथा उच्च स्वदेशी सामग्री से लैस किया गया है। इसे नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने इन-हाउस डिजाइन किया है। इंफाल को अब तक का सबसे बड़ा और सबसे उन्नत विध्वंसक युद्धपोत होने का अनूठा गौरव प्राप्त होगा। युद्धपोत इंफाल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से उत्तर-पूर्वी क्षेत्र और मणिपुर राज्य के लिए महत्वपूर्ण होगा।

# पंच केदारों में प्रसिद्ध द्वितीय केदार श्री मद्महेश्वर के कपाट शीतकाल के लिए हुए बंद

**-पांच क्वुंटल फूलों से सजाया गया मंदिर, सात सौ से अधिक तीर्थयात्री और स्थानीय श्रद्धालुजन कपाट बंद होने के समय रहे मौजूद**



**गुप्तकाशी, (हि.स.)।** पंच केदारों में प्रसिद्ध द्वितीय केदार श्री मद्महेश्वर के कपाट शीतकाल के लिए आज बुधवार 22 नवंबर को कार्तिक मास शुक्ल पक्ष दशमी तिथि पूर्व भाद्रपदा नक्षत्र कुंभ राशि में प्रातः साढ़े आठ बजे विधि -विधान पूजा अर्चना के बाद बंद हो गये। कपाट बंद होने के समय सात सौ से अधिक तीर्थयात्री और स्थानीय श्रद्धालु मौजूद रहे। इस अवसर पर मंदिर को दानीदाता के सहयोग से पांच क्वुंटल फूलों से सजाया गया था। कपाट बंद होने की तैयारियों के बीच आज आज प्रातः चार बजे श्री मद्महेश्वर मंदिर खुला। भगवान मद्महेश्वर की जलाभिषेक पूजा हुई। साढ़े सात बजे तक श्रद्धालु दर्शन करते रहे, उसके पश्चात पुजारी बागेश लिंग ने कपाट बंद की प्रक्रिया शुरू की। भगवान शिव और भैरव नाथ की पूजा-अर्चना हुई। भगवान मद्महेश्वर के स्वयंभू शिवलिंग को समाधि रूप देकर स्थानीय फूलों-शुष्क पुष्पों और राख से उन्हें ढ़क दिया गया। इसके बाद मद्महेश्वर की चलविग्रह डोली के सभामंडप से बाहर आते ही साढे. आठ बजे श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट बंद कर दिये गये। भगवान मद्महेश्वर की चलविग्रह डोली ने भगवान मद्महेश्वर के मंदिर भंडार, पूजा और भोग के तांबे-पीतल धातु निर्मित पुरातन बर्तनों का निरीक्षण किया गया। कपाट बंद होने के बाद मंदिर की परिक्रमा करते हुए श्री मद्महेश्वर की चल विग्रह डोली प्रथम पड़ाव गौंडार के लिए प्रस्थान हुई। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने भगवान श्री मद्महेश्वर के कपाट बंद होने पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बताया कि श्री मद्महेश्वर यात्रा को सुगम बनाने के लिए मंदिर समिति प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि द्वितीय केदार श्री मद्महेश्वर के कपाट बंद होने के साथ ही इस यात्रा वर्ष 2023 का समापन हो गया है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा-मार्गदर्शन और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में चारधाम यात्रा में रिकार्ड श्रद्धालु पहुंचे हैं। श्री हेमकुंड साहिब सहित उत्तराखंड चारधाम में इस बार यात्रा वर्ष 2023 में 56 लाख तीर्थयात्री इन धामों में दर्शन करने पहुंचे हैं, जो पिछले वर्ष से 10 लाख अधिक है। श्री केदारनाथ धाम में 19 लाख 61 हजार, श्री बदरीनाथ धाम में 18 लाख चालीस हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन करने को पहुंचे। विषम भौगोलिक परिस्थिति के बावजूद तेरह हजार श्रद्धालु श्री मद्महेश्वर मंदिर और पहली बार एक लाख छत्तीस हजार श्रद्धालु तृतीय केदार श्री तुंगनाथ में दर्शन करने पहुंचे हैं। मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट बंद होने और चलविग्रह डोली के प्रस्थान तैयारियों के लिए निर्देश दिये गये हैं। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया श्री मद्महेश्वर की चल विग्रह डोली आज 22 नवंबर को गौंडार गांव पहुंचेगी। 23 नवंबर को राकेश्वरी मंदिर रांसी पहुंचेगी। 24 नवंबर को गिरिया और 25 नवंबर को चल विग्रह डोली पंच केदार गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ पहुंचेगी। इसके साथ श्री मद्महेश्वर की शीतकालीन पूजाएं शुरू हो जायेंगी। 25 नवंबर को उखीमठ में मुख्य रूप से श्री मद्महेश्वर मेला आयोजित होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, वेदपाठी यशोधर मैठाणी, डोली प्रभारी पारेश्वर त्रिवेदी, मृत्युंजय हीरेमठ, सूरज नेगी, दिनेश, बृजमोहन, संदीप नेगी, बृजमोहन कुर्मांचली, गौंडार गांव के हक हकूकधारी, पुलिस प्रशासन प्रतिनिधि सहित वन विभाग के कर्मचारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद रहे। कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने जानकारी दी कि इस यात्रा वर्ष 12777 बारह हजार सात सौ सतहत्तर श्रद्धालु भगवान मद्महेश्वर के दर्शन को पहुंचे हैं। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार नौटियाल ने बताया कि श्री मद्महेश्वर भगवान की चलविग्रह डोली के 25 नवंबर को श्रीओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ पहुंचने पर मंदिर समिति और स्थानीय श्रद्धालु स्वागत करेंगे।

# मूल्यों व शुचिता की राजनीति के उदाहरण थे पंडित राजमंगल : विवेकानंद पांडेय

**– पूर्व केंद्रीय मंत्री की 30वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने उमड़े लोग**



**कुशीनगर, (हि.स.)।** पूर्व केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री पंडित राजमंगल पांडेय की 30वीं पुण्य तिथि पर लोगों ने उन्हें स्मरण किया। प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और उनके कृतित्व व व्यक्तित्व को अनुकरणीय बताया। कसया के मंगल चौक पर स्थित स्व.मंत्री के पुत्र पूर्व सांसद राजेश उर्फ गुड्डू पांडेय की अगुवाई में लोग एकत्र हुए। माल्यार्पण व पुष्पांजलि के बाद खड्डा के विधायक विवेकानंद पांडेय ने कहा की स्व. पांडेय ने जीवन भर मूल्यों व शुचिता की राजनीति की और सिद्धांतों से कोई समझौता नहीं किया। पूर्व व वर्तमान समय की राजनीति में ऐसा व्यक्तित्व देखने को नहीं मिलता। विधायक सुरेंद्र कुशवाहा ने कहा की स्व. पांडेय और उनके परिवार का पूरा जीवन समाज के विकास व कल्याण को समर्पित रहा। उन्होंने पूर्वांचल के हजारों लोगों को रोजगार प्रदान किया। आज भी लोग इस बात को याद रखे हैं, यह बहुत बड़ी बात है। पूर्व सांसद राजेश पांडेय ने आए लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके पिता एक न्यायप्रिय व्यक्तित्व के साथ श्रेष्ठ प्रशासक थे। तत्कालीन देवरिया और कुशीनगर जिला के नागरिकों के सम्मान की रक्षा के साथ 30 हजार परिवारों के आजीविका की व्यवस्था की जिस कारण आज लाखों लोग प्रतिष्ठित जीवन जी रहे हैं। इस अवसर पर चिकित्सक डा. ज्ञान प्रकाश राय, एडवोकेट प्रभुनाथ मिश्र, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश सिंह, पूर्व कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष लल्लन मिश्र, पूर्व नपा अध्यक्ष कृष्ण कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता अग्निवेश मणि, सतीश मणि त्रिपाठी, विजय शुक्ला, भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश गुप्ता आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# योगी आदित्यनाथ बोले- वोट बैंक के नाम पर अराजकता फैला रही कांग्रेस सरकार



**जोधपुर, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यहां कहा कि वोट बैंक के नाम पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार अराजकता फैला रही है। राजस्थान में मौजूदा सरकार सुरक्षा नहीं दे सकती और ना ही गरीबों का कल्याण कर सकती है। वे यहां भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में महामंदिर मटकी चौराहा पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अपने करीब तीस मिनट के संबोधन में योगी ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार में वोट बैंक के लिए अराजकता फैलाई जा रही है। गरीबों का कल्याण नहीं हो रहा है। विकास की योजना भी कभी लागू नहीं हो सकतीं है।

उन्होंने कहा कि रामनवमी पर जुलूस पर रोक लगाई जाती है। यह सरकार कर्फ्यू वाली और दंगों वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि आस्था का सम्मान डबल इंजन की सरकार बीजेपी सरकार है और वहीं कर सकती है। प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि इस सरकार के राज में पेपर लीक होना आम बात है, सरकार का पेपर माफिया पर कोई अंकुश नहीं है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 500 वर्षों के बाद रामलला अपनी जगह पर विराजमान होंगे और प्रधानमंत्री मोदी अपने हाथों से मंदिर का भव्य उद्घाटन करेंगे। उन्होंने जनसभा में आमजन से अपील की कि वे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. महेंद्रसिंह राठौड़, अतुल भंसाली और देवेंद्र जोशी को विजयी बनाएं और जोधपुर का विकास कराएं। उन्होंने सभा स्थल पर पहुंचने पर सरदारपुरा प्रत्याशी डॉ. महेंद्रसिंह राठौड़, शहर विधानसभा सीट के प्रत्याशी अतुल भंसाली एवं सूरसागर सीट के प्रत्याशी देवेंद्र जोशी को जीत का आशीर्वाद भी दिया। सभास्थल पर जाने से पहले योगी आदित्यनाथ विशेष विमान से जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचे। वहां केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सहित भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने उनकी अगवानी की।

# पचनद पर्व 26 नवंबर को, कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर दीपों से जगमग होगा महासंगम



**औरैया, (हि.स.)।** विश्व मानचित्र पर अद्भुत, अनोखे, आध्यात्मिक तथा सांस्कृतिक स्थल पांच नदियों के महासंगम पर चंबल परिवार द्वारा ह्यपचनद पर्वह्ण के चौथे वर्ष के आयोजन को लेकर तैयारियां जारी है। चंबल, यमुना, सिंध, पहुंज और क्वारी नदियों के इस पवित्र संगम पर संविधान दिवस के अवसर पर यानी आगामी 26 नवंबर को दिन में 2 बजे से गैलरी वॉक और क्विज कॉम्पटेशन का आयोजन होगा। इसके बाद ह्यएक दीप विश्व की अनोखी पचनद संस्कृति के नाम, एक दीप स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों के नाम, एक दीप बीहड़ को खूबसूरत बनाने वाले कर्मवीरों के नाम, एक दीप चंबल में शिक्षा की अलख जगाने वाले ज्ञानयोगियों के नाम, एक दीप संवैधानिक मूल्यों के लिए संघर्षरत प्रहरियों के नाम, एक दीप भविष्य की उम्मीदों के नाम। से पचनद तट को रोशन किया जाएगा। पचनद पर्व के सूत्रधार डॉ. शाह आलम राना ने कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या को ऐतिहासिक बनाने के लिए समस्त क्षेत्रवासियों से अपील की। उन्होंने बताया कि चंबल परिवार के सदस्य समस्त क्षेत्र वासियों से इस आयोजन को भारी जनसमर्थन के साथ सफल बनाने हेतु सहयोग मांग रहे हैं। आमजन पचनद पर्व में अपने घर से मिट्टी का दीप लाकर अपने हाथों से जलाकर शामिल हों।

# चित्रकूट सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या पहुंची आठ

**चित्रकूट, (हि.स.)।** जनपद के रैपुरा थाना क्षेत्र में मंगलवार को हुई जनरथ बस और कार की टक्कर में मरने वालों की संख्या आठ पहुंच गई है। तीन लोगों की हालत बेहद गंभीर है, जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बुधवार को बताया कि रैपुरा के बगरेही गांव के पास मंगलवार को जनरथ बस और एक कार की आमने-सामने भिड़न्त हुई थी। हादसे में पांच लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान घायल तीन मरीजों ने दम तोड़ दिया है। पुलिस ने इनकी शिनाख्त मध्य प्रदेश के रहने वाले प्रताप पटेल (35) उनकी पत्नी अशोका (30), बेटी अकांक्षा (13), पुत्र सनत पटेल (10) और जगजीत कुशवाहा (52) के रूप में हुई थी। अस्पताल में जिन लोगों की मृत्यु हुई उनमें में आनंदी पटेल (52), रामबाई पटेल (36), भूरा उर्फ राजू पटेल (36) है। इसके अलावा संजय की पत्नी सुनयना, दीपक पटेल और अरविंद कुशवाहा घायल है।

# नेता जी की जयंती के अवसर पर सैफई में होगा भव्य आयोजन, समाधि स्थल पर बनेगा स्मारक

**सैफई, (हि.स.)।** देश की राजनीति में अलग पहचान रखने वाले समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की जयंती पर बुधवार को उनके पैतृक गांव सैफई में पार्टी ने भव्य समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत पूरा मुलायम परिवार और देशभर से पहुंचे हजारों कार्यकताओं ने नेताजी मुलायम सिंह यादव को याद किया। पार्टी की तरफ से मुलायम सिंह यादव की समाधि स्थल पर विशाल स्मारक बनवाया जायेगा। स्मारक में मुलायम सिंह यादव की राजनैतिक यात्रा से जुड़ी चीजें और यादों को रखा जायेगा। मुलायम सिंह यादव की जयंती के अवसर पर आज सैफई में समाजवादी पार्टी की तरफ से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मुलायम परिवार समेत देश भर से पहुंचे समाजवादी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता सुबह से ही सैफई में मौजूद हैं। नेताजी की जयंती के अवसर पर उनकी समाधि स्थल पर एक भव्य स्मारक का शिलान्यास भी किया गया। इस स्मारक में मुलायम सिंह यादव के जीवन से जुड़ी यादों को रखा जाएगा। कार्यक्रम में पहुंचे मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई और सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने नेता जी को याद करते हुए कहा कि नेता जी ने उन्हे 1996 में जसवंतनगर विधानसभा सीट से चुनाव लड़वाया था। अब नेता जी की याद में भव्य स्मारक बनेगा, जिसमें नेता जी से जुड़ी चीजे म्यूजियम में रखी जायेगी।

# पिछले चार सालों में लिए गए कई अहम निर्णय : विधानसभा अध्यक्ष




**रांची, (हि.स.)।** झारखंड विधानसभा के 23वें स्थापना दिवस के मौके पर बुधवार को आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए स्पीकर रविंद्रनाथ महतो ने कहा कि पिछले चार वर्षों में झारखंड विधानसभा में तीन ऐतिहासिक विधायी कार्य हुए हैं, जिसके लिए पांचवीं झारखंड विधानसभा को झारखंड के राजनैतिक इतिहास में लंबे समय तक याद किया जायेगा। झारखंड वासियों की अस्मिता के प्रश्न को ध्यान में रखते हुए सदन के विशेष सत्र में सरना धर्म कोड को पास किया जाना एक महत्वपूर्ण कदम था, जिसपर इस सदन ने पक्ष-विपक्ष के अंतर को भूलकर सर्वसम्मति से उसे पास किया था। स्पीकर ने कहा कि झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण संशोधन विधेयक (2022), झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा व परिणामी सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए विधेयक 2022 राज्य गठन के उन मौलिक उद्देश्यों के पूर्ति की ओर एक महत्वपूर्ण कदम थे, जिनके लिए हमारे राज्य निमार्ताओं ने राज्य गठन के आंदोलन में अपना रक्त बहाया था। इन दोनों विधेयकों पर भी सदन में पक्ष और विपक्ष का अंतर मिट गया था और सभी सदस्यों की सहमति से ये विधेयक सदन में पारित हुए थे। अब तक यह विधेयक कानून का रूप नहीं ले पाये हैं। हालांकि, स्पीकर ने उम्मीद जताई कि निकट भविष्य में इन्हें कानून का रूप दिया जा सकेगा। ये विधेयक जल्द ही कानूनी रूप लें। वहीं नियोजन नीति के तहत अब तक पचास हजार युवाओं को रोजगार मुहैया कराया गया है। स्पीकर ने कहा कि विधायी हस्तक्षेप से जनकल्याण का सबसे महत्वपूर्ण उदाहरण झारखंड के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन कानून 2021 है। इसके माध्यम से झारखंड में कार्यरत निजी संयंत्रों में 75 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गयी है और यह आरक्षण की व्यवस्था न केवल नीचे के पदों के लिए है, बल्कि 40 हजार रुपये के मानदेय तक के लिए है। अब तक करीब 50 हजार युवाओं को इस कानून के तहत नौकरियां दी गयी हैं और निश्चित रूप से यह विधेयक झारखंड की तस्वीर बदलने में कारगर साबित होगा। स्पीकर ने कहा कि बहुत गर्व की बात है कि पीएम ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत बिरसा मुंडा के गांव उलिहातु से की। विकसित भारत के लिए संघवाद और संसदीय लोकतंत्र का ध्यान रखा जाना जरूरी है। क्योंकि, ये भारतीय संविधान के दो मूलभूत संरचना है। ऐसे में जरूरी है कि सरकार भी जनता की आवाज के प्रति जवाबदेह बनें। बहुमत के आधार पर जीतकर सरकार जनता के सवाल से मुंह नहीं मोड़ सकती है।सदन एक ऐसी जगह है, जहां सवालों के जरिये सरकार को बाध्य किया जा सकता है, जिससे जनहित में काम हो। इसके लिए सत्ता पक्ष हो या विपक्ष सभी को सजग रहने की जरूरत है। राज्य एक खनिज बहुल क्षेत्र है। ऐसे में इस पर ध्यान देना चाहिए कि खनिज के दोहन और उससे प्राप्त होने वाले धन पर केंद्र का एकाधिकार हो, जिससे समुचित विकास हो सके। विकास तभी संभव है जब सहकारी संघवाद की विचारधारा का पालन किया जाये।

# झारखंड विस की वर्षगांठ समारोह शामिल होने पहुंचे राज्यपाल



**रांची, (हि.स.)।** झारखंड विधानसभा की 23वीं वर्षगांठ समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो एवं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पहुंचे। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल और विधानसभा अध्यक्ष को बुके देकर स्वागत किया।

# नक्सलियों ने मसमानो में चिपकाया पोस्टर, काम रोकने का आदेश, गांव में दहशत



**लोहरदगा, (हि.स.)।** भंडरा थाना क्षेत्र के मसमानो गांव में मंगलवार रात पीएलएफआई नक्सलियों ने पोस्टर चिपकाए। इससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पोस्टर को जब्त कर लिया है। मसमानो गांव में जिला परिषद द्वारा करीब बीस लाख की लागत से पक्की नाली निर्माण का कार्य की जा रही है। निर्माण कार्य गांव के संवेदक मनोज लाल द्वारा कराया जा रहा है। नक्सलियों ने पोस्टर चिपका कर कार्य रोकने का निर्देश दिया है। पोस्टर में नक्सलियों ने नाली निर्माण कार्य घटिया कर पैसा की बबार्दी की बात कही गई है। साथ हि कार्य में सरकार एवं सरकार के लोग शामिल होने की बात कही है। नक्सलियों ने पीएलएफआई संगठन से इजाजत लेने के बाद हि काम शुरू करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में बुधवार को भंडरा पुलिस के थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि पोस्टरबाजी में पीएलएफआई के नाम से पोस्टर चिपकाया गया है। प्रथम दृष्टि से यह लगता है की पीएलएफआई के नाम से कोई असामाजिक तत्व द्वारा घटना का अंजाम दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जायेगा।

# देवघर में 24 नवंबर से आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन




**रांची, (हि.स.)।** देवघर जिले की सभी 194 पंचायतों में 24 नवंबर से 26 दिसंबर आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस संबंध में उपायुकत विशाल सागर ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से आमलोगों की सुविधा, सहायता व समस्याओं का त्वरित निदान करना है। कैंप में सभी योजनाओं से जुड़े अलग-अलग स्टॉल लगाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि साथ-साथ संबंधित विभाग से जुड़े कर्मचारी व कंप्यूटर ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति रहेगी। डीसी ने बीडीओ व सीओ को समन्वय के साथ पंचायत व ग्राम स्तर पर विशेष जागरुकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना व गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना पर फोकस करते हुए आवेदन लिये जायेंगे। कार्यक्रम में बिरसा सिंचाई कूप, वनाधिकार पट्टा का आवेदन लिया जायेगा।

# ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे साहिबगंज एसपी, पुलिस मुख्यालय से मांगा सुझाव




**रांची, (हि. स.)।** साहिबगंज के एसपी नौशाद आलम बुधवार को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय नहीं जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि नौशाद आलम की ओर से ईडी को पत्र भेज कर दूसरी तारीख मांगी गई है। यह लिखा गया है कि उन्होंने पुलिस मुख्यालय से मामले को लेकर सुझाव मांगा है। ऐसे में उन्हें कुछ दिनों का समय दिया जाए और पूछताछ के लिए दूसरी तिथि निर्धारित की जाए। इससे पूर्व एसपी नौशाद आलम को ईडी ने 10 नवम्बर को समन भेजकर 22 नवम्बर को रांची के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया था। उन पर अवैध खनन मामले में ईडी के गवाह रहे विजय हांसदा को दिल्ली जाने के लिए टिकट की व्यवस्था करने और उनको भड़काने का आरोप है। ईडी ने जांच में पाया था कि विजय हांसदा को सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मामले में अपना पक्ष रखने के लिए दिल्ली जाना था। एसपी नौशाद आलम के कहने पर एक पुलिस अधिकारी ने ट्रेवल एजेंट के माध्यम से विजय हांसदा के लिए टिकट की व्यवस्था की थी। विजय हांसदा ने नींबू पहाड़ पर अवैध खनन के आरोप में पंकज मिश्रा सहित अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

# चार फीसदी महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का प्रस्ताव पास

**पटना, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में बिहार के सरकारी सेवकों के लिए सरकार ने महंगाई भत्ता मे इजाफा किया है। कैबिनेट ने चार फीसदी महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का प्रस्ताव पास किया है।डीए को 42 फीसदी से 46 प्रतिशत कर दिया गया है। एक जुलाई 2023 के प्रभाव से यह लाभ दिया जाएगा। सीएम ने फेसबुक पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि- देश में पहली बार बिहार में जाति आधारित गणना का काम कराया गया है। जाति आधारित गणना के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति के आंकड़ों के आधार पर अनुसूचित जाति के लिये आरक्षण सीमा को 16 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षण की सीमा को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 2 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण की सीमा को 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत तथा पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण की सीमा को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है अर्थात सामाजिक रूप से कमजोर तबकों के लिये आरक्षण सीमा को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया है। सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिये 10 प्रतिशत आरक्षण पूर्ववत लागू रहेगा। अर्थात इन सभी वर्गो के लिए कुल आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया गया है। जाति आधारित गणना में सभी वर्गों को मिलाकर बिहार में लगभग 94 लाख गरीब परिवार पाये गये हैं, उन सभी परिवार के एक सदस्य को रोजगार हेतु 2 लाख रुपए तक की राशि किश्तों में उपलब्ध करायी जायेगी। 63,850 आवासहीन एवं भूमिहीन परिवारों को जमीन क्रय के लिए दी जा रही 60 हजार रुपये की राशि की सीमा को बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया है। साथ ही इन परिवारों को मकान बनाने के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये दिये जायेंगे। जो 39 लाख परिवार झोपड़ियों में रह रहे हैं उन्हें भी पक्का मकान मुहैया कराया जायेगा जिसके लिए प्रति परिवार 1 लाख 20 हजार रुपए की दर से राशि उपलब्ध करायी जायेगी। सतत जीविकोपार्जन योजना के अन्तर्गत अत्यंत निर्धन परिवारों की सहायता के लिए अब 01 लाख रुपए के बदले 02 लाख रुपये दिये


Nitish Kumar
@NitishKumar

बिहार को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करने की पुनः मांग की।

देश में पहली बार बिहार में जाति आधारित गणना का काम कराया गया है। जाति आधारित गणना के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति के आंकड़ों के आधार पर अनुसूचित जाति के लिये आरक्षण सीमा को 16 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षण की सीमा को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 2 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण की सीमा को 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत तथा पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण की सीमा को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है अर्थात सामाजिक रूप से कमजोर तबकों के लिये आरक्षण सीमा को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया है। सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिये 10 प्रतिशत आरक्षण पूर्ववत लागू रहेगा। अर्थात इन सभी वर्गों के लिए कुल आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया गया है।

जाति आधारित गणना में सभी वर्गों को मिलाकर बिहार में लगभग 94 लाख गरीब परिवार पाये गये हैं, उन सभी परिवार के एक सदस्य को रोजगार हेतु 2 लाख रूपये तक की राशि किश्तों में उपलब्ध करायी जायेगी।

63,850 आवासहीन एवं भूमिहीन परिवारों को जमीन क्रय के लिए दी जा रही 60 हजार रूपये की राशि की सीमा को बढ़ाकर 1 लाख रूपये कर दिया गया है। साथ ही इन परिवारों को मकान बनाने के लिए 1 लाख 20 हजार रूपये दिये जायेंगे।

जो 39 लाख परिवार झोपड़ियों में रह रहे हैं उन्हें भी पक्का मकान मुहैया कराया जायेगा जिसके लिए प्रति परिवार 1 लाख 20 हजार रूपये की दर से राशि उपलब्ध करायी जायेगी।

सतत जीविकोपार्जन योजना के अन्तर्गत अत्यंत निर्धन परिवारों की सहायता के लिए अब 01 लाख रूपये के बदले 02 लाख रूपये दिये जायेंगे।

इन योजनाओं के क्रियान्वयन में लगभग 2 लाख 50 हजार करोड़ रूपये की राशि व्यय होगी।

इन कामों के लिये काफी बड़ी राशि की आवश्यकता होने के कारण इन्हें 5 साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यदि केन्द्र सरकार द्वारा बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल जाय तो हम इस काम को बहुत कम समय में ही पूरा कर लेंगे। हमलोग बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग वर्ष 2010 से ही कर रहे हैं। इसके लिए 24 नवम्बर, 2012 को पटना के गांधी मैदान में तथा 17 मार्च, 2013 को दिल्ली के रामलीला मैदान में बिहार को विशेष राज्य के दर्जे के लिए अधिकार रैली भी की थी। हमारी मांग पर तत्कालीन केन्द्र सरकार ने इसके लिए रघुराम राजन कमेटी भी बनाई थी जिसकी रिपोर्ट सितम्बर, 2013 में प्रकाशित हुई थी परन्तु उस समय भी तत्कालीन केन्द्र सरकार ने इसके बारे में कुछ नहीं किया। मई, 2017 में भी हमलोगों ने विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए केन्द्र सरकार को पत्र लिखा था। आज कैबिनेट की बैठक में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने हेतु केन्द्र सरकार से अनुरोध करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। मेरा अनुरोध है कि बिहार के लोगों के हित को ध्यान में रखते हुये केन्द्र सरकार बिहार को शीघ्र विशेष राज्य का दर्जा दे।

जायेंगे। इन योजनाओं के क्रियान्वयन में लगभग 2 लाख 50 हजार करोड़ रुपये की राशि व्यय होगी। इन कामों के लिये काफी बड़ी राशि की आवश्यकता होने के कारण इन्हें 5 साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यदि केन्द्र सरकार द्वारा बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल जाय तो हम इस काम को बहुत कम समय में ही पूरा कर लेंगे। हमलोग बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग वर्ष 2010 से ही कर रहे हैं। इसके लिए 24 नवम्बर, 2012 को पटना के गांधी मैदान में तथा 17 मार्च, 2013 को दिल्ली के रामलीला मैदान में बिहार को विशेष राज्य के दर्जे के लिए अधिकार रैली भी की थी।

हमारी मांग पर तत्कालीन केन्द्र सरकार ने इसके लिए रघुराम राजन कमेटी भी बनाई थी जिसकी रिपोर्ट सितम्बर, 2013 में प्रकाशित हुई थी परन्तु उस समय भी तत्कालीन केन्द्र सरकार ने इसके बारे में कुछ नहीं किया। मई, 2017 में भी हमलोगों ने विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए केन्द्र सरकार को पत्र लिखा था। आज कैबिनेट की बैठक में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने हेतु केन्द्र सरकार से अनुरोध करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। मेरा अनुरोध है कि बिहार के लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार बिहार को शीघ्र विशेष राज्य का दर्जा दे।

# डीएम ने नवादा सदर अस्पताल के महिला वार्ड के जीर्णोद्धार करा किया उद्घाटन



**नवादा, (हि.स.)।** डीएम आषुतोष कुमार वर्मा ने बुधवार को सदर अस्पताल के महिला वार्ड का जीर्णोद्धार करा किया उद्घाटन। उन्होंने सिविल सर्जन एवं डॉक्टरों को अस्पताल के व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं और प्रसव वार्ड में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करायें, जिससे उन्हें कठिनाईयों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा उपलब्ध कराए गए सभी प्रकार की दवाई ,स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त नवादा, सिविल सर्जन राम कुमार प्रसाद, अखिलेश कुमार अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, डीआईओ अशोक कुमार, अमित कुमार डीपीएम के साथ-साथ अस्पताल के अन्य डाक्टर एवं कर्मी उपस्थित थे। नवादा के उप विकास आयुक्त दीपक मिश्रा ने कहा कि अस्पताल की व्यवस्था मानवीय सेवाओं के लाइक रखें ताकि किसी भी पीड़ित को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने डॉक्टरों से समय पर पहुंचकर सदर अस्पताल में पहुंचे मरीजों की सेवा तत्परता से करने की बात भी कही है ।डीडीसी ने कहा कि मरीजों की सेवा ईश्वर की सेवा के समान है। इसे करने से मन की तसल्ली भी बढ़ती है। सिविल सर्जन डॉक्टर रामकुमार ने कहा कि मरीज को सभी दवाइयां समय से उपलब्ध करा दी जाएगी। किसी को किसी प्रकार की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## संपादकीय

# अंगारों पर कुछ कदम

**बदलती** सदी के तमाशों के बीच स्वाभिमान की भिन्न लड़ाइयों के मध्य इनसान और नागरिक समाज के सामने सरकारों के अवतरण। एक बार फिर हिमाचल अपनी ही पड़ताल में घायल स्वाभिमान की खातिर अपने अधिकारों के आगे बौना और असहाय खड़ा है। इस बार फेहरिस्त में वाइल्ड फ्लावर हॉल के स्वामित्व को लेकर पुनः प्रदेश अंगारों पर चल रहा है। बाईस साल से प्रतीक्षारत हिमाचल जब वाइल्ड फ्लावर हॉल के भीतर प्रवेश करता है, तो चंद घंटों में यह मुलाकात भी असरदार नहीं होती, नतीजतन कदम पीछे लेने पड़े। कानूनी तौर पर हिमाचल के अस्तित्व से जुड़ी कई संपत्तियां आज भी हिमाचल की होकर भी, किसी न किसी चंगुल में फंसी हैं। वाइल्ड फ्लावर हॉल भी इनमें से एक है और जिसके ऊपर अपने हक की प्राप्ति के लिए सरकारें लगातार अदालत से न्याय मांग रही हैं। एक उत्साहवर्धक निर्णय आया भी तो स्टे के पंजे में फंस गया। पर्यटन की दृष्टि से यह संपत्ति राज्य के लिए रोमांच पैदा करती है। एक उच्च स्तरीय रैंकिंग के साथ वाइल्ड फ्लावर हॉल होने का अर्थ, हिमाचल के पर्यटन निगम को मालामाल कर सकता है, लेकिन इसका यह मतलब भी नहीं कि सरकारी उपक्रम ऐसी संपत्तियों से राज्य के खजाने का संबल बन जाते हैं। अगर ऐसी व्यवस्था, निपुणता तथा कौशल पैदा हो जाए, तो तमाम सार्वजनिक होटल इकाइयां पर्यटन का दस्तूर बदल दें। बदलने के लिए प्रदेश के तमाम डाक बंगले अगर पर्यटन से गठजोड़ कर लें तो करीब ढाई हजार संपत्तियां अपने हवाले से सैलानियों को बार-बार नई जगह पर बुलाने का न्यौता दे सकती हैं। खैर वाइल्ड फ्लावर हॉल एक स्वप्निल कहानी है जो यथार्थ में हिमाचल के पर्यटन संबोधन का सीना चौड़ा कर सकती है। हिमाचल दरअसल ऐसी जमीन का टुकड़ा है, जहां कहीं पंजाब पुनर्गठन की बुर्जियां अतिक्रमण कर रही हैं, तो कहीं पूर्ववर्ती लीज के तहत बांटी गईं संपत्तियों का अधिकार तरस रहा है। पंजाब से हिमाचल में आकर मिले पर्वतीय क्षेत्र केवल जमीन की सीमा नहीं, बल्कि पर्वतीय आत्मसम्मान का अधिकार भी था। पंजाब में से 7.19 प्रतिशत हिस्सा इस तरह सीधे पर्वतीय अस्मिता का अंग था जो संस्कृति, बोली, भाषा, जीवन शैली व पहाड़ी परंपराओं से मेल खाता था। पंजाब पुनर्गठन में पहाड़ी लोग तो धकेल दिए, पर्वत का फर्ज, पर्वत का मर्ज, पर्वत की अस्मिता, पर्वत की आत्मनिर्भरता, पर्वतीय क्षेत्रों के समझौते और अनुबंध अपने कब्जे में रख लिए। दूसरी ओर तत्कालीन हिमाचल की शासकीय व्यवस्था ने इन इलाकों को अपनी अस्मिता की भुजा या तर्क बनाने के बजाय, राजनीतिक बंटवारा मान लिया। यही बंटवारा आगे चलकर और अब तक हिमाचल की सियासत को बांट रहा है, वरना पौंग, गोविंदसागर व शानन विद्युत परियोजना जैसे समझौते उसी वक्त हिमाचल की अमानत हो जाते तथा बीबीएमबी का अस्तित्व हमारी पहचान बन जाता। आश्चर्य यह कि हरियाणा और पंजाब ने केंद्र शासित चंडीगढ़ में अपनी-अपनी राजधानियों की तलाशी में संपत्तियां अर्जित कर लीं, लेकिन किसी सियासी हस्ती ने यह नहीं सोचा कि इसी अनुपात में हिमाचल के हिस्से भी दो-तीन सेक्टर या एक मिनी राजधानी का अधिकार चंडीगढ़ में मिल जाता। हिमाचल अगर चंडीगढ़ में तब अपने लिए भूमि और भूमिका हासिल कर लेता, तो मोहाली व पंचकूला की तरह परवाणू-बीबीएन तक प्रदेश की भी आर्थिक राजधानी होती। हिमाचल ने अपनी सियासी संकीर्णता के कारण पंजाब पुनर्गठन के मसले को सत्ता के लाल कालीन के नीचे छिपाए रखा, फिर भी कुछ मुख्यमंत्रियों ने अस्तित्व की तलाशी में अपने अधिकार खोज डाले। पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार की यात्रा इन्हीं अधिकारों की खोज थी, तो अब सुखविंदर सुक्खू भी पर्वतीय आत्मसम्मान की बुलंदी को पाने के लिए हुंकारा भर रहे हैं। वाटर सेस इसी तरह का एक फैसला है जो केंद्र से आसानी से हासिल नहीं होगा, लेकिन इस फाइल को जनता की कचहरी तक ले जाने का माहौल अगर बन पाता है, तो हिमाचल की अस्मिता इससे जुड़ जाएगी। इसी तरह शानन परियोजना की लीज समाप्त होने के बाद इसे हासिल करने की कसरतों में केंद्र की भूमिका के खिलाफ आवाज बुलंद होती है, तो यह आत्मनिर्भरता की ओर उठने वाले कदम हैं। विडंबना यह है कि सियासी जमघट में कई बार ऐसे मुद्दों की मिट्टी पलीद हो जाती है, जबकि प्रदेश की आर्थिक तरक्की में क्या भाजपा और क्या कांग्रेस, सभी की जिम्मेदारी स्पष्ट है। कई बार विधानसभा ने बाकायदा प्रस्ताव पारित करके देश से अपने अधिकारों की पैरवी की है, लेकिन वाटर सेस पर अब तक लगीं अड़चनें बता रही हैं कि कहीं इस फैसले की अहमियत पर भी देश अपनी उदासीनता से भरी शर्तें थोपना चाहता है। ऐसे में कानून के दूसरे पलड़े में सियासत भी अपना दबाव दिखा रही है।

पर्यटन की दृष्टि से यह संपत्ति राज्य के लिए रोमांच पैदा करती है। एक उच्च स्तरीय रैंकिंग के साथ वाइल्ड फ्लावर हॉल होने का अर्थ, हिमाचल के पर्यटन निगम को मालामाल कर सकता है, लेकिन इसका यह मतलब भी नहीं कि सरकारी उपक्रम ऐसी संपत्तियों से राज्य के खजाने का संबल बन जाते हैं। अगर ऐसी व्यवस्था, निपुणता तथा कौशल पैदा हो जाए, तो तमाम सार्वजनिक होटल इकाइयां पर्यटन का दस्तूर बदल दें। बदलने के लिए प्रदेश के तमाम डाक बंगले अगर पर्यटन से गठजोड़ कर लें तो करीब ढाई हजार संपत्तियां अपने हवाले से सैलानियों को बार-बार नई जगह पर बुलाने का न्यौता दे सकती हैं। खैर वाइल्ड फ्लावर हॉल एक स्वप्निल कहानी है जो यथार्थ में हिमाचल के पर्यटन संबोधन का सीना चौड़ा कर सकती है। हिमाचल दरअसल ऐसी जमीन का टुकड़ा है, जहां कहीं पंजाब पुनर्गठन की बुर्जियां अतिक्रमण कर रही हैं, तो कहीं पूर्ववर्ती लीज के तहत बांटी गईं संपत्तियों का अधिकार तरस रहा है। पंजाब से हिमाचल में आकर मिले पर्वतीय क्षेत्र केवल जमीन की सीमा नहीं, बल्कि पर्वतीय आत्मसम्मान का अधिकार भी था।

## कुछ अलग

# युवा वोटर मांगे नौकरी

**जिन** पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया जारी है, वहां युवा नौकरियों और रोजगार का मुद्दा खूब गूंज रहा है। सिर्फ इसी आधार पर राजनीतिक दलों को कितना जनादेश प्राप्त होगा, यह कहना अनिश्चित है, लेकिन दलों के घोषणा-पत्रों में सरकारी नौकरियों को लेकर आश्वासन प्रमुख रूप से बांटे गए हैं। भाजपा या कांग्रेस के अलावा, मिजोरम की क्षेत्रीय पार्टियों को भी वायदा करना पड़ा है कि उनकी सरकार युवाओं के लिए इतनी सरकारी नौकरियां और रोजगार के अवसर पैदा करेगी। रोजगार के क्षेत्र में बड़े घोटाले सामने आ रहे हैं कि किस सरकार के दौरान कितने पेपर लीक कराए गए। अव्वल तो सरकारी नौकरियों में भर्ती की परीक्षाएं लटकाई जाती रही हैं। यदि परीक्षा हो गई, तो उनके नतीजे अनिश्चित अंधेरों में डूब जाते हैं। यदि परीक्षाओं के बाद सफल चेहरों को नियुक्ति-पत्र मिल भी गए, तो ज्वाइनिंग में आनाकानी की जाती रही है। अंततः अदालतों में धक्के खाने पड़ते हैं और वहां भी सब कुछ अनिश्चित है। इन धांधलियों और घपलों पर युवा मतदाता सरकारी नौकरियों को लेकर पूरी तरह आश्वस्त कैसे हो सकता है? घोषित राजनीतिक आश्वासनों पर जनादेश दिए जाएंगे, सरकारें बनेंगी, उसके बाद नौकरी या रोजगार का वायदा, समयबद्ध और चरणबद्ध तरीके से, पूरा नहीं किया गया, तो युवा वोटर क्या कर सकते हैं? जनादेश तो पांच साल के लिए होता है। पांच साल के बाद राजनीतिक परिदृश्य और समीकरण क्या होंगे, पार्टियां इन चिंताओं में दुबली नहीं हुआ करतीं। अलबत्ता युवाओं के सामने आंदोलन का रास्ता जरूर खुला है। उनसे पूर्ण न्याय कब मिला है? बहरहाल तेलंगाना में कांग्रेस ने 'जॉब कलैंडर' तय करने का वायदा किया है। भाजपा ने तेलंगाना लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के मद्देनजर पारदर्शी और समयबद्ध समाधान देने का वायदा किया है। दोनों दलों को तेलंगाना में जनादेश मिलने के आसार नहीं हैं। राजस्थान में उन युवाओं को समर्थन दिया जा रहा है, जिन्होंने सरकारी नौकरियों में भर्ती की निरंतर और सिलसिलेवार देरी के खिलाफ आवाज उठाई है। तेलंगाना और राजस्थान में युवा बेरोजगारी दर क्रमशः 15.1 फीसदी और 12.5 फीसदी है, जो देश भर में सर्वाधिक हैं। कमोबेश बेरोजगारी की राष्ट्रीय दर करीब 8 फीसदी से तो ज्यादा है। राजस्थान लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं विवादों और घोटालों में संलिप्त रही हैं।


## प्रमाणन प्रमाण पत्र प्राप्त उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा

# भारत में धड़ल्ले से हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी किया जाना चिंता की बात है

**प्रह्लाद सबनानी**

पूरे विश्व में 50 से अधिक इस्लामी देश हैं एवं मुस्लिम मजहब को मानने वाली बहुत बड़ी आबादी इन देशों में निवास करती है अतः गैर इस्लामी देशों की कम्पनियों को भी हलाल प्रमाणित उत्पाद ही इन देशों को भेजने होते हैं। वैसे तो हलाल प्रमाणित वस्तुओं का चलन इस्लामी देशों में बहुत लम्बे समय से चला आ रहा है। परंतु हाल ही के समय में इसका कार्य क्षेत्र बढ़ाकर इसे गैर इस्लामी देशों में भी तेजी से फैलाया गया है अर्थात मुस्लिम मजहब के मतावलंबियों को यह प्रेरणा दी जाती है कि वे केवल हलाल प्रमाणित वस्तुओं एवं सेवाओं का ही उपयोग करें।

**पिछले** कुछ समय से भारत सहित, पूरे विश्व में इस्लाम मजहब के अनुयायियों के लिए हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र प्राप्त उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। हालांकि हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने के सम्बंध में कोई प्रक्रिया तय नहीं की गई है और न ही सरकारी तौर पर इस सम्बंध में कोई दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, परंतु फिर भी भारत में हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने का कार्य विभिन्न संस्थानों द्वारा धड़ल्ले से किया जा रहा है एवं कई विनिर्माण इकाईयों से भारी भरकम राशि हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में वसूली जा रही है। साथ ही, विनिर्माण इकाईयों पर भी दबाव बनाया जाता है कि वे अपने संस्थानों में इस्लाम मजहब के अनुयायियों की नियुक्ति करें। अब यह भी समझ से परे है कि फैशन, सौंदर्य साधनों, किराने के सामान, सब्जियों, वित्तीय सुविधाओं एवं ढाबे आदि जैसी गतिविधियों को हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र किस प्रकार प्रदान किया जा सकता है? इसी संदर्भ में अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार एवं सुप्रीम कोर्ट ने हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने के सम्बंध में जांच के आदेश जारी किए हैं। दरअसल, इस्लाम मजहब के अनुयायियों के लिए हलाल शब्द बहुत महत्व भरा शब्द है। हलाल का आशय यह बताया जाता है कि मुस्लिम मतावलंबियों के लिए जो वस्तु वैद्य है वह हलाल है और जो वैध नहीं है वह हराम है। ऐसा भी बताया जाता है कि प्रारम्भ में इस्लाम-कुरान में खाने की वस्तुओं, विशेष रूप से मांसाहार, के साथ हलाल शब्द को जोड़ा गया था अर्थात किन वस्तुओं (किस प्रकार के मांसाहार) का खाना हलाल है एवं किन वस्तुओं (किस प्रकार के मांसाहार) का खाना हराम है। परंतु, अब तो हलाल को दैनिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के साथ जोड़ दिया गया है। जैसे हलाल मांस, हलाल फैशन एवं सौंदर्य के साधन, हलाल किराने का सामान, हलाल सब्जियां, हलाल वित्तीय सुविधाएं, हलाल ढाबे, आदि आदि। कई इस्लामी देशों ने यह तय कर लिया है कि उनके नागरिक केवल हलाल प्रमाणित खाद्य पदार्थों एवं अन्य सुविधाओं का उपयोग करेंगे एवं इन देशों ने हलाल प्रमाणन को कानूनी रूप दे दिया है। कोई उत्पाद हलाल प्रमाणित है इसके लिए बाकायदा विशेष संस्थाओं का गठन किया गया है जोकि हलाल प्रमाणन का प्रमाण पत्र जारी करने में सक्षम है एवं उस प्रमाणन के आधार पर ही सम्बंधित उत्पाद बाजार में बेचा जा सकता है। इन मुस्लिम मजहब बहुल देशों में विदेशों से आयात किए जाने उत्पादों को भी हलाल प्रमाणन के लिए प्रमाण पत्र सबंधित संस्थानों




से लेना आवश्यक होता है ताकि ये कम्पनियां अपने उत्पादों को इन इस्लामी देशों को निर्यात कर सकें। चूंकि पूरे विश्व में 50 से अधिक इस्लामी देश हैं एवं मुस्लिम मजहब को मानने वाली बहुत बड़ी आबादी इन देशों में निवास करती है अतः गैर इस्लामी देशों की कम्पनियों को भी हलाल प्रमाणित उत्पाद ही इन देशों को भेजने होते हैं। वैसे तो हलाल प्रमाणित वस्तुओं का चलन इस्लामी देशों में बहुत लम्बे समय से चला आ रहा है। परंतु हाल ही के समय में इसका कार्य क्षेत्र बढ़ाकर इसे गैर इस्लामी देशों में भी तेजी से फैलाया गया है अर्थात मुस्लिम मजहब के मतावलंबियों को यह प्रेरणा दी जाती है कि वे केवल हलाल प्रमाणित वस्तुओं एवं सेवाओं का ही उपयोग करें। वर्ष 1945 में दक्षिण अफ्रीका की राजधानी केपटाउन में मुस्लिम जुडीशियल कौंसिल हलाल ट्रस्ट की स्थापना की गई थी। इसके बाद हलाल पंजीयन की शुरुआत थाईलैंड में वर्ष 1969 में हुई जो केवल कुवैत में मुर्गी पालन उद्योग से निर्मित पदार्थों के निर्यात तक सीमित था। एक सुनियोजित इस्लाम केंद्रित व्यापार की वास्तविक शुरुआत दक्षिण पूर्वी एशिया के एक देश मलेशिया से हुई थी। वहां वर्ष 1974 में एक डिपार्टमेंट ऑफ इस्लामिक डेवलपमेंट मलेशिया की स्थापना की गई। यह विश्व का ऐसा पहला देश था, जिसने हलाल व्यापार को परिभाषित करने का एक कानून बना दिया। इस प्रक्रिया की गति इतनी तीव्र थी कि वर्ष 1980 तक मलेशिया को ग्लोबल हलाल हब बनाने के प्रयासों को आकार दिया जाने लगा था। वर्तमान में डिपार्टमेंट ऑफ इस्लामिक डेवलपमेंट मलेशिया का नेटवर्क लगभग 45 देशों में फैला हुआ है और कुल लगभग 78 हलाल पंजीयन संस्थाएं इससे जुड़ी हुई हैं। भारत की भी तीन प्रमुख संस्थाएं- हलाल इंडिया, जमियत उलेमा हलाल फाउंडेशन, जमियत उलेमा ए हिंद हलाल ट्रस्ट इसके सदस्य रहे हैं। अब तो विश्व के लगभग सभी इस्लामी देशों एवं अन्य कई गैर इस्लामी देशों में भी हलाल प्रमाणन संस्थाओं का गठन किया जा चुका है। हलाल प्रमाणन संस्थाएं हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने के पूर्व एक मोटी रकम विभिन्न वस्तुओं का उत्पादन करने वाली संस्थाओं से हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में लेती हैं। हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने वाली इन संस्थाओं की आय आज करोड़ों अमेरिकी डॉलर में हो गई है। दीनार स्टैंडर्ड, द कैपिटल ऑफ इस्लामिक इकॉनमी और सलाम गेटवे द्वारा प्रकाशित स्टेट आफ ग्लोबल इस्लामिक इकॉनमी रिपोर्ट 2018-19 के अनुसार, हलाल अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की आय अब अरबों डॉलर में पहुंच गई है और अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्रों की आय इस प्रकार बताई गई है- हलाल ट्रैवल क्षेत्र- 17,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर; हलाल फूड क्षेत्र- 130,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर; हलाल वित्तीय क्षेत्र- 243,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर; हलाल फैशन क्षेत्र- 27,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर, हलाल फार्मा क्षेत्र- 8,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर; हलाल कासमेटिक क्षेत्र- 6,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर। अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि हलाल प्रमाणित व्यापार यदि इसी रफ्तार से आगे बढ़ता रहा तो वर्ष 2023 तक हलाल अर्थव्यवस्था का अनुमानित व्यापार 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा, जोकि विश्व के कई विकसित देशों जैसे कनाडा, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, इटली, स्पेन, आदि के सकल घरेलू उत्पाद से भी कहीं अधिक होगा। विश्व में चूंकि मुस्लिम मतावलंबियों की संख्या बहुत अधिक है अतः अब विभिन्न वस्तुओं एवं सेवाओं को धर्म के आधार पर बेचे जाने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि मुस्लिम मतावलंबियों द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं को मुस्लिम संस्थानों द्वारा ही निर्मित किया जा सके एवं अगर अन्य धर्मों को मानने वाले अनुयायियों द्वारा इन उत्पादों का निर्माण किया जाता है और यदि वे अपने उत्पादों को मुस्लिम मतावलंबियों के बीच बेचना चाहते हैं तो उनके लिए भी हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक हो जाए। इस प्रकार, विभिन्न उत्पाद निर्माण करने वाली कम्पनियों को अपने व्यापार का विस्तार करने के उद्देश्य से हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र लेना अब एक आवश्यकता बन चुका है। भारत में तो कई मुस्लिम बुद्धिजीवियों द्वारा पतंजलि संस्थान द्वारा निर्मित आयुर्वेदिक उत्पादों को मुस्लिम मजहब के अनुयायियों द्वारा उपयोग किए जाने को निरुत्साहित किया जाता है एवं केवल हलाल प्रमाणित वस्तुओं एवं सेवाओं के उपयोग हेतु ही प्रेरणा दी जाती है।

# वैदिक शिक्षा क्यों महत्त्वपूर्ण है?

केंद्रीय शिक्षा मंत्री के मुताबिक इसका उपयोग भारतीय भाषाओं और वेदों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोडऩे के लिए किया जाएगा। वेद और भारतीय भाषाओं के लिए 100 करोड़ रुपए की ये परियोजनाएं इसी माह से शुरू की जा रही हैं। गौरतलब है कि वैदिक शिक्षा पर आधारित बोर्ड से दसवीं और बारहवीं कक्षा पास करने वाले छात्र अब उच्च शिक्षा के लिए किसी भी कॉलेज में दाखिला लेने के पात्र होंगे। इसमें मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसे उच्च शिक्षण संस्थान भी शामिल हैं। यानी वैदिक बोर्ड से दसवीं और बारहवीं कक्षा पास करने वाले छात्र एमबीबीएस और इंजीनियरिंग समेत किसी भी कॉलेज में तय क्राईटेरिया के अनुसार आगे की पढ़ाई जारी रख सकेंगे। यह महत्वपूर्ण निर्णय सरकार द्वारा नामित निकाय, एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) द्वारा लिए गए निर्णय पर आधारित है।

**वैदिक** ज्ञान भारतीय संस्कृति का अटूट हिस्सा है, लेकिन आजादी के बाद वैदिक ज्ञान को शिक्षा प्रणाली में समुचित स्थान नहीं मिल पाया है जिसका नतीजा समाज में नैतिक मूल्यों की गिरावट के रूप में देखा जा रहा है। खबरों के अनुसार हाल ही में वेदों को शिक्षा प्रणाली से जोडऩे के लिए 100 करोड़ रुपए की परियोजनाएं बनाई गई हैं। यह धनराशि केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री के मुताबिक इसका उपयोग भारतीय भाषाओं और वेदों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोडऩे के लिए किया जाएगा। वेद और भारतीय भाषाओं के लिए 100 करोड़ रुपए की ये परियोजनाएं इसी माह से शुरू की जा रही हैं। गौरतलब है कि वैदिक शिक्षा पर आधारित बोर्ड से दसवीं और बारहवीं कक्षा पास करने वाले छात्र अब उच्च शिक्षा के लिए किसी भी कॉलेज में दाखिला लेने के पात्र होंगे। इसमें मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसे उच्च शिक्षण संस्थान भी शामिल हैं। यानी वैदिक बोर्ड से दसवीं और बारहवीं कक्षा पास करने वाले छात्र एमबीबीएस और इंजीनियरिंग समेत किसी भी कॉलेज में तय क्राईटेरिया के अनुसार आगे की पढ़ाई जारी रख सकेंगे। यह महत्वपूर्ण निर्णय सरकार द्वारा नामित निकाय, एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) द्वारा लिए गए निर्णय पर आधारित है। वैदिक शिक्षा सांस्कृतिक दृष्टि पर बल देती थी। इसके मुताबिक शिक्षित व्यक्ति को साहित्य, कला, संगीत आदि की समझ होनी चाहिए, उसे जीवन के उच्च आदर्शों का ज्ञान भी होना चाहिए। पूर्वजों की परंपरा और संस्कृति की रक्षा शिक्षित व्यक्ति का कत्तव्य था। वैदिक शिक्षा से समस्त देश में कुछ ऐसे



आधारभूत मूल्यों की स्थापना हुई जो आज भी सांस्कृतिक एकता के आधार हैं। कुछ लोगों के अनुसार आज की शिक्षा प्रणाली में यह एक आऊटडेटेड विचार समझा जा सकता है। वैदिक शिक्षा प्रणाली के अनेक गुण थे। इन गुणों का तत्व आज भी प्रासंगिक है। वैदिककालीन शिक्षा निःशुल्क थी, गुरुकुल में शिष्यों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता था। उनके आवास, वस्त्र तथा भोजन की व्यवस्था भी निःशुल्क होती थी। वैदिक काल की शिक्षा पर होने वाले व्यय की पूर्ति शासन, धनाढ्य लोगों तथा भिक्षाटन एवं गुरु दक्षिणा से की जाती थी। वैदिककालीन शिक्षा द्वारा मनुष्यों का शारीरिक, बौद्धिक, नैतिक, सांस्कृतिक, व्यावसायिक तथा आध्यात्मिक विकास किया जाता था। वैदिककालीन शिक्षा का पाठ्यक्रम व्यापक था। वैदिक काल में मनुष्य के प्राकृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक तीनों पक्षों के विकास पर बल दिया जाता था और इसके लिए शिक्षा के पाठ्यक्रम में भौतिक तथा आध्यात्मिक दोनों प्रकार के विषयों को सम्मिलित किया जाता था। हमारी आज की शिक्षा में आध्यात्मिक तत्व न होने के कारण हमारे दिलो-दिमाग से सामाजिक संवेदना विलुप्त होती जा रही है। वैदिककालीन शिक्षा में उत्तम शिक्षण विधियों का प्रयोग किया जाता था। अनुकरण, व्याख्यान, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तर, तर्क, विचार-विमर्श, चिंतन-मनन, सिद्धिध्यासन, प्रयोग, नाटक एवं कहानी इत्यादि वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक विधियों का विकास किया जा चुका था। इनको पुनः हमारे शिक्षण में शामिल करने की जरूरत है। वैदिक काल में गुरु तथा शिष्यों का जीवन अत्यंत संयमित और अनुशासित होता था। उनकी जीवनशैली सादा जीवन व उच्च विचार पर आधारित थी। वैदिककालीन शिक्षा में गुरु तथा शिष्यों के मध्य मधुर संबंध थे। दोनों के मध्य स्नेह तथा श्रद्धा का संबंध था। दोनों एक-दूसरे के प्रति त्याग की भावना रखते थे तथा शिक्षकों के बीच मानस पिता-पुत्र के संबंध थे। क्या आज ऐसे रिश्ते वांछित नहीं हैं? वैदिककालीन शिक्षा में गुरुकुलों का पर्यावरण अति उत्तम था। गुरुकुल प्रकृति के स्वच्छ वातावरण से युक्त स्थलों में होते थे, जहां जन कोलाहल नहीं था तथा जल और वायु शुद्ध प्राप्त होती थी। आज हम छात्रों को किन हालात में शिक्षित कर रहे हैं? वस्तुतः मशीनों के जरिए दी जा रही शिक्षा मनुष्य रूपी छात्रों को असंवेदनशील रोबोट के रूप में विकसित कर रही है। यहां पर सांस्कृतिक शिक्षा का महत्व और भी बढ़ जाता है। वैदिककालीन जीवन पद्धति संस्कार प्रधान थी। वैदिक शिक्षा प्रणाली पूर्णतया दोष रहित थी, ऐसा कहना कठिन है, वैदिककालीन शिक्षा में राज्य का नियंत्रण या उत्तरदायित्व नहीं था। तत्कालीन शिक्षा व्यवस्था पूर्णतः व्यक्तिगत नियंत्रण में थी, जो पूर्णतः गुरुकुलों तक सीमित थी। अतः इससे जन शिक्षा की अवहेलना होती थी। वैदिककालीन शिक्षा में आय की सुनिश्चित एवं विधिवत व्यवस्था नहीं थी। यद्यपि वैदिककालीन शिक्षा का व्यय राजा, धनी लोग, भिक्षाटन तथा गुरु दक्षिणा से पूरा किया जाता था, किंतु इन सबका कोई निश्चित समय, मात्रा के न होने से असमंजस की स्थिति रहती थी। वैदिक जमाने की तरह आज भी अमरीका और अनेक देशों में उच्च शिक्षा संस्थाओं की रिसर्च फंडिंग अमीर लोग करते हैं, लेकिन हमारे यहां की स्थिति दयनीय है। वैदिककालीन शिक्षा में रटने पर विशेष बल दिया जाता था। यद्यपि उस समय उत्तम शिक्षा विधियों का विकास हो चुका था, किंतु लिखने की समुचित व्यवस्था का अभाव होने के कारण याद रखने पर विशेष बल दिया जाता था। वैदिककालीन शिक्षा की अनुशासन व्यवस्था अत्यंत कठोर थी। स्वामी दयानंद जी, महात्मा हंसराज जी व महात्मा आनंद स्वामी जी इत्यादि अनेक वैदिक कर्मयोगियों से प्रेरित पूरे देश में कार्यरत डीएवी व आर्य समाज से जुड़ी संस्थाएं वैदिक परचम को शिक्षा के जरिए गतिशील रखने के लिए इस समय डॉ. पूनम सूरी जी (पदमश्री अलंकृत) है, के नेतृत्व में निरंतर अच्छा काम कर रही है।

## देश दुनीया से

# क्रिकेट विश्व कप, सतत पर्यटन व संस्कृति

**क्रिकेट** विश्व कप के प्रभाव से देश के सरकारी खजाने को अतिरिक्त राजकोषीय वृद्धि हुई है। अर्थशास्त्रियों के अनुसार भारत में आयोजित किया गया यह कार्यक्रम तीन महीने के त्योहारी सीजन के साथ भी मेल खाता है। नतीजतन, सम और त्योहारी सीजन खुदरा क्षेत्र को लाभान्वित करेगा और लोगों को 'माल की भावनात्मक खरीद' करने की संभावना है। भारत में आयोजित हुआ आईसीसी क्रिकेट विश्व कप आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ मनोरंजन, भावनाओं और बहुत कुछ का एक रोमांचकारी मिश्रण है। हम इसे 'क्रिकेटोनॉमिक्स' कहते हैं, जो आईसीसी क्रिकेट विश्व कप पिच से परे आर्थिक प्रभाव लाता है। विश्व कप 2023 टिकट, स्पॉन्सरशिप और मीडिया राइट्स में सैकड़ों करोड़ रुपए की कमाई हो रही है। बैंक ऑफ बड़ौदा का अनुमान है कि क्रिकेट विश्व कप 2023 से भारत की अर्थव्यवस्था में 2.6 अरब डॉलर या 22000 करोड़ रुपए का इजाफा होगा। स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं में रिपल प्रभाव कई गुना हैं। राजस्व में अल्पकालिक वृद्धि के अलावा खेल आयोजन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों पर्यटकों के नक्शे पर गंतव्यों को रखने में मदद करते हैं। स्टेडियम की क्षमता, बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स में निवेश का विकास पर कई गुना प्रभाव पड़ता है जिससे उन स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को दूसरों की तुलना में अधिक लाभ होता है। भारत में आयोजित हुए विश्व कप खेल गतिविधियों से उद्योगों में उपभोक्ता खर्च में वृद्धि वृद्धि हुई है। विशेष रूप से आतिथ्य-होटल, रेस्तरां, खेल और व्यापारिक स्टोर, विदेशों से उत्साही प्रशंसकों को भी अपनी टीमों का उत्साह बढ़ाने के लिए यात्रा की है। हिमाचल प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद विश्व कप 2023 के लिए 05 अंतरराष्ट्रीय मैचों के आयोजन स्थल के रूप में मिला क्योंकि हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन धर्मशाला स्टेडियम विश्व सुंदर सुरम्य स्थान है जो दुनिया भर के पर्यटकों के लिए एक आवश्यक पर्यटन स्थल है और साथ ही हमने अंतरराष्ट्रीय खिलाडियों को स्थानीय खाद्य पदार्थों, संस्कृति, लोककथाओं के साथ-साथ मांझी खड्ड, जल स्नान, ट्रियुंड ट्रेक का आनंद लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए चिंता करते अनुभव किया है। मांझी खड्ड/नदी के आसपास की साफ-सफाई, ट्रियुंड ट्रेक के, रास्ते में ट्रेकर्स द्वारा फेंकी गई प्लास्टिक की वस्तुओं को इक_ा करके सफाई अभियान किया, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टीम के खिलाडियों के अनुभव को बढ़ाने की इच्छा के रूप में शुरू हुआ, जिसके परिणामस्वरूप अनजाने में एक अधिक सतत यात्रा अनुभव पैदा हुआ। अंतरराष्ट्रीय खिलाडियों के महान कदम की सराहना की जानी चाहिए। विश्व कप मैच अंतरराष्ट्रीय खिलाडियों का मुख्य उद्देश्य था। फिर भी वे हिमालय के सबसे सुरम्य हाइकिंग स्थल त्रियुंड की ट्रेकिंग में व्यस्त हो गए और मार्ग में पर्यावरण स्वच्छता अभियान में शामिल हो गए। स्थानीय जीवन शैलियों, सांस्कृतिक प्रशंसा, साथ ही लोक कलाकारों के साथ स्थानीय नृत्य मंच नाटी स्टेप्स को सीखना और रिदम पर नृत्य करना सीखना। खेल, साहसिक कार्य, आध्यात्मिकता, पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान, ट्रेकिंग, सांस्कृतिक प्रशंसा, अनुभवात्मक पर्यटन, पारंपरिक गद्दी नाटी और लोकगीत में सक्रिय भागीदारी अनुभव को बढ़ाने की इच्छा के रूप में शुरू हुआ। सतत पर्यटन केवल एक शब्द, चर्चा नहीं है, यह एक आवश्यकता है। यह सोच-समझकर यात्रा करने और पर्यावरण, संस्कृति और स्थानीय समुदायों पर यात्रा प्रभाव को कम करने के बारे में है। यह जिम्मेदार पर्यटन के लिए भी एक अवसर है। यात्रा हमें बदलने का एक अविश्वसनीय तरीका है।

भारत में आयोजित हुआ आईसीसी क्रिकेट विश्व कप आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ मनोरंजन, भावनाओं और बहुत कुछ का एक रोमांचकारी मिश्रण है। हम इसे 'क्रिकेटोनॉमिक्स' कहते हैं, जो आईसीसी क्रिकेट विश्व कप पिच से परे आर्थिक प्रभाव लाता है। विश्व कप 2023 टिकट, स्पॉन्सरशिप और मीडिया राइट्स में सैकड़ों करोड़ रुपए की कमाई हो रही है। बैंक ऑफ बड़ौदा का अनुमान है कि क्रिकेट विश्व कप 2023 से भारत की अर्थव्यवस्था में 2.6 अरब डॉलर या 22000 करोड़ रुपए का इजाफा होगा। स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं में रिपल प्रभाव कई गुना हैं। राजस्व में अल्पकालिक वृद्धि के अलावा खेल आयोजन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों पर्यटकों के नक्शे पर गंतव्यों को रखने में मदद करते हैं।

## दृष्टिकोण

# मुझे माफ करना क्रिकेट प्रेमियो!

**सच** मानिए, जिस तरह वे बिना बैल हल वाले प्रगतिशील किसान हैं, उसी तरह मैं बिना बीवी वाला प्रगतिशील पति हूं। मैं बीवी की वाणी और ज्योतिषी की भविष्यवाणी पर पूरा पूरा भरोसा करता हूं। बीवी और ज्योतिषी का कहा मेरे लिए परम सत्य है। जिस तरह अंधभक्तों को अपने लोकप्रिय नेता पर अंधविश्वास होता है, उसी तरह मुझे भी अपनी बीवी के वचनों और अपने फैमिली ज्योतिषी के कथनों अंधविश्वास है, दुर्गंध विश्वास है। हालांकि मैं आंखें खुली रखने के बाद भी उनके वचनों के पथ पर चलकर अनेकों बार औंधे मुंह गिर चुका हूं। पता होते हुए भी औंधे मुंह गिरना ही आज सफलता का सूचक है। अबके ज्यों ही मुझ गुल्ली डंडिए की टीम विश्व कप के फाइनल में पहुंची तो मैं बीवी के आदेश पर अपने फैमिली ज्योतिषी के पास गया। मैंने उनसे सानुनय पूछा, 'हे हमारे फैमिली ज्योतिषी जी महाराज! अबके मुझे फिर गोल गोल सच बताइए कि विश्व कप कौन जीतेगा?' 'मेरा देश!' अबके उन्होंने बिना आंखें मूंदे ही कहा तो मैं हैरान हो गया। मतलब, वे भी देश को अपना मानते हैं? कल तक तो वे अपने यजमानों को ही अपना मानते थे। यजमान ही उनके भगवान थे। यहां तो केवल चुनाव लडऩे वाले ही देश को अपना मानते आए हैं। वर्ना मुझ जैसे डेडिकेटिड अफसर तक जिस ऑफिस से हजारों की पगार की आड़ में हर महीने लाखों बटोरते हैं, उस ऑफिस तक को अपना नहीं मानते। पहले तो वे मेरे पूछने पर आंखें मूंद कर हमारी फैमिली का भविष्य बताया करते थे, पर अबके तो उन्होंने आंखें खोले ही पूरे क्रिकेट प्रेमियों का भविष्य बता दिया। बस, फिर क्या था! मैंने दीपावली को आधे पटाखे चलाए और आधे उनके विश्वास में आ विश्व कप की जीत में जश्न में फोडऩे के लिए बचा लिए। पर मुझ जैसे ढोंगी क्रिकेट प्रेमियों का चाहा कहां हुआ। वे विश्व कप ले गए और हमारे हाथ में प्लेट थमा गए। मित्रो! अपनी जीत के लिए हर क्रिकेटप्रेमी ने चुनाव में जीत के लिए खड़े उम्मीद्वारों की तरह इनके उनके बताने पर क्या क्या टोटके नहीं किए? पर कोई लाभ न हुआ। उन्होंने हमारी पूजा अर्चना, पर टोटकों पर ऐसा बैट मारा कि हमारी कमर के साथ साथ टोटकों की भी कमर तोड़ दी। शायद भगवान उनकी ही सुनता है जिनके पास हर हाल में जीत की कुंजी होती है। आस्ट्रेलिया की इस न सहन होने वाली हरकत से पूरा देश मौन है। झूठ कहूं तो इसे मेरा देशप्रेम ही कहिए कि इस दुख के बाद मैं भी टूटकर इतना बिखर चुका हूं कि ऑफिस जाने को मन नहीं कर रहा। कुछ खाने को मन नहीं कर रहा। नहाने को मन नहीं कर रहा। बस, मन करता है केवल पीता जाऊं! पीता जाऊं! बॉस से संबंध ठीक होते तो ऑफिस न जाता। हारने के गम में मजे से घर में ही पड़ा रहता। इसलिए जैसे कैसे जो ऑफिस चला ही जाता हूं तो वहां जाकर काम करने को कतई मन नहीं करता। लगता है जैसे सारे हताश निराश क्रिकेट प्रेमी मेरी कुर्सी के आसपास सिसक रहे हों। खैर, काम तो ऑफिस जाने पर मैं पहले भी नहीं करता था। नौकरी आदमी काम करने के लिए थोड़ी करता है।



# गाजा में शांति लाने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में ब्रिक्स की महत्वपूर्ण भूमिका, द. अफ्रीकी राष्ट्रपति

**जोहानसबर्ग ।**

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सायरिल रामाफोसा ने कहा कि गाजा पट्टी में स्थायी शांति लाने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में ब्रिक्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बैठक के दौरान ब्रिक्स देशों से इजराइल और हमास के बीच हो रहे युद्ध में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति लाने के लिए अपने प्रयासों को एकजुट करने का आह्वान किया है।

**बैठक में रखा यह प्रस्ताव** - रामाफोसा मध्य पूर्व के हालातों पर ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) के नेताओं और आमंत्रित ब्रिक्स सदस्यों के नेताओं की एक वर्चुअल बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने फलस्तीन में संयुक्त राष्ट्र रैपिड डिप्लॉयमेंट फोर्स की तैनाती का भी प्रस्ताव रखा, जिसका मकसद दुश्मनों पर निगरानी रखना और नागरिकों की सुरक्षा के साथ-साथ फलस्तीनियों और इस्राइलियों के नेतृत्व और स्वामित्व वाली व्यापक बातचीत और संयुक्त राष्ट्र द्वारा सुविधा प्रदान करना था।

**यह लोग भी हुए शामिल** - ब्रिक्स देशों के नेताओं के अलावा, नए ब्रिक्स भागीदारों - सऊदी अरब, अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात के नेताओं और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने बैठक में वर्चुअली भाग लिया था।

**आइए सुरक्षित भविष्य के लिए मिलकर काम करें** - रामाफोसा ने कहा, मानवता के एक बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक दक्षिण की एक महत्वपूर्ण आवाज के रूप में, हमारा मानना है कि न्यायसंगत और स्थायी शांति हासिल करने के लिए व्यापक अंतरराष्ट्रीय प्रयास में ब्रिक्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने आगे कहा, अलग-अलग देशों के रूप में, हमने गाजा में पैदा हुए संकटों पर हमेशा अपनी चिंता और गंभीरता को सामने रखा है। इसलिए आइए यह बैठक हमारे लिए एक स्पष्ट आह्वान के रूप में हो कि हम अन्याय का खात्मा करने के लिए अपने प्रयासों को एकजुट करेंगे और अपने कार्यों को मजबूत करेंगे। आइए हम फलस्तीन और इजराइल दोनों के लोगों के लिए एक न्यायसंगत, शांतिपूर्ण और सुरक्षित भविष्य को साकार करने के लिए मिलकर काम करें।

**यह मुद्दे पर बुलाई गई बैठक** - गंभीर वैश्विक चिंता के मुद्दे को संबोधित करने के लिए बुलाई गई बैठक में रामफोसा ने कहा कि सात अक्तूबर को हमास ने इजराइल पर हमला कर दिया था, जिसमें 1200 से अधिक लोगों की जान चली गई। उसके बाद से लेकर अबतक पूरी दुनिया गाजा में हजारों निर्दोष लोगों की विनाशकारी हत्या की गवाह रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### लापता छात्रों से जुड़े मामले में कार्यवाहक पीएम को समन, 29 नवंबर को अदालत में पेश होने का आदेश



**इस्लामाबाद ।** अशांत बलूचिस्तान प्रांत से लापता 55 छात्रों से जुड़े मामले में कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने उन्हें इस मामले में समन जारी कर 29 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। अदालत ने सरकार से यह भी पूछा कि क्या उसे इस मामले को संयुक्त राष्ट (यूएन) को भेजना चाहिए। पाकिस्तान के एक प्रमुख समाचार पत्र ने अपनी खबर में बताया कि उच्च न्यायालय ने काकर को निर्देश दिया कि अगर वह बलूच जबरन गुमशुदगी आयोग की सिफारिशों के अनुसार लापता छात्रों की बरामदगी सुनिश्चित नहीं करते हैं तो वह उसके समक्ष पेश हों। न्यायमूर्ति मोहसिन अख्तर कयानी ने जबरन गुमशुदगी के मामले में जांच आयोग की सिफारिशों को लागू करने से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। लापता लोगों का पता लगाने और इसके लिए जिम्मेदार लोगों या संगठनों की जिम्मेदारी तय करने के लिए साल 2011 में इस आयोग का गठन किया गया था। एक अन्य समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, इससे पहले 10 अक्तूबर को हुई सुनवाई में आईएचसी ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह लापता बलूच छात्रों को बरामद करने की अपनी जिम्मेदारी निभाए। आज की सुनवाई में अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल ने न्यायमूर्ति कयानी से अनुरोध किया कि वह मंत्रियों या प्रधानमंत्री को समन जारी न करें। उनके अनुरोध को अस्वीकार करते हुए न्यायाधीश ने कहा, इसमें (प्रधानमंत्री या मंत्रियों को समन जारी करने में) कुछ भी गलत नहीं है। हर कई इसका (गुमशुदगी के मामले का) मजाक बना रहा है। उन्होंने आगे कहा, इस देश के लोगों के साथ इससे बड़ा अन्याय क्या होगा कि उन्हें गायब किया जा रहा है लोगों की गुमशुदगी के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा, क्या हमें इस मामले को संयुक्त राष्ट को भेजना चाहिए और अपने देश का अपमान कराना चाहिए अंतरिम प्रधानमंत्री ने पिछले महीने माना था कि संयुक्त राष्ट की एक उप-समिति के अनुमान के अनुसार बलूचिस्तान में करीब पचास लोगों को जबरन गायब कर दिया गया है।

### गाजा संकट अन्यायपूर्ण पश्चिमी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का संकेत; ईरान के राष्ट्रपति नेतन्याहू पर बरसे



**तेहरान ।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने इजराइल और हमास के हिंसक संघर्ष को पश्चिम की अन्यायपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का स्पष्ट संकेत करार दिया है। उन्होंने इजराइल और हमास युद्ध के डेढ़ महीने से भी अधिक समय (46 दिन) बीतने के बाद ब्रिक्स देशों की विशेष बैठक को संबोधित किया। उन्होंने इजराइल की आलोचना करते हुए यहूदी शासन को आपराधिक करार दिया। उन्होंने कहा कि इन दिनों जो हो रहा है वह पश्चिमी देशों की नाइंसाफी और अन्यायपूर्ण अंतरराष्टीय व्यवस्था है। गौरतलब है कि इजराइल और हमास के बीत बीते सात अक्तूबर से शुरू हुए हिंसक संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया में अभूतपूर्व मानवीय संकट पैदा हो गया है। इजराइल, फलस्तीन और गाजा की चिंताजनक स्थिति को देखते हुए ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका (ब्रिक्स) के नेताओं ने वर्चुअल बैठक कर हालात की समीक्षा की। असाधारण परिस्थितियों में बुलाई गई बैठक में इन देशों के नेताओं के अलावा गए सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

### भारत को उन्नत शिशुमार पनडुब्बी देगा जर्मनी

**बर्लिन ।** पाकिस्तान और चीन का मुकाबला करने के लिए जर्मनी ने भारतीय नौसेना को एचडीडब्ल्यू श्रेणी की उन्नत वैरिएंट की पनडुब्बी देने की पेशकश की है। इसे भारत में शिशुमार श्रेणी के नाम से जाना जाता है। अभी तक भारतीय नौसेना के बेड़े में इसके पुराने वैरिएंट ही मौजूद हैं। जर्मनी की थिसेनक्रुप एजी कंपनी इसे बनाती है। इसकी कुल लागत 4.8 अरब डॉलर है। एचडीडब्ल्यू पारंपरिक डीजल इलेक्ट्रिक पनडुब्बी है, जो 72 मीटर लंबी होती हैं। नई पनडुब्बी कई तरह से घातक हथियारों और तकनीक से लैस है। थिसेनक्रुप के एक अधिकारी के मुताबिक, मौजूदा 214 एक मानक डिजाइन वाली पनडुब्बी है। इसे भारतीय नौसेना की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कुछ बदलाव की आवश्यकता होगी। टाइप 209 जो भारत को 80 के दशक के मध्य में जर्मनी से मिली थी और इसमें से दो का निर्माण भारत में किया गया था, उनमें भी भारत के मुताबिक बदलाव किया गया।

## अल-शिफा के नीचे इजराइल निर्मित बंकर

# जानकारी पहले से ही थी ; युद्ध के बीच पूर्व पीएम एहुद बराक का दावा

**तेल अवीव ।**

हमास के साथ 47 दिनों से जारी हिंसक संघर्ष के बीच युद्धविराम पर सहमति बनी है। हमास ने कहा है कि वह 50 बंधकों को रिहा करेगा। बदले में इजराइल भी 100 से अधिक बंधकों को रिहा करने को राजी है। इस घटनाक्रम के बीच इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री एहुद बराक ने चौंकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने कहा, यह बात पहले से ही पता है कि गाजा में अल-शिफा अस्पताल के नीचे बंकर बनाए गए हैं। एहुद का कहना है कि इनका निर्माण इजराइल ने खुद कराया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री बराक ने कहा, पिछले कई वर्षों से यह बात पता है कि अल शिफा के नीचे मूल रूप से इजराइली निर्माण कंपनियों की तरफ से बनाए गए बंकर हैं। पूर्व प्रधानमंत्री बराक का बयान इसलिए अहम है क्योंकि पिछले हफ्ते आई खबरों में इजराइली सुरक्षाबलों ने कहा था कि उन्हें 55 मीटर लंबी आतंकवादी सुरंग मिली है। आईडीएफ के अनुसार हमास इसे कमांड चौकी के तौर पर इस्तेमाल कर रहा था। इजराइली सुरक्षाबलों का दावा है कि सुरंग में सौर पैनल की मदद से बिजली का इंतजाम भी किया गया है।

बंकरों को हमास की हमास कमांड चौकी के रूप में इस्तेमाल किए जाने पर पूर्व पीएम बराक ने कहा, कई सुरंगों के जंक्शन पर बने बंकर इजराइल की तरफ से बनाई गई पूरी प्रणाली का हिस्सा थे। मुझे नहीं पता कि जिस बंकर की बात आईडीएफ कर रहा है, वह हमास के लिए किस हद तक प्रमुख कमांड चौकी है। उन्होंने कहा कि शायद बंकर केवल कमांड चौकी नहीं है। अन्य अस्पतालों या संवेदनशील जगहों पर भी बंकर बनाए गए हैं। निश्चित रूप से इसका उपयोग हमास के आतंकियों की तरफ से किया गया।

बता दें कि हमास के साथ जारी युद्ध के बीच गाजा में कार्रवाई कर रही इजराइली सेना ने मस्जिद में हथियार बरामद होने के साथ-साथ रॉकेट लैब होने का दावा किया है। वीडियो के आधार पर गाजा के आतंकी ठिकानों का जिक्र हो रहा है। अब पूर्व प्रधानमंत्री एहुद बराक का बयान सुर्खियां बटोर रहा है। उन्होंने कहा कि गाजा के युद्धग्रस्त अल शिफा अस्पताल के नीचे इजराइल ने कुछ बंकर बनवाए हैं।



बराक के मुताबिक जिन भूमिगत जगहों की बातें हो रही हैं इनका निर्माण इजराइल ने कई दशकों पहले कराया था। शायद उस समय के आसपास जब इजराइल ने गाजा पर कब्जा कर लिया था। इन बंकरों का मकसद अस्पताल के संचालन के लिए अधिक सक्षम जगह बनाना है। उन्होंने साफ किया कि कई दशक पहले गाजा और अल-शिफा अस्पताल के आस-पास वाले इलाके पर इजराइल का नियंत्रण था। चार दशक पहले इजराइल इस जगह को चला रहा था। इजराइल ने अस्पताल की सेवाओं को निर्बाध रखने और अधिक जगह का बंदोबस्त करने के मकसद से इन बंकरों को बनवाया। इजराइल ने अस्पताल परिसर के सीमित आकार के भीतर बंकर बनाने में उनकी मदद की। गौरतलब है कि 14 साल पहले, साल 2009 में, इजराइली समाचार ने कहा था कि 1980 के दशक में इजराइल ने अल शिफ़ा अस्पताल का विस्तार किया था। इसे 1960 के दशक के अंत में बनाया गया था। इस समय गाजा मिस्र के शासन के अधीन था। परिसर में एक बड़ा सीमेंट बेसमेंट भी शामिल था। इसमें अस्पताल के कपड़े धोने और विभिन्न प्रशासनिक सुविधाएं थीं। पूर्व प्रधानमंत्री बराक के मुताबिक इजराइली निर्माण में बदलाव आया है। उन्होंने कहा, हमास ने काफी विस्तार किया है और इसे अन्य सुरंगों और बंकरों से जोड़ा है। बराक ने इस बात पर भी जोर दिया कि अस्पताल पर हमला करने के दौरान इजराइल ने सतर्क दृष्टिकोण अपनाया। उन्होंने कहा, पहले इजराइली टैंकों ने अस्पताल को चारो तरफ से घेर लिया था। यहां भोजन, ईंधन, पानी और दवाओं की कमी की खबरें आ रही थीं। इजराइली सेना के हमले से पहले अस्पताल के नीचे बने बंकरों में हमास के गुर्गों को आतंकी निशान निशान मिटाने का काफी समय मिला। उन्होंने कहा, इजराइली सेना ने पहले कई दिनों तक चेतावनी दी। डॉक्टरों और मरीजों की जान बचाने के मद्देनजर सैन्य कार्रवाई बहुत सावधानी से की गई। इतने समय में बंकर के सक्रिय होने के सबूत मिटाने में मदद मिली। पूर्व प्रधानमंत्री के मुताबिक इजराइल को भरोसा है कि हमास की गतिविधियों के लिए कमांड चौकी के रूप में वर्षों से इसका उपयोग किया जा रहा था।

# इजराइल-हमास संघर्ष में युद्धविराम के प्रयासों का भारत ने किया समर्थन, फलस्तीन के संप्रभु राज्य की पैरवी



**वाशिंगटन ।**

भारत ने इजराइल-हमास संघर्ष में मानवीय विराम के प्रयासों के साथ विश्व समुदाय की कोशिशों का स्वागत किया है। इनका मकसद फलस्तीनियों का तनाव घटाना व तत्काल मानवीय मदद देना है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा, हम इजराइल के साथ शांति व मान्यता प्राप्त सीमाओं में रहने वाले फलस्तीन के संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य राज्य की स्थापना के लिए सीधी वार्ता फिर शुरू करने की पैरवी करते हैं।

गाजा पट्टी में मानवीय स्थिति पर ब्रीफिंग पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में पूर्ण सत्र की अनौपचारिक बैठक में बोलते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने जोर देकर कहा, भारतीय नेतृत्व का संदेश 'स्पष्ट और सुसंगत' रहा है। कंबोज ने कहा, भारत मानवीय आधार पर युद्ध विराम के प्रयासों का भी स्वागत करता है। इस बीच, गाजा में नुसीरात शरणार्थी शिविर पर इजराइली बमबारी में कम से कम 20 फलस्तीनी मारे गए। उधर, गाजा पट्टी में इजराइल ने गत 24 घंटों में हमास के 250 ठिकानों पर हमले किए। भारत ने गाजा में फलस्तीनियों की मदद के लिए दान किए 25 लाख डॉलर वहीं, भारत ने फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए यूएनआरडब्ल्यूए को 25 लाख डॉलर दान किए। फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए एजेंसी की तरफ से शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल व राहत के कई कार्यक्रमों और सेवाओं का समर्थन करते हुए भारत ने 2023-24 के लिए कुल 50 लाख डॉलर दान के संकल्प में से 25 लाख डॉलर दान किए। रामल्ला में भारतीय प्रतिनिधि रेणु यादव ने एजेंसी के निदेशक करीम आमेर को यह रकम सौंपी। हमास प्रमुख का दावा, इजराइल से युद्धविराम समझौता करीब इस बीच, हमास के प्रमुख इस्माइल हनियेह ने दावा किया है कि फलस्तीनी आतंकी समूह इजराइल के साथ एक युद्धविराम समझौते के बेहद करीब पहुंच चुका है। हालांकि दोनों पक्षों के एक-दूसरे पर हमले जारी हैं। हनियेह ने कहा, हमास ने कतर के मध्यस्थों को प्रतिक्रिया दे दी है। वार्ता इस पर केंद्रित रही कि युद्धविराम कितने समय तक चलेगा, गाजा में मदद पहुंचाने की व्यवस्था और इजराइल में फलस्तीनी कैदियों के लिए हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइली बंधकों की अदला-बदली कैसे होगी। दोनों पक्ष महिलाओं और बच्चों को मुक्त करेंगे व कतर औपचारिक घोषणा करेगा।

# पाकिस्तान ने ब्रिक्स की सदस्यता के लिए किया आवेदन, इस देश की मदद से संगठन में शामिल होने की जताई उम्मीद




**मॉस्को ।**

विकासशील देशों के संगठन ब्रिक्स की लगातार बढ़ती लोकप्रियता के बीच अब पाकिस्तान ने इसमें शामिल होने के लिए आवेदन कर दिया है। इसकी जानकारी दी है। रूस में पाकिस्तान के राजदूत मोहम्मद खालिद जमाली ने आवेदन भरने के साथ ही ब्रिक्स में सदस्यता दिलाने के लिए रूस से मदद मांगी है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान ने उम्मीद जताई है कि 2024 में ब्रिक्स संगठन की सदस्यता हासिल करने के लिए उसने रूस से मदद मिलने की उम्मीद जताई है। गौरतलब है कि ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के मूल ढांचे वाले ब्रिक्स गठबंधन ने इसी साल अपने सदस्यों की संख्या बढ़ाकर 11 करने की घोषणा की। नए सदस्यों में अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को समूह के नए सदस्यों के रूप में शामिल करने का फैसला किया था। हालांकि, पाकिस्तान ने ब्रिक्स के विस्तार की खबर को तवज्जो नहीं देने की कोशिश करते हुए कहा था कि उसने इसमें शामिल होने के लिए अभी तक औपचारिक अनुरोध नहीं किया है। पाकिस्तान की विदेश कार्यालय ने कहा था कि हम ताजा घटनाक्रमों की समीक्षा करेंगे और ब्रिक्स के साथ अपने भविष्य के संबंधों के बारे में दृढ़ संकल्प करेंगे। हम अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भावना को बढ़ावा देने और समावेशी बहुपक्षवाद को पुनर्जीवित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपने प्रयास जारी रखेंगे।

# स्वास्तिक निशान को लेकर एकजुट हुआ इंडो-कनाडियन समुदाय, प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से की माफी की मांग

**ओटावा ।**

कनाडा में हिंदू विरोधी गतिविधियों के बीच स्वास्तिक को लेकर भी तरह-तरह के भ्रम फैलाए जा रहे हैं। इजरायल और हमास में युद्ध के बीच कनाडा में कई जगहों पर स्वास्तिक जैसा निशान बना पाया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भी स्वास्तिक निशान के खिलाफ बयान दिया था। वहीं अब इंडो-कनाडियन समुदाय ने रीक्लेम स्वास्तिक नाम से अभियान शुरू कर दिया है। अभियान में लोग नाजियों द्वारा इस्तेमाल किए गए निशान और स्वास्ति के बीच का अंतर समझा रहा है। इसके अलावा हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध समुदाय में इस निशान की महत्ता के बारे में भी समझा रहे हैं। बता दें कि यहूदियों की कई जगहों पर बीते दिनों धमकी के साथ नाजी वाला निशान बनाया गया। इसके अलावा ओटावा में एक रैली के दौरान भी वैसा ही निशान दिखाया गया। प्रधानमंत्री ट्रूडो ने इसके बाद सोशल मीडिया पर लिखा, संसद के सामने इस तरह से स्वास्तिक का निशाना दिखाना बर्दाश्त नहीं होगा।

इसके अलावा टोरंटो पुलिस की वेबसाइट पर भी स्वास्तिक को हेट सिंबल के रूप में बताकर कहा गया कि अगर कोई इसका इस्तेमाल करता है तब उसपर आपराधिक धाराएं लगेगी। इसके बाद



इंडो-कनाडियन समुदाय ने इसका विरोध शुरू किया। कनाडियन ऑर्गनाइजेशन फॉर हिंदू हेरिटेज ऐंड एजुकेशन स्वास्तिक रीक्लेम अभियान शुरू कर दिया। कनाडाई एजेंसियों और पुलिस को भी इसकी जानकारी दी गई और कहा गया कि स्वास्तिक का निशान समृद्धि का परिचायक है और इसका इस्तेमाल पवित्र रूप में मंदिरों, घरों और कार्यालयों में किया जाता है।

बोर्ड मेंबर रुची वाली ने कहा, स्वास्तिक कोई घृणा का निशान नहीं है। यह एक प्राचीन निशान है जिसका इस्तेमाल हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध करते हैं। नाजियों ने इसका उपयोग कभी नहीं किया। वे एक हुक वाले क्रॉस का इस्तेमाल किया करते थे। स्वास्तिक को गलते उसके साथ जोड़ दिया गया है। यह हिंदूफोबिक हो गया है कि स्वास्तिक को हेट सिंबल बताया जा रहा है। यह समृद्धि और शांति का प्रतीक है।

यहूदी समुदाय ने भी इस विचार को माना है। यहूदी संगठन के रिचर्ड मरस्यू ने कहा कि हाल ही में कई रैलियों में नाजियों के निशान को लहराया गया। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर हिंदू समुदाय के साथ संपर्क में हैं।

# कभी आस्था का केंद्र रही मस्जिद अब आतंकी ठिकाना और रॉकेट लैब, हथियार बरामद; आईडीएफ के वीडियो में दावा

**तेल अवीव ।**

इजराइल हमास के आतंकी ठिकानों पर लगातार हमले कर रहा है। इसी बीच आईडीएफ की तरफ से जारी वीडियो में दावा किया गया है कि हमास के रॉकेट लैब के तौर पर मस्जिद का इस्तेमाल किया जा रहा है। इजराइल की सेना इससे पहले अस्पतालों के भीतर सुरंग और आतंकी ठिकानों के दावे भी कर चुकी है। खबरों के अनुसार, इजराइल और हमास चार दिनों के युद्धविराम समझौते पर सहमत हुए हैं। इस दौरान हमास 50 बंधकों को रिहा करेगा। हालांकि, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ किया है कि युद्धविराम का मतलब हमास के खिलाफ सैन्य कार्रवाई बंद किया जाना नहीं है।

**आस्था का केंद्र मस्जिद अब आतंकी ठिकाने में बदली** - पिछले 47 दिनों से जारी टकराव के बीच आईडीएफ ने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर वीडियो जारी किया है। मस्जिद की वीडियो के साथ लिखे बयान में सेना ने कहा है कि मस्जिद जैसी पवित्र जगहों का इस्तेमाल आतंकी ठिकाने के रूप में नहीं किया जाना चाहिए। हमास इस मस्जिद का इस्तेमाल हथियारों को छिपाने के लिए करता है। इजराइली सेना ने इसे हमास की रॉकेट लेबोरेट्री भी करार दिया। वीडियो रिलीज करते हुए आईडीएफ ने कहा कि कभी आस्था और उपासना का केंद्र रही मस्जिद अब आतंकी ठिकाना बन चुकी है।

**इजराइली सेना को हथियारों के अलावा सुरंग का रास्ता भी मिला** - आईडीएफ ने कहा कि मस्जिद के अंदर दर्जनों मोर्टार, वारहेड मिसाइलें, थर्मोबेरिक हथियार, कंधे पर रखकर मिसाइल दागने की प्रणाली- रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड यानी आरपीजी और सुरंग में जाने का एक रास्ता / शाफ्ट का पता लगाना। बता दें कि थर्मोबेरिक हथियार



विमान से दागे जा सकते हैं। इसे जमीनी लॉन्च पैड से भी इस्तेमाल किया जा सकता है। विस्फोटक ईंधन के रूप में इसमें प्राकृतिक हवा का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

**कहां है मस्जिद; सेना को रॉकेट स्केच मिला** - इजराइली रक्षा बलों ने इस मस्जिद की लोकेशन गाजा पट्टी पर होने का दावा किया है। कथित वीडियो के साथ आईडीएफ ने दावा किया कि मस्जिद के भीतर प्रयोगशाला एक दीवार के पीछे छिपी हुई थी। इसके अंदर की सुरंग को उजागर करने के लिए सुरक्षाबलों को मस्जिद को निशाना बनाना पड़ा। रॉकेट और विस्फोटक सामग्री बरामद होने के अलावा सेना का दावा है कि उसे व्हाइटबोर्ड पर रॉकेट स्केच भी मिले हैं। यह चौंकाने वाला दावा आईडीएफ ने ऐसे समय में किया है जब उसने कहा है कि गाजा के सबसे बड़े हॉस्पिटल- अल-शिफा अस्पताल में भी हमास का अड्डा खोजने में सफलता मिली। साथ ही सेना ने बंधकों को खोजने का भी दावा किया है।

### बराक ओबामा के पूर्व सलाहकार ने कीं इस्लाम विरोधी टिप्पणियां, वीडियो वायरल होने पर नौकरी से निकाले गए

**वॉशिंगटन ।** बराक ओबामा के पूर्व प्रशासनिक सलाहकार स्टुअर्ट सेल्डोविट्ज को इस्लाम विरोधी टिप्पणी करने पर नौकरी से निकाल दिया गया है। दरअसल, सेल्डोविट्ज के सोशल मीडिया पर दो वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें वह हलाल बेचने वाले दुकानदार पर गुस्सा करते दिख रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि सेल्डोविट्ज न्यूयॉर्क शहर के एक दुकानदार को किस तरह परेशान कर रहे। वीडियो में यह भी दिख रहा है कि उन्होंने दुकानदार पर फलस्तीन विरोधी टिप्पणियां कीं। फिर बाद में उसकी बेइज्जती की। इस फुटेज को कोलंबिया यूनिवर्सिटी के एक छात्र ने साझा किया था। बाद में एक इसी तरह का और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। इसमें सेल्डोविट्ज हलाल बेच रहे दुकानदार को आतंकवादी कहते और इजराइल-हमास संघर्ष को लेकर उसके बारे में अन्य टिप्पणियां करते पाए गए। लोगों का गुस्सा देखते हुए अमेरिका की लॉबिंग फर्म गोथम गवर्नमेंट रिलेशंस ने ओबामा प्रशासन के पूर्व सलाहकार की टिप्पणियों की निंदा की और उन्हें नस्लवादी करार दिया।

## जींद में भक्तों ने श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर निकली भव्य श्री श्याम निशान यात्रा

**जींद ( हिंस )।** श्री श्याम कृपा मंडल जींद द्वारा श्री श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर बुधवार को शहर में विशाल और भव्य श्याम निशान यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक प्रतिनिधि राजन चिल्लाना, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार गोयल, कांग्रेस नेता प्रमोद सहवाग, प्रमुख समाजसेवी कामिनी आशरी, आप महिला प्रदेश अध्यक्ष रजनीश जैन, कांग्रेस नेता पवन गर्ग, चंद्ररूप शर्मा, सीमा महंत, युवा कांग्रेस नेता मयंक गर्ग, जेजेपी नेता कुलदीप रंधावा, मदन लाल गोयल इत्यादि ने मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत की। इन सभी अतिथिगणों ने यात्रा को अग्रवाल धर्मशाला से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस यात्रा में श्रद्धालुओं को श्री खाटू श्याम परिवार जींद के सदस्यों द्वारा पैदल चल कर चुलकाना धाम से लाई गई बाबा श्याम जी की अखंड ज्योत के दिव्य दर्शन करने का भी मौका मिला। यह अखंड ज्योत कपिल, सावर गर्ग, दीपक गर्ग, सुनील गोयल, अरुण बंसल, पवन बंसल, सुनील, पवन सिंगला, गौरव, ध्रुव इत्यादि सदस्यों द्वारा लाई गई। यह अखंड ज्योत यात्रा के आगे आगे चल रही थी। इस निशान यात्रा में दर्जनों स्थानों पर फूलों व इत्र की बरसात से जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा में सैकड़ों महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। यात्रा में महिलाओं की संख्या अच्छी खासी थी। यह भव्य यात्रा अग्रवाल धर्मशाला से शुरू होकर गोहाना रोड के रास्ते रानी तालाब, पुरानी कचहरी रोड, सिटी थाना, पालिका बाजार, टाऊन हाल, बैंक रोड, रामराये गेट, जनता बाजार, घंटाघर, इंदिरा बाजार, सिटी स्टेशन रोड, देवीलाल चौक अंडरपास से होते हुए बनखंड महादेव मंदिर पहुंची। इस यात्रा में गणेश जी, शिव शंकर जी, परशुराम जी, हनुमान जी, महाराजा अग्रसेन जी, राधा कृष्ण जी, बाबा श्याम जी की झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रही।

# चुनाव आयोग ने कांग्रेस की सात गारंटियों के विज्ञापन पर लगाई रोक

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान निर्वाचन विभाग ने कांग्रेस की ओर से जारी सात गारंटियों के विज्ञापन पर रोक लगा दी है। आमजन को वॉयस कॉल के जरिए गारंटियों के बारे में बताना और उनसे रजिस्ट्रेशन करवाने के विज्ञापन को आयोग ने चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की श्रेणी में मानते हुए रोक लगाई है। पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में जनता के पास लगातार मोबाइल नंबर से रिकॉर्डेड कॉल आ रहे हैं। इसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की आवाज में कांग्रेस की सात गारंटियों के बारे में जानकारी दी जा रही है और उसका लाभ लेने के लिए लोगों से रजिस्ट्रेशन करने की अपील की जा रही है। ये रजिस्ट्रेशन कॉल के दौरान ही किया जाता है। इस विज्ञापन को लेकर पिछले दिनों भाजपा ने आपत्ति जताते हुए शिकायत की थी। इस पर निर्वाचन विभाग ने जब इसकी जांच करवाई तो पता चला कि इस विज्ञापन को निर्वाचन विभाग की ओर से बनाई राज्यस्तरीय विज्ञापन अधिप्रमाणन समिति से मंजूर ही नहीं करवाया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता की ओर से राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष और महासचिव के नाम भेजे नोटिस में लिखा है कि राज्यस्तरीय विज्ञापन अधिप्रमाणन समिति के संज्ञान में आया है कि आपके राजनीतिक दल द्वारा अपने चुनाव प्रचार से संबंधित 2 आईवीआरएस/ओवीडी संदेश राज्यस्तरीय विज्ञापन अधिप्रमाणन समिति से प्रसारण प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना प्रसारित किए जा रहे हैं। एक संदेश अशोक गहलोत की आवाज में सात गारंटियों के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया फोन नंबर 1204477631 के माध्यम से प्रचारित किया जा रहा है। दूसरा संदेश मोबाइल नंबर 8587070707 पर मिस्ड कॉल करने के बाद %नमस्कार जी, आपको बधाई। आपका नंबर गारंटियों के लिए सफलतापूर्वक रजिस्टर कर लिया गया है, प्रसारित हो रहा है। भारत निर्वाचन आयोग ने अपने 24 मार्च 2014 के निर्देश में सभी राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को यह निर्देशित किया है कि कोई भी विज्ञापन, जो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर प्रसारित किया जाना प्रस्तावित है, का पूर्व अधिप्रमाणन आवश्यक है, लेकिन आपके द्वारा उन निर्देशों की अनुपालना किए बिना इन संदेशों के जरिए मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया जा रहा है। आपको आदेश दिया जाता है कि आप उक्त दोनों ऑडियो संदेशों का प्रसारण तुरंत प्रभाव से रुकवाएं और यह स्पष्ट करवाएं कि आप द्वारा किन कारणों से बिना अधिप्रमाणन के उक्त विज्ञापन संदेश प्रसारित कर आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों की अवहेलना की गई। नियमानुसार कोई भी राजनीतिक पार्टी या प्रत्याशी अपना विज्ञापन मीडिया में चुनाव प्रचार के लिए जारी करता है तो उसे निर्वाचन विभाग की ओर से बनाई विज्ञापन अधिप्रमाणन समिति से मंजूर करवाना होता है।

## आरडीएक्स सप्लाई मामले में आतंकी जगतार सिंह हवारा बरी



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या मामले में दोषी बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकी जगतार सिंह हवारा को चंडीगढ़ की अदालत ने बुधवार को आरडीएक्स रखने के आरोप में बरी कर दिया। कोर्ट में चंडीगढ़ पुलिस जगतार सिंह हवारा के खिलाफ सबूत पेश नहीं कर पाई। हवारा अभी दिल्ली में मंडोली जेल में बंद है। चंडीगढ़ पुलिस की ऑपरेशन सेल ने आतंकी जगतार सिंह हवारा के दो साथियों कमलजीत सिंह और परमजीत सिंह को आरडीएक्स के साथ सेक्टर-35 के किसान भवन चौक से 2005 में गिरफ्तार किया था। इसके बाद इनके खिलाफ चंडीगढ़ में मुकदमा दर्ज किया गया था। इन दोनों से पूछताछ में आतंकी हवारा का नाम सामने आया था। पुलिस के मुताबिक जगतार सिंह हवारा ने ब्लास्ट करने के लिए अपने साथी कमलजीत और परमजीत को आरडीएक्स उपलब्ध कराया था। इस मामले में काफी दिनों से पुलिस का गवाह कोर्ट में नहीं आ रहा था। इसके बाद पुलिस ने अदालत को बताया कि गवाह की मौत हो चुकी है, जिसके चलते अदालत ने सबूत के अभाव में जगतार सिंह हवारा को बरी कर दिया है।

### पंजाब में किसानों का धरना जारी

## जालंधर-लुधियाना मार्ग रातभर रहा बाधित



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब में किसानों का धरना लगातार चल रहा है। किसानों ने मंगलवार को रातभर जालंधर-लुधियाना मार्ग पर जाम लगाए रखा। जिससे बुधवार सुबह अपने काम पर जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पंजाब सरकार ने किसानों से वार्ता के लिए आज बैठक बुलाई है। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसान संगठन गन्ने के रेट में बढ़ाने और अन्य मांगों को लेकर जालंधर-लुधियाना हाईवे पर बैठे हुए हैं। देर रात किसानों ने अपनी मांगों को मनवाने के लिए सरकार पर दबाव बनाने के लिए जालंधर के धन्नोवाली के पास से ट्रेनें रोकने का भी अल्टीमेटम दिया है। किसानों से वार्ता करने के लिए पंजाब सरकार ने बुधवार को किसान संगठनों के साथ बैठक बुलाई है। इस बैठक के बाद समाधान होने की उम्मीद है। अगर सरकार से मीटिंग नहीं हुई तो किसान जालंधर के धन्नोवाली के पास से ट्रेनें भी रोकेंगे। मंगलवार को देर शाम जालंधर प्रशासन के अधिकारी किसानों से भी मिले थे। इस दौरान उन्होंने किसानों से उनकी बात सरकार तक पहुंचाने और जल्द से जल्द उनके मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन आश्वासन बाद भी धरना खत्म नहीं किया गया। भारतीय किसान यूनियन दोआबा के प्रदेश अध्यक्ष मंजीत सिंह राय ने अधिक से अधिक किसानों से इस धरने में शामिल होने की अपील की है।

## चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन रहेगा दमदार और बनाएगी सरकार : गोपाल कांडा

**सिरसा ( हिंस )।** सिरसा के विधायक, पूर्व गृह राज्यमंत्री एवं हरियाणा लोकहित पार्टी के अध्यक्ष गोपाल कांडा ने राज्य विधानसभाओं के चुनाव को लेकर कहा कि कुछ राज्यों में भाजपा कड़े मुकाबले में है और जहां पर कड़े मुकाबले हो वहां भाजपा जीत जाती है। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सिरसा के विकास से जुड़े कई प्रोजेक्ट को मंजूर किया है और जल्द ही मुख्यमंत्री सिरसा में बाबा सरसांईनाथ मेडिकल कालेज के निर्माण कार्य का शुभारंभ करेंगे। विधायक गोपाल कांडा ने हिसारियां बाजार स्थित कैंप कार्यालय में जन समस्याएं सुनी और उनका अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर समाधान करवाया। इसके साथ ही वे शहर के व्यापारियों से मिलने उनके प्रतिष्ठानों पर पहुंचे और उनका हाल चाल जाना। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए एनडीए के सहयोगी विधायक गोपाल कांडा ने कहा कि चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन दमदार रहेगा और भाजपा ही सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में भाजपा कड़े



मुकाबले में है और यह भी सच है कि जहां पर भी कड़े मुकाबले होते हैं वहां पर भाजपा जीत जाती है। सिरसा में विकास कार्यों को लेकर उन्होंने कहा कि इस समय सिरसा विधानसभा क्षेत्र खासकर नगर में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे है और मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने कई प्रोजेक्ट को मंजूर किया है जिसके बाद सिरसा की सूरत ही बदली नजर आएगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सिरसा में बाबा सरसांईनाथ मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा। मिशन-2024 को लेकर पूछे सवाल पर विधायक गोपाल कांड ने कहा कि अभी अपनी रणनीति नहीं बता सकते, समय आने पर जल्द ही मिशन-2024 की हलोपा की रणनीति का खुलासा करेंगे। उन्होंने हिसारियां बाजार स्थित कैंप कार्यालय में पहुंचकर जनसमस्याएं सुनी और फोन पर अधिकारियों से बातचीत कर उनका समाधान करवाया। इसके बाद उन्होंने बाजारों में दौरा कर व्यापारियों के प्रतिष्ठान पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की और हालचाल जाना। इस मौके पर उनके साथ तेजप्रकाश बांसल, भूप सिंह एडवोकेट, हरमंदर सिंह मराड, नवदीश गर्ग, नरेंद्र कटारिया, अनमाल मुक्कड़, लक्ष्मण गुज्जर, विजय यादव, नितेश मित्तल, पवन शर्मा, डॉ. रिछपाल सिंह, अशोक ग्रोवर आदि मौजूद थे। साथ ही उन्होंने अपने बड़े भाई राधेश्याम कांडा के हिसारियां बाजार स्थित प्रतिष्ठान पर पहुंचकर उनका आशीर्वाद लिया और कुशलक्षेम जानी, उनके भतीजे बजरंग कांडा ने विधायक गोपाल कांडा से आशीर्वाद लिया।

## राहुल गांधी अपरिपक्व, पनौती शब्द का मतलब भी पता नहीं : अरुण चतुर्वेदी

**जयपुर ( हिंस )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए उपयोग में लिए गए अशोभनीय शब्द पनौती को भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने एक बयान जारी कर राहुल गांधी की अपरिपक्वता करार दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को पनौती शब्द का मतलब भी पता नहीं है, अगर ऐसा होता तो वे इस शब्द को कभी भी काम में नहीं लेते। उन्हें पता होना चाहिए कि पनौती वह व्यक्ति है जिसके नेतृत्व में पार्टी एक भी चुनाव नहीं जीत पाई। यही नहीं पनौती वह होता है जिसके केंद्र की सत्ता पर काबिज रहने के 10 साल बाद उपाध्यक्ष बनते ही पार्टी के दुर्दिन शुरू हो जाते है। पनौती वह होता है जो 50 वर्ष की उम्र पार करने के बाद मानसिक रूप से परिपक्व नहीं हो पाता है। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि इस प्रकार चुनावी सभा में देश के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री के लिए जिस प्रकार राहुल गांधी ने हल्के शब्दों का उपयोग किया है उससे उनके संस्कारों का पता पूरे देशवासियों



को चल गया है। इतिहास गवाह रहा है कि जब भी कांग्रेस हार की ओर अग्रसर होती है तो उनके नेता अपना मानसिक संतुलन खो बैठते हैं। इसके कारण वे बहुत ही निम्न स्तर के शब्दों के उपयोग पर उतर आते हैं और राहुल गांधी के ये शब्द भी उनकी बौखलाहट का ही परिणाम है। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि चुनावी माहौल में भाषण के जरिए अपनी विफलताओं को लोगों के बीच पहुंचा रहे राहुल गांधी के इन्हीं बचकाने भाषणों के कारण मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अब तक चुनाव प्रचार से दूर रखा था। अब जब उन्हें यकीन हो गया कि पार्टी राजस्थान में चुनाव नहीं जीत पाएगी तो यहां माहौल बिगाडने के लिए राहुल गांधी को आगे किया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी के लिए पनौती जैसे शब्दों का उपयोग करने वाले राहुल गांधी एक बार अपना ट्रेक रिकार्ड जांचे। उनका रिकार्ड देखने के बाद पूरा देश राहुल गांधी को ही पनौती मान रहा है। राहुल गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद से देश में 14 राज्यों में विधासभा चुनाव और अब लोकसभा चुनाव हुए हैं। 14 राज्यों में से कांग्रेस सिर्फ चार राज्यों में ही अपनी सरकार बना पाई। ये राज्य कर्नाटक, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान हैं, वहीं कांग्रेस ने इन चुनावों में मेघालय और मिजोरम राज्य गंवा दिए। चतुर्वेदी ने कहा कि राहुल गांधी ने गुजरात विधानसभा चुनाव से ठीक दो दिन पहले कांग्रेस की कमान संभाली थी लेकिन गुजरात विधानसभा की 182 सीटों में से कांग्रेस ने 77 सीटों पर कब्जा किया था, जबकि भाजपा ने 99 सीटें जीतकर राज्य में एक बार फिर सरकार बनाई थी। साल 2018 में त्रिपुरा में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया था, यहां कांग्रेस पहले मुख्य विपक्षी हुआ करती थी। इस चुनाव में भाजपा गठबंधन को 43 सीटों पर जीत मिली थी। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि मिजोरम विधानसभा चुनाव में 10 साल बाद कांग्रेस को पस्त कर एमएनएफ ने सत्ता में वापसी, की थी. यहां भाजपा ने पहली बार खाता खोला था। यहां 40 विधानसभा सीटों में से एमएनएफ ने बहुमत हासिल करते हुए 26 सीटें जीती थी, इस चुनाव में कांग्रेस को 26 सीटों का नुकसान हुआ था और उसे सिर्फ 5 सीट पर जीत मिली थी। इस प्रकार पूरे देश से कांग्रेस का सफाया करने के बाद राहुल गांधी स्वयं के स्थान पर प्रधानमंत्री के लिए पनौती शब्द का उपयोग कर रहे है जो बेहद शर्मनाक है, ऐसे में राहुल गांधी को अपने बयान के लिए आमजन के बीच जाकर माफी मांगनी चाहिए।

## राजस्थान में भाजपा के पास नहीं हैं मुद्दे : जयराम रमेश



**अलवर ( हिंस )।** राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने इतने जनकल्याणकारी कार्य किए है कि आज भारतीय जनता पार्टी मुद्दाहीन है। भाजपा के पास सरकार को घेरने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। यह कहना है कांग्रेस महासचिव और वरिष्ठ नेता जयराम रमेश का। उन्होंने मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया को बताया कि भाजपा के पास तीन हथियार है। जिसमें पहला हथियार है सीबीआई और ईडी जिनका दुरुपयोग किया जा रहा है। दूसरा है ध्रुवीकरण, धर्म के नाम पर समाज को बांटकर वोट मांगते है। तीसरा है प्रधानमंत्री की झूठ बोलो योजना। प्रधानमंत्री पर उन्होंने आरोप लगाया कि वह इन दिनों राजस्थान में आ रहे है। चुनाव प्रचार के दौरान मुंह खोलते ही झूठ की गंगा निकलती है। उन्होंने कहा कि वह कन्हैया लाल की हत्या का मुद्दा बना रहे है जबकि राजस्थान पुलिस ने घटना के चार घंटे बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। महिला अत्याचार में राजस्थान नंबर वन का प्रचार करते है जबकि केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्य महिला अत्याचार में सबसे आगे है। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, रिपुदमन गुप्ता, अनिल जैन, अजीत यादव आदि मौजूद रहे। उन्होंने कहा की कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा ने कांग्रेस को नई ऊर्जा दी है। इस यात्रा के बाद ही हमने कर्नाटक जीता और अब राजस्थान को बारी है। राजस्थान में स्पष्ट बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनेगी।

## बठिंडा में पेपर देने गई युवती लापता पुलिस ने दर्ज किया मामला

**कैथल ( हिंस )।** गुलाब क्षेत्र के गांव उरलाना की एक युवती बठिंडा में पेपर देने के लिए गई थी लेकिन अचानक लापता हो गई। पेपर देने के बाद युवती वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। गुहला थाना में दी गई शिकायत में गांव के चैना राम ने बताया कि वह मजदूरी करता है। उसके चार बच्चे हैं। इसमें तीन बेटियां व एक बेटा है। उसकी एक 26 वर्षीय बेटी सीमा 12वीं पास है। वह घर पर रहती थी। उसने दिल्ली पुलिस का फॉर्म भरा था। 17 नवंबर को सीमा दिल्ली पुलिस का पेपर देने के लिए पंजाब के बठिंडा गई थी, लेकिन वह घर पर वापस नहीं आई। उसके मोबाईल पर संपर्क किया, लेकिन वह बंद आ रहा है। अब तक अपने तौर पर आसपास व रिश्तेदारी में तलाश किया, लेकिन वह नहीं मिली। गुहला थाना के जांच अधिकारी मुकेश ने बुधवार को बताया कि व्यक्ति की शिकायत पर उसकी बेटी की गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस युवती की तलाश कर रही है।

## अमृतसर व तरनतारन से पाकिस्तानी ड्रोन व करोड़ों की हेरोइन बरामद



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** बीएसएफ व पंजाब पुलिस ने सीमावर्ती जिलों में ऑपरेशन चलाकर दो अलग-अलग स्थानों से भारी मात्रा में हेरोइन बरामद की है। पकड़ी गई हेरोइन की कीमत करीब 40 करोड़ बताई जाती है। बीएसएफ पंजाब के अनुसार एक इनपुट के आधार पर अमृतसर जिले के गांव अटारी में सर्च ऑपरेशन चलाया। कई घंटे तक चलाए गए ऑपरेशन के बाद यहां सीमावर्ती क्षेत्र में एक काले रंग का बैग पड़ा मिला तलाशी लेने पर उसमें से पांच किलो 290 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। हालांकि, अभी तक यह सुराग नहीं मिल सका है कि पाकिस्तान की तरफ से यह हेरोइन किस व्यक्ति को भेजी गई थी। अमृतसर से बरामद की गई हेरोइन की कीमत करीब करीब 35 करोड़ रुपए आंकी गई है। इसी प्रकार बीएसएफ व पंजाब पुलिस ने सीमावर्ती जिला तरनातरन के सीमावर्ती गांव राजोके में सर्च ऑपरेशन चलाकर एक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया। आशंका जताई जा रही है कि यह ड्रोन रात के समय पाकिस्तान की तरफ से भेजा गया। बरामद किए गए डीजेआई माविक थ्री क्लासिक ड्रोन के साथ एक पीले रंग का पैकेज बंधा हुआ था।

## टारगेट किलिंग के आईएसआई के मंसूबों पर फिरा पानी, तीन आतंकी गिरफ्तार

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब पुलिस ने बठिंडा में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित तीन आतंकियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। पकड़े गए आतंकी पंजाब में टारगेट किलिंग की तैयारी में थे। आतंकियों के निशाने पर पंजाब के एक धार्मिक नेता थे। आरोपी संगरूर जेल में यूएपीए के तहत बंद कुलविंदर सिंह किंदा व हरचरण सिंह के संपर्क में थे। पुलिस ने इस केस की कई पहलुओं के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने ट्वीट कर यह जानकारी दी।

## राजौरी मुठभेड़ में आतंकी ढेर, कैप्टन और एक जवान का बलिदान, दो जवान घायल

**राजौरी ( हिंस )।** राजौरी जिले के कालाकोट इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है। मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन और एक जवान का बलिदान हुआ है, जबकि दो जवान घायल हुए हैं। अभी और आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए हैं, जिन्हें मार गिराने के लिए पुलिस, सीआरपीएफ और सेना के जवानों ने मोर्चा संभाला हुआ है। जम्मू आईजीपी आनंद जैन ने बताया कि राजौरी के उपमंडल कालाकोट के तहत पुलिस स्टेशन धर्मसाल के अंतर्गत सोलकी गांव के बाजी माल इलाके में तीन आतंकवादियों के मौजूद होने की सूचना मिली। इस विशेष सूचना पर घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया गया। इसी बीच शुरू हुई मुठभेड़ को लेकर सेना और पुलिस के उच्च अधिकारी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने यहां एक आतंकी को मार गिराया है। मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन और एक जवान का बलिदान हुआ है। दो जवान घायल भी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। खबर लिखे जाने तक सुरक्षाबलों का अभियान जारी है और दोनों ओर से गोलीबारी हो रही है।

## विकिपीडिया की तर्ज पर ग्रामपीडिया पर मिलेगी गांवों की जानकारी

**गुरुग्राम ( हिंस )।** गांव से जुड़ी सूक्ष्म जानकारियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने व गांव की युवा शक्ति को गांव की ऐतिहासिक विरासत से रूबरू कराने के लिए सोहना ब्लॉक में विकिपीडिया की तर्ज पर ग्रामपीडिया वेबसाइट शुरू की गई है। इसका विधिवत शुभारंभ बुधवार को डीसी निशांत कुमार यादव ने शुभारंभ किया। ऑस्टेरे सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से सोहना की अग्रवाल धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि जिला में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया गया पोर्टल निश्चित रूप से गांवों की संस्कृति को नई पहचान देगा। ग्रामपीडिया वेबसाइट एक अभिनव पहल है जो गांवों में सतत और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के समग्र लक्ष्य में योगदान देने वाले शोधकर्ताओं, नीति निर्माताओं और ग्रामीण विकास में रुचि रखने वाले अन्य हितधारकों के लिए एक मूल्यवान उपकरण होगा। डीसी ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से ग्रामपीडिया वेबसाइट पर गांव से जुड़ी प्रत्येक जानकारी लोकेशन सहित उपलब्ध कराई गई है। जिसमें गांव की आबादी, कुल क्षेत्र, गांव में उपलब्ध संसाधन व सुविधाओं सहित गांव के जनप्रतिनिधियों की जानकारी उपलब्ध रहेगी। डीसी ने कहा कि वेबसाइट पर संबंधित पंचायत से जुड़ी सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध होने से गांव में नई विकास परियोजनाओं को शुरू करने में भी आसानी होगी। उन्होंने कहा कि वेबसाइट पर सभी संबंधित गांव अपनी विकास परियोजनाओं की जरूरतों को स्वयं अपलोड कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह ग्राम पंचायत का खुद का पोर्टल होगा, जिस पर ग्रामवासी अपने गांव के इतिहास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी व मानचित्र सहित अपलोड कर सकेंगे। कार्यक्रम में सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह ने कहा कि सोहना ब्लॉक में इस कार्यक्रम को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लांच किया गया।

## चंडीगढ़ में पाइपलाइन से पीएनजी लीक

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** चंडीगढ़ के सेक्टर 40 में बुधवार को एक बार फिर पाइपलाइन से पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) लीक होने के बाद अफरा-तफरी मच गई। जिस जगह गैस लीक हुई, उसके बेहद करीब स्थित सर्वहितकारी स्कूल में बच्चों को छुट्टी करनी पड़ गई। पुलिस, फायर ब्रिगेड तथा आपदा प्रबंधन की टीमों ने मौके पर पहुंचकर करीब दो घंटे बाद स्थिति को नियंत्रित किया। चंडीगढ़ में पाइपलाइन के जरिए घरों में पीएनजी की सप्लाई की जा रही है। सेक्टर 40 में बुधवार को पाइपलाइन से पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) लीक होने के बाद अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने के बाद कंपनी की टीम मौके पर पहुंच गई है। पाइपलाइन के वाल्व बंद करके गैस की सप्लाई रोक दी गई।

## देव उठनी एकादशी पर गुरुवार से गूंजेगी शहनाइयां

**जोधपुर ( हिंस )।** देव उठनी 11 या देव प्रबोधिनी एकादशी वैसे आज दोपहर से शुरू हो गई है। जोकि गुरूवार रात तक रहेगी। ऐसे में देवउठनी ग्यारस गुरुवार को मनाई जाएगी। कल से मांगलिक कार्यक्रम आरंभ होन के साथ शादी विवाह भी शुरू हो जाएंगे। गुरुवार को शहर में कई समाजों की तरफ से सामूहिक विवाहों का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर अंतिम रूप आज दिया जा रहा है। श्री समस्त पीपा क्षत्रिय न्याति ट्रस्ट सुभाष चौक रातानाड़ा के तत्वावधान में 23 नवंबर को 20वां सामूहिक विवाह आयोजित होने जा रहा है। सामूहिक विवाह को लेकर आज खेताराम गोयल द्वारा भगवान गणेश की स्थापना और भूमि पूजन किया गया। अध्यक्ष प्रकाश



चावड़ा व सचिव नरेश सोलंकी ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा इस वर्ष 19 जोड़ों का सामूहिक विवाह करवाया जा रहा है। साथ ही तुलसी-शालिग्राम विवाह भी करवाएंगे। नव विवाहित जोड़ों को तुलसी के पौधे भेंट करने के साथ मतदान के साथ बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं की शपथ दिलवाई जाएगी। नरेश सोलंकी ने बताया कि 20वे सामूहिक विवाह का आयोजन श्री पीपा क्षत्रिय छात्रावास भूमि राधा कृष्णापुरम योजना लहरिया रिसोर्ट चौखा स्थित भूमि पर भारतीय संस्कृति के अनुसार किया जाएगा। रांकावत (देशस्थ ऋग्वेदी) ब्राह्मण सार्वजनिक ट्रस्ट जोधपुर के तत्वावधान में रांकावत ब्राह्मण समाज का दशम सामूहिक विवाह सम्मेलन 23 नवम्बर को स्काउट गाइड मैदान में आयोजित होगा। इस सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन एक सादे कार्यक्रम में किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष श्याम गोयल ने बताया कि इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में 27 जोड़े परिणय सूत्र में बंधने जा रहे है। सामूहिक विवाह का आयोजन वर्तमान में होने वाली शादियों में भारी भरकम फिजूलखर्ची को रोकने, सामाजिक कुरीतियों का निराकरण करने एवं परस्पर सामाजिक सद्भाव की भावना को बढ़ाना है। सामूहिक विवाह सम्मेलन के मुख्य अतिथि रामप्रसाद महाराज एवं श्रवणदास महाराज होंगे।



# चीन में कारोबारियों पर दबिश जारी, अब लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म डौयू के सीईओ गिरफ्तार

**नई दिल्ली ।**
**चीन की वीडियो गेम लाइव-स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म डौयू के अध्यक्ष और सीईओ चेन शाओजी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वे दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अधिकारियों के हत्थे चढ़ने वाले कारोबारियों की सूची में शामिल हो गए हैं।**

डौयू ने एक नियामकीय फाइलिंग में कहा कि उसके प्रमुख चेन शाओजी को पुलिस ने 16 नवंबर को या उसके आसपास दक्षिण-पश्चिमी शहर चेंगदू में गिरफ्तार किया था। कंपनी ने कहा कि उसे गिरफ्तारी के बारे में सोमवार को सूचित किया गया।

कंपनी ने कहा, उसे चेन के खिलाफ जांच का कोई आधिकारिक नोटिस नहीं मिला है। उसे चेन की स्पष्ट गिरफ्तारी के कारण पता नहीं हैं। कंपनी की ओर से चेतावदी देते हुए कहा गया है कि चेन की हिरासत और उसके बाद होने वाली किसी भी कानूनी कार्रवाई से उसके व्यवसाय पर भौतिक असर पड़ेगा।

दूसरी ओर, चीनी सोशल मीडिया पर बुधवार को पोस्ट किए गए एक बयान में चेंगदू पुलिस ने कहा कि चेन उपनाम के 39 वर्षीय व्यक्ति को कैसीनो खोलने के संदेह में गिरफ्तार किया गया है। बयान का हवाला देते हुए पुष्टि की कि डूयू के सीअईओ को गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि यह खबर सरकारी मीडिया संस्थान कवर न्यूज की उस खबर के दो हफ्ते बाद आई है जिसमें कहा गया था कि चेन से संपर्क नहीं हो पा रहा है। रिपोर्ट में अपुष्ट खबरों का हवाला देते हुए कहा गया था कि चेन की जांच की जा रही है और वह करीब तीन सप्ताह से लापता हैं।

इंटरनेट वॉचडॉग के मई के एक बयान के अनुसार, चेन के लापता होने से लगभग पांच महीने पहले चीन के साइबरस्पेस प्रशासन ने कथित पोर्नोग्राफी और अश्लील सामग्री परोसने के आरोपों की जांच के लिए डौयू का ऑनसाइट निरीक्षण शुरू किया था। डौयू, का मतलब चीन में लड़ने वाली मछली है, कंपनी के खिलाफ कथित तौर पर ऑनलाइन जुआ की मेजबानी करने से जुड़ी जांच चल रही है जो चीन में अवैध है।

## न्यूज ब्रीफ

### महंगाई का जोखिम अब भी बरकरार सरकार-आरबीआई सतर्क, खाद्य-ऊर्जा की उच्च कीमतों से अनिश्चितता




**नई दिल्ली ।** घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए महंगाई अब भी जोखिम बना हुआ है। इसे लेकर केंद्र सरकार और आरबीआई, दोनों सतर्क हैं। इस बीच, अगले साल फिर से मंदी का खतरा मंडराने लगा है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को जारी अक्तूबर की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा कि कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में हालिया नरमी और मुख्य महंगाई में लगातार गिरावट से मुद्रास्फीति के दबाव को कम करने में मदद मिली है। केंद्रीय बैंक भी इस स्थिति से वाकिफ है। उसके संकेतकों के मुताबिक, उच्च कीमतों से राहत देने के लिए बहुत जरूरी होने पर ब्याज दरों में और बढ़ोतरी हो सकती है। वैश्विक मंदी के मोर्चे पर समीक्षा रिपोर्ट में कहा गया है कि भू-राजनीतिक तनाव के बीच खाद्य और ऊर्जा की उच्च कीमतों से अनिश्चितता का जोखिम बना हुआहै।अंतरराष्टीय स्तर पर वस्तुओं के निर्यात में गिरावट से वैश्विक कारोबार पर दबाव पड़ने की आशंका है। इन तथ्यों को देखते हुए 2024 में मंदी के जोखिम की आशंका जताई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक सुस्ती के दौर में भी भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। इसकी मुख्य वजह घरेलू स्तर पर मांग में मजबूती है। अर्थशास्त्रियों का दावा है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था में सालाना आधार पर 80-100 आधार अंक तक की गिरावट आ सकती है।इसकी प्रमुख वजह बाहरी मांग का कमजोर होना बताया जा रहा है। इसके अलावा, असमान बारिश, आम चुनावों के कारण सरकारी पूंजीगत खर्च की गति में संभावित मंदी और मौद्रिक सख्ती का भी जीडीपी के आंकड़ों पर असर दिखेगा। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर का अनुमान है कि जीडीपी की वृद्धि दर दूसरी तिमाही में 7 फीसदी रह सकती है। यह आरबीआई के 6.5 फीसदी के अनुमान से अधिक होगी। बार्कलेज ने 6.8 फीसदी का अनुमान लगया है। उसने कहा, यह अनुमान उपयोगिता क्षेत्रों (खनन व बिजली उत्पादन) और विनिर्माण, निर्माण व सार्वजनिक खर्च के कारण है।

### टाइटन पांच साल में देगी तीन हजार से अधिक नौकरियां, आईआईएफएल बनी दूसरी बड़ी गोल्ड लोन एनबीएफसी

**मुंबई ।** टाटा समूह की टाइटन कंपनी अगले पांच में 3,000 से अधिक लोगों को नौकरियां देगी। ये




भर्तियां इंजीनियरिंग, डिजायन, लग्जरी, डिजिटल, डाटा विश्लेषण, विपणन और बिक्री सहित अन्य क्षेत्रों में होगी। टाइटन कंपनी की प्रमुख (मानव संसाधन-कॉरपोरेट व खुदरा) प्रिया एम पिल्लई ने कहा, हम अगले पांच साल में एक लाख करोड़ रुपये का कारोबार बनने के लिए एक रोमांचक यात्रा शुरू कर रहे हैं। इसलिए, अगले पांच साल में 3,000 नए लोगों को जोड़ेंगे। भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) के आईपीओ को पहले दिन मंगलवार को 1.95 गुना अभिदान मिला। 2,150 करोड़ के आईपीओ के तहत पेश 47,09,21,451 शेयरों के लिए 91,98,25,200 शेयरों की बोलियां मिलीं। गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी में 2.73 गुना बोली लगी। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों ने 1.97 गुना और पात्र संस्थागत निवेशकों ने 1.34 गुना बोली लगाई। उधर, कंपनी ने एंकर निवेशकों से 643 करोड़ रुपये जुटाए हैं। आईआईएफएल फाइनेंस देश की दूसरी सबसे बड़ी गोल्ड लोन गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) बन गई है। इसने गोल्ड लोन पोर्टफोलियो में मणप्पुरम फाइनेंस को पीछे छोड़ दिया है। आईआईएफएल फाइनेंस के गोल्ड लोन पोर्टफोलियो ने 23,690 करोड़ रुपये के एयूएम पार कर लिया है। मणप्पुरम फाइनेंस का गोल्ड लोन एयूएम 20,809 करोड़ रुपये है। इस बाजार में मुथूट फाइनेंस सबसे आगे है।

### समुद्री मार्ग से फल-सब्जियों का निर्यात बढ़ाने पर सरकार का जोर, केंद्र बना रहा खास योजना

**नई दिल्ली ।** भारत समुद्री मार्ग से केले, आम, अनार और कटहल जैसे विभिन्न फलों व सब्जियों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए प्रोटोकॉल तैयार कर रहा है। फिलहाल, इनमें से अधिकांश का निर्यात कम मात्रा और अलग-अलग पकने की अवधि के कारण हवाई मार्ग से हो रहा है। वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, प्रोटोकॉल में यात्रा समय व वैज्ञानिक रूप से इन वस्तुओं के पकने को समझना, एक विशेष समय पर कटाई करना और किसानों को प्रशिक्षण देना शामिल है। ये प्रोटोकॉल अलग-अलग फलों व सब्जियों के लिए अलग-अलग होंगे। अग्रवाल ने कहा, समुद्री मार्ग से निर्यात के दो फायदे (मात्रा-लागत) हैं। इससे फलों-सब्जियों का निर्यात बढ़ाने में मदद मिलेगी क्योंकि हवाई माल परिवहन से निर्यात का इन वस्तुओं की कीमत प्रतिस्पर्धा पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## आयशर ने हेवी-ड्यूटी ट्रकों की नॉन-स्टॉप सीरीज लॉन्च की

# इस रेंज में आने वाले चार ट्रक बेस्ट इन क्लास पॉवर, बेहतर अपटाइम और 100 प्रतिशत कनेक्टिविटी के वादे के साथ आते हैं

**नई दिल्ली ।**
वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड की बिजनेस यूनिट आयशर ट्रक्स एंड बसेस ने आयशर नॉन-स्टॉप सीरीज के लॉन्च की घोषणा की, जो हैवी ड्यूटी वाले ट्रकों की एक नई सीरीज है जिसे देश में तेजी से बदलती लंबी दूरी के ट्रांसपोर्टेशन के लिए सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किया गया है। चार नए हेवी-ड्यूटी ट्रकों वाली नॉन-स्टॉप सीरिज पॉवरफुल और फ्यूल एफिशिएंट इंजनों से लैस है और फ्लिट ओनर्स को बेहतर परफॉर्मेंस और बेहतर अपटाइम प्रदान करने के लिए एक कनेक्टेड सर्विस इकोसिस्टम द्वारा सपोर्टेट है। आयशर प्रो 6019एक्सपीटी, टिपर; आयशर प्रो 6048 एक्सपी, हॉलेज ट्रक; आयशर प्रो 6055एक्सपीऔर आयशर प्रो 6055एक्सपी4×2, ट्रैक्टर-ट्रक, आयशर के भारी, मध्यम और हल्के ड्यूटी ट्रकों और बसों की एक्सटेंसिव लाइन-अप के कॉम्प्लीमेंट करता हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, वीईसीवी के एमडी और सीईओ, श्री विनोद अग्रवाल ने कहा, हमें एचडी ट्रकों की नॉन-स्टॉप रेंज पेश करने में बहुत गर्व है जो इंडस्ट्री में स्टैंण्डर्ड स्थापित करेगा, जो न केवल हमारे कस्टमरों की सफलता के लिए हमारे डेडिकेशन का रिप्रजेंट करेगा बल्कि हमारे देश में लॉजिस्टिक्स की एफिशियंसी और कॉस्ट में सुधार की दिशा में भी। हमारे इंडस्ट्री के लीडिंग अपटाइम सेंटर और माय आयशर ऐप द्वारा सपोर्टेड, यह नई रेंज आयशर कस्टमरों के लिए अधिक प्रोडक्टिविटी और प्रोफीबिलटी प्रदान करेगी। वीईसीवी के एचडी ट्रक बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट गगनदीप सिंह गंधोक ने इस माइलस्टोन के महत्व के बारे में बताते हुए कहा , आयशर अपने कस्टमरो को एक मजबूत हेवी-ड्यूटी पोर्टफोलियो प्रदान करता है, जो एक कनेक्टेड सर्विस इकोसिस्टम द्वारा सपोर्टेड है जिसके परिणामस्वरूप प्रोडक्टिविटी और प्रॉफिबिलटी में वृद्धि होती है। वाहनों की नई सीरीज को असाधारण परफॉर्मेंस सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और एआई और मशीन लर्निंग का लाभ उठाने वाले हमारे हॉलिस्टिक सर्विस सॉल्यूशन के साथ, वे बिजनेस और प्रॉफिबिलटी में नॉन स्टॉप ग्रोथ देने के लिए तैयार हैं।




**बेस्ट इन क्लास पॉवर और टॉर्क के साथ नॉन-स्टॉप सीरिज** - आयशर प्रो 6048एक्सपी : 48-टन जीवीडब्ल्यू के साथ, यह वाहन,फ्यूल एफिशिएंट वीडीएक्स 8 इंजन द्वारा संचालित है जो 300 एचपी की हाई पावर प्रदान करता है। 1200 एनएम का हाई इंजन टॉर्क लंबी दूरी के ट्रांसपोर्टेशन में बेहतर परफॉर्मेंस और हाई प्रोडक्टिविटी सुनिश्चित करेगा।


**आयशर प्रो 6055एक्सपी और आयशर प्रो 6055/1** - ये ट्रैक्टर ट्रेलर एक इकोनॉमिकल वीईडीएक्स8 इंजन द्वारा संचालित होते हैं, जो 300 एचपी की टॉप नॉट पॉवर प्रदान करता है जो 1200 एनएम का मैक्सिमम टॉर्क पैदा करता है। वाहनों को ऑप्टिमम परफॉर्मेंस, बेहतर टर्नअराउंड टाइम और लंबी दूरी की लॉजिस्टिक्स के लिए बेहतर अपटाइम के लिए एक मजबूत और बेहतरीन ड्राइवलाइन के साथ डिजाइन किया गया है। आयशर प्रो 6019एक्सपीटी : वीईडीएक्स 5, 5.1रु4सिलेंडर इंजन के साथ, 240 एचपी का पावर आउटपुट और 900 एनएम का मजबूत टॉर्क डिलीवरी प्रदान करने वाला, आयशर प्रो 6019 एक्सपी टिपर बेहतर परफॉर्मेंस, रिलायबिलटी, बढ़ी हुई प्रोडक्टिविटी और बेहतर रेवेन्यू जनरेशन प्रदान करेगा। इसका शानदार पॉवर टू वेट रेश्यो इसे बेहतर पुलिंग स्ट्रेंथ और उत्कृष्ट ग्रेडेबिलिटी के साथ सशक्त बनाता है, जिसके परिणामस्वरूप त्वरित टर्नअराउंड और अधिक ट्रिप होती हैं।

**मजबूत सर्विस नेटवर्क द्वारा सपोर्टेड** - एचडी कस्टमर के एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए, आयशर के पास देश भर में 850 से अधिक टचपॉइंट का एक मजबूत डीलरशिप नेटवर्क है, जिसमें 425+ अधिकृत सर्विस सेंटर और पार्ट्स के लिए 8000+ रिटेल सेंटर शामिल हैं। आयशर आयशर साइट सपोर्ट भी प्रदान करता है, जो दूर स्थित साइटों पर परेशानी मुक्त सहायता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई सर्विस है। कंपनी ने 240 से अधिक साइटें स्थापित की हैं, 150 से अधिक कस्टमरों को सर्विस प्रदान करती है और 12,000 से अधिक वाहनों को सीधे कस्टमर साइटों पर सहायता प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, हमारे व्यापक ट्रक सपोर्ट के हिस्से के रूप में, आयशर एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट की सुविधा के साथ-साथ ट्रेनिंग और पार्ट्स की डिलीवरी भी प्रदान करता है।

**आयशर अपटाइम सेंटर के माध्यम से अपटाइम का वादा पूरा किया गया** - विशेष रूप से, सभी आयशर हेवी-ड्यूटी वाहन 100 प्रतिशत कनेक्टिविटी का दावा करते हैं, जो इंडस्ट्री के पहले अपटाइम सेंटर द्वारा सपोर्टेड है। एआई और मशीन लर्निंग का लाभ उठाकर, यह लीडिंग सर्विस अधिकतम एफिशियंसी और न्यूनतम डाउनटाइम सुनिश्चित करते हुए रिमोट और प्रिडिक्टिव डायग्नोस्टिक सॉल्यूशन प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, ट्रकों को माई आयशर के साथ सहजता से इंटीग्रेट किया गया है, जो एक फ्लिट मैनेजमेंट सर्विस है जो फ्लिट के परफॉर्मेंस, चलने के घंटे, फ्यूल एफिशिएंसी, आइडियल टाइम, ड्राइवर बिहेवियर और ट्रेनिंग नीड्स जैसे फैक्टर पर नज़र रखने में वैल्यूबल इनसाइट प्रदान करती है।

**वीई कमर्शियल व्हीकल्स ने वोल्वो ग्रुप के साथ 15 वर्षों के सक्सेसफुल ज्वाइंट वेंचर का जश्न मनाया** - यह वर्ष एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है क्योंकि वोल्वो आयशर ज्वाइंट वेंचर (वीईसीवी) देश में ऑपरेशन के 15 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है। अपनी स्थापना के बाद से, वीईसीवी कमर्शियल व्हीकल इंडस्ट्री में मॉर्डनाइजेशन को बढ़ावा देने के लिए डेडिकेटेड रहा है। जैसे ही वीईसीवी अपनी विकास यात्रा के अगले चरण में कदम रखने जा रहा है, ब्रांड पूरे दिल से सभी सेगमेंट में सस्टेनेबल प्रैक्टिस को अपनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

# शेयर बाजार में रही रौनक, बीएसई सेंसेक्स 92.47 अंक चढ़कर बंद




**मुंबई ।**
उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बुधवार को शेयर बाजार लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में हरे निशान पर बंद हुआ। इंडेक्स में बड़ी हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में तेजी और आईटी शेयरों में खरीदारी से बाजार को समर्थन मिला। हालांकि, वैश्विक बाजारों में मिलेजुले रुख के बीच विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने बाजार की बढ़त को सीमित कर दिया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 65,839.62 अंक पर खुला और कारोबार के दौरान 66,063.43 के शीर्ष लेवल तक गया। अंत में यह 92.47 अंक चढ़कर 66,023.24 पर बंद हुआ। इस तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 28.45 अंक की बढ़त के साथ 19,811.85 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 की 29 कंपनियों के शेयर हरे जबकि 20 के शेयर लाल निशान में बंद हुए जबकि एक में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल एनटीपीसी के शेयर में सबसे ज्यादा 1.50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। साथ ही पावर ग्रिड, टाइटन, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, नेस्ले और आईटीसी के शेयर हरे रंग पर बंद हुए। वहीं इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचडीएफसी बैंक और मारुति के शेयर गिरकर बंद हुए।

बता दें कि इंडेक्स में बड़ी हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और इंफोसिस के शेयर में तेजी से बाजार को समर्थन मिला। साथ ही अमेरिका में महंगाई के आंकड़ों में नरमी से आईटी और फार्मा शेयरों में खरीदारी से भी घरेलू शेयर बाजार में तेजी आई। स्टॉक एक्सचेंज डेटा के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला जारी है। उन्होंने मंगलवार को 455.59 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। वहीं, मंगलवार को बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स 275.62 अंक या 0.42 प्रतिशत चढ़कर 65,930.77 पर बंद हुआ। निफ्टी 89.40 अंक या 0.45 प्रतिशत बढ़कर 19,783.40 पर बंद हुआ था।

# सोना-चांदी के वायदा भाव में गिरावट, 61 हजार पर गोल्ड थमा

**नई दिल्ली ।**
सोने-चांदी की वायदा कीमतें थम गईं हैं।हालांकि दो दिन से तेजी आ रही थीं। दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 61 हजार रुपये और चांदी के वायदा भाव 73 हजार रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं।अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने—चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। जहां सोना 2000 डॉलर का स्तर पार करने के बाद आज इस स्तर से नीचे आ गया। सोने के वायदा भाव की आज शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 66 रुपये की गिरावट के साथ 61,159 रुपये के भाव पर खुला। समाचार लिखे जाने तक यह कॉन्ट्रैक्ट 121 रुपये की गिरावट के साथ 61,104 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 61,159 रुपये के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 61,070 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। मई में सोने के वायदा भाव 61,845 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए थे। इसी तरह चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी आज गिरावट के साथ हुई। एमसीएक्स पर चांदी



का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 155 रुपये की गिरावट के साथ 73,149 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 186 रुपये की नरमी के साथ 73,118 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 73,150 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 73,024 रुपये प्रति किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी की वायदा कीमतों की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। कोमेक्स पर सोना 2000.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2001.60 डॉलर था।

# पतंजलि ने गलत दावा किया तो हर प्रोडक्ट पर 1 करोड़ का जुर्माना : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ।**
सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि यदि हर्बल उत्पादों का कारोबार करने वाली कंपनी पतंजलि गलत दावा करती है तो हर प्रोडक्ट पर एक करोड़ रुपयों का जुर्माना लगाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद को कई रोगों के संबंध में अपनी दवाओं के बारे में विज्ञापनों में 'झूठे' और 'भ्रामक' दावे करने के प्रति आगाह किया। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की याचिका पर सुनवाई करते हुए मौखिक टिप्पणी में कहा, 'पतंजलि आयुर्वेद के ऐसे सभी झूठे और भ्रामक विज्ञापनों को तुरंत रोकना होगा। शीर्ष अदालत ने टीकाकरण अभियान और आधुनिक दवाओं के खिलाफ योग गुरु रामदेव पर अभियान का आरोप लगाने वाली आईएमए की याचिका पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और आयुष मंत्रालय तथा पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को नोटिस जारी किया था। पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद से कहा कि वह चिकित्सा की आधुनिक पद्धतियों के खिलाफ भ्रामक दावे और विज्ञापन प्रकाशित न करें। यदि यह गलत दावा किया जाता है कि किसी विशेष बीमारी को ठीक किया जा सकता है तो पीठ प्रत्येक उत्पाद पर 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने पर भी विचार कर सकती है।

शीर्ष अदालत ने केंद्र की ओर से पेश वकील से भ्रामक चिकित्सा विज्ञापनों के मुद्दे का समाधान तलाशने को भी कहा, जहां कुछ बीमारियों का सटीक इलाज करने वाली दवाओं के बारे में दावे किए जा रहे हैं। पीठ



अब आईएमए की याचिका पर अगले साल 5 फरवरी को सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने याचिका पर नोटिस जारी करते हुए एलोपैथी और एलोपैथिक चिकित्सकों की आलोचना करने के लिए रामदेव की कड़ी आलोचना की थी और कहा था कि उन्हें डॉक्टरों और उपचार की अन्य प्रणालियों को बदनाम करने से रोका जाना चाहिए। पीठ ने कहा था, 'गुरु स्वामी रामदेव बाबा को क्या हुआ है हम उनका सम्मान करते हैं क्योंकि उन्होंने योग को लोकप्रिय बनाया। लेकिन, उन्हें दूसरी पद्धति की आलोचना नहीं करनी चाहिए'।

# पांच दिन चले उठापटक के बाद ओपनएआई में सैम आल्टमैन की वापसी; कंपनी के बोर्ड में भी किया गया बदलाव

**नई दिल्ली ।**
पांच दिन तक चले उठापटक और हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद ओपनएआई के संस्थापक सैम ऑल्टमैन ने एआई कंपनी में वापसी की घोषणा कर दी है। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा, मुझे ओपनएआई पसंद है, और पिछले कुछ दिनों में मैंने जो कुछ भी किया है वह इस टीम और इसके मिशन को एक साथ रखने के लिए है। जब मैंने माइक्रोसॉफ्ट में शामिल होने का फैसला किया, तो यह स्पष्ट था कि यह मेरे और टीम के लिए सबसे अच्छा रास्ता था। नए बोर्ड और सत्या के समर्थन के साथ, मैं ओपनएआई में लौटने और एमएसएफटी के साथ हमारी मजबूत साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं।

इससे यह तय हो गया है कि सैम आल्टमैन ओपनएआई में मुख्य कार्यकारी के रूप में वापसी कर रहे हैं। हाई-प्रोफाइल एआई स्टार्टअप ने भी इस खबर की पुष्टि कर दी है। कंपनी ने कहा है कि पिछले हफ्ते आल्टमैन को स्टार्टअप से अचानक बर्खास्त करने के बाद पांच दिनों की गहन चर्चा और बहस के बाद विश्वास का माहौल बन गया है।

### ओपनएआई के बोर्ड में भी होगा बदलाव, ब्रेट टेलर होंगे अध्यक्ष

ओपनएआई, जो सबसे मूल्यवान अमेरिकी




स्टार्टअप है, ने कहा कि वह आल्टमैन की वापसी के लिए सैद्धांतिक रूप से एक समझौते पर पहुंच गया है। इसके अलावे स्टार्टअप अपने बोर्ड में भी बदलाव कर रहा है और कई सदस्यों को हटा रहा है। सेल्सफोर्स के पूर्व मुख्य कार्यकारी ब्रेट टेलर, अमेरिका के पूर्व वित्त मंत्री लैरी समर्स और कोरा के संस्थापक एडम डी एंजेलो एआई स्टार्टअप में नए बोर्ड का हिस्सा होंगे। स्टार्टअप ने कहा कि टेलर बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में काम करेंगे।

माइक्रोसॉफ्ट, जो ओपनएआई के लगभग 49 प्रतिशत का मालिक है, पिछले हफ्ते ओपनएआई के फैसले से हैरान था। कंपनी ने अपने यहां एक सॉफ्टवेयर समूह में आल्टमैन को नियुक्त करने का एलान कर दिया था। उसस पहले ओपनएआई के पूर्व अध्यक्ष ग्रेग ब्रॉकमैन और स्टार्टअप के अनगिनत अन्य सदस्यों ने ओपनएआई बोर्ड के फैसले के विरोध में इस्तीफा दे दिया था।

### सत्या नडेला बोले- ओपनएआई के बोर्ड में बदलाव से उत्साहित

उधर माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख सत्य नडेला, जिन्होंने पिछले हफ्ते ओपनएआई बोर्ड के फैसले पर निराशा व्यक्त की थी ने बुधवार को कहा कि वह ओपनएआई बोर्ड में आज के बदलावों से उत्साहित है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि यह अधिक स्थिर, अच्छी तरह से सूचित और प्रभावी शासन के मार्ग पर पहला आवश्यक कदम है। सैम, ग्रेग और मैंने बात की है और सहमति व्यक्त की है कि ओएआई नेतृत्व टीम के साथ उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इससे यह यह सुनिश्चित हो सकेगा कि ओएआई अपने मिशन पर कामयाब रहे और निर्माण जारी रखे। हम अपनी मजबूत साझेदारी को आगे बढ़ाने और अपने ग्राहकों और भागीदारों को एआई की इस अगली पीढ़ी का मूल्य प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।

### आल्टमैन को हटाने के बाद कंपनी के बोर्ड की हुई थी आलोचना

ओपनएआई के पहले बोर्ड- जिसमें इसके मुख्य वैज्ञानिक इल्या सुत्सकेवर, स्वतंत्र निदेशक डी एंजेलो, प्रौद्योगिकी उद्यमी ताशा मैककॉली और जॉर्जटाउन सेंटर फॉर सिक्योरिटी एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के हेलेन टोनर को आल्टमैन को हटाने के फैसले के बाद आलोचना झेलनी पड़ी थी। इस मामले में पूर्व बोर्ड की ओर से कोई व्यापक स्पष्टीकरण भी नहीं दिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ओपनएआई बोर्ड के फैसले से निराश होकर, कई ओपनएआई निवेशकों ने बोर्ड के सदस्यों पर मुकदमा करने के विकल्पों की तलाश शुरू कर दी थी।

### अंतरिम सीईओ एम्मेट शियर बोले- समाधान का हिस्सा बनकर खुश हूं

ट्विच के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम्मेट शियर, जिन्हें रविवार को ओपनएआई का अंतरिम सीईओ नियुक्त किया गया था, ने कहा कि वह ओपनएआई के नए फैसले से खुश हैं। ओपनएआई में आने के बाद, मुझे पता नहीं था कि सही रास्ता क्या है। यह वह रास्ता है जिसने हितधारकों की भलाई के साथ सुरक्षा को सुनिश्चित किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मुझे खुशी है कि मैं इस समाधान का हिस्सा हूं।

# मंसूर का बयान सेक्सिस्ट, अपमानजनक, घृणित : तृषा कृष्णन

## - एक्ट्रेस ने कड़े शब्दों में की निंदा



**मुंबई (ईएमएस)।** एक्टर मंसूर अली खान ने फिल्म में अपनी को-एक्ट्रेस रहीं तृषा कृष्णन को लेकर एक आपत्तिजनक बयान दिया है। मंसूर के बयान की एक्ट्रेस ने भी निंदा की है और एक्टर को घटिया आदमी बताया है। दरअसल, हाल ही में एक इंटरव्यू में मंसूर अली खान ने कहा कि जब मैंने सुना कि मैं तृषा के साथ काम करने वाला हूं, तो मैंने सोचा कि फिल्म में एक बेडरूम सीन होगा। मैंने सोचा कि मैं उसे वैसे ही बेडरूम में ले जा सकता हूं जैसे मैं पहले भी कई फिल्मों में दूसरी एक्ट्रेसेस को ले जा चुका हूं। मैंने कई फिल्मों में रेप सीन किए हैं तो मेरे लिए यह नया नहीं है। पर मेकर्स ने कश्मीर शेड्यूल में मुझे तृषा से मिलने तक नहीं दिया। वहीं, तृषा ने ट्वीट शेयर करते हुए मंसूर के कमेंट की निंदा की है और साथ ही उनके साथ जिंदगी में कभी काम ना करने की कसम भी खाई।

अपने ट्वीट में एक्ट्रेस ने लिखा- हाल ही में मैंने एक वीडियो देखा जिसमें मिस्टर मंसूर अली खान ने मेरे बारे में भद्दी और घटिया बात की है। मैं इसकी कड़ी निंदा करती हूं और इसे सेक्सिस्ट, अपमानजनक, घृणित और खराब मानती हूं। वो ऐसी कामनाएं कर सकते हैं, लेकिन मैं शुक्रगुजार हूं कि मैंने कभी उनके जैसे घटिया व्यक्ति के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर नहीं किया और आगे भी यह सुनिश्चित करूंगी कि मेरे बाकी फिल्मी करियर में भी ऐसा कभी न हो। उनके जैसे लोग पूरी मानव जाति का नाम खराब करते हैं। मंसूर के इस बयान के बाद फिल्म के डायरेक्टर लोकेश कनगराज ने भी उनकी आलोचना की। लोकेश ने तृषा के ट्वीट को री-ट्वीट करते हुए लिखा, मंसूर अली खान द्वारा किए गए कमेंट को सुनकर निराश और नाराज हूं। यह देखते हुए कि हम सभी एक ही टीम में काम करते हैं। किसी भी इंडस्ट्री में महिलाओं, साथी कलाकारों और प्रोफेशनल्स के सम्मान पर समझौता नहीं किया जा सकता। मैं इस व्यवहार की निंदा करता हूं। बता दें कि साउथ सुपरस्टार थलापति विजय की फिल्म लियो में नजर आए एक्टर मंसूर अली खान अपने एक विवादित बयान को लेकर चर्चा में आ गए हैं।

# टाइगर फ्रैंचाइजी मेरे सबसे पसंदीदा ब्रांडों में से एक : सलमान खान



हिंदी सिनेमा के सबसे बड़े सुपरस्टारों में से एक सलमान खान अपनी फिल्म टाइगर-3 के साथ एक और सफलता की कहानी लिखकर खुश हैं। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्म दुनियाभर में चार सौ करोड़ की कमाई करने और हिंदी सिनेमा के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी दिवाली हिट दर्ज की है। इस संबंध में सलमान कहते हैं, 'तीन टाइगर फिल्में, तीन सफलता की कहानियां। टाइगर फ्रेंचाइजी मेरे दिल में बसती है और मुझे खुशी है कि इसने दर्शकों के दिलों में भी अपनी जगह बना ली है। टाइगर फ्रैंचाइज मेरे सबसे पसंदीदा ब्रांडों में से एक है और निश्चित रूप से एक विरासत ब्रांड है, जो हमेशा मेरी फिल्मोग्राफी को चमकदार बनाए रखेगा। उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनकी पहली टाइगर फिल्म न केवल एक ब्लॉकबस्टर टाइगर फ्रैंचाइजी के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी, बल्कि प्रसिद्ध वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स के लिए भी आधारशिला बनाएगी, जिसने केवल हिट फि ल्में दी हैं। सलमान कहते हैं, जब मैं एक था टाइगर कर रहा था, तो मुझे नहीं पता था कि हमारा सीक्वल बनेगा, इस तथ्य को भूल जाइए कि अब हमारे पास टाइगर-3 में थ्रीक्वल है। अब यह 2012 से दुनियाभर के दर्शकों का मनोरंजन करने वाली अपनी फ्रेंचाइजी है। किसी भी फिल्म या फ्रेंचाइजी की सफलता का प्रमाण उसकी लिखी सफलता की कहानी में होता है। वह आगे कहते हैं,मुझे लगता है कि टाइगर फ्रैंचाइजी ने दर्शकों को एक ऐसा देसी जासूस दिया है, जैसा किसी और ने नहीं दिया है, जिस पर लोगों ने खूब प्यार बरसाया है। मैंने टाइगर को जिया है और मैं मेरे और फिल्मों के प्रति उनकी गर्मजोशी और सराहना के लिए सभी को धन्यवाद देता हूं। आदित्य चोपड़ा की निर्मित और मनीष शर्मा की निर्देशित फिल्म टाइगर-3 हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज हुई है।

# जान्हवी ने शेयर किया मंत्रमुग्ध कर देने वाला वीडियो

## -डांस की तुलना श्रीदेवी से कर रहे हैं फैंस




**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने फिर से अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला वीडियो साझा किया, जिसमें वह सफेद अनारकली सूट में शास्त्रीय नृत्य करती देखी जा सकती हैं। वीडियो में जान्हवी को बिना मेकअप के लुक में दिखाया गया है, उनके बाल बंधे हुए हैं और उन्होंने झुमके पहने हुए हैं। वह प्रतिष्ठित ट्रैक जिया जले पर परफॉर्म कर रही हैं। इस गाने को लता मंगेशकर और एम.जी श्रीकुमार ने गाया है। यह गाना 1998 की रोमांटिक थ्रिलर फिल्म दिल से का है, जिसमें शाहरुख खान, मनीषा कोइराला और प्रीति जिंटा ने अभिनय किया है। जान्हवी ने अपने रील वीडियो को कैप्शन दिया, आखिरकार क्रिकेट की चोटों के बाद डांस क्लास में वापस आ गई। अभिनेत्री ने उन चोटों का जिक्र किया है जो कथित तौर पर उन्हें अपनी आगामी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही की शूटिंग के दौरान लगी थीं। फिल्म में राजकुमार राव भी हैं। वीडियो को 5.4 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं। एक फैन ने लिखा, प्रीति जिंटा की जगह पर कदम रखना आसान नहीं है लेकिन आपने अच्छा किया। एक अन्य ने टिप्पणी की, कितना सुंदर एक अन्य दर्शक ने लिखा, खूबसूरत डांस और मूव्स..। ऐसा लग रहा है जैसे श्रीदेवी मैम डांस कर रही हैं। फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में राजकुमार, महेंद्र अग्रवाल का किरदार निभाएंगे, जबकि जान्हवी, महिमा माही का किरदार निभाती नजर आएंगी। उनकी झोली में देवरा और उलाज भी हैं। बता दें कि जान्हवी कपूर को शास्त्रीय नृत्य के प्रति बेहद प्रेम हैं। उन्हें अक्सर सोशल मीडिया पर इस तरह की वीडियो पोस्ट करते हुए देखा जाता है।

# ग्रैंड वर्ल्ड टूर पर निकलेंगी नोरा फतेही



साल 2024 की शुरूआत में बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही एक ग्रैंड वर्ल्ड टूर पर निकलेंगी। इस टूर में उनके वोकल टैलेंट का भी परफॉर्मेंस होगा, साथ ही कुछ और बेहतरीन डांस परफॉर्मेंस भी देखने को मिलेंगे। इस दौरान वह न केवल अपने बॉलीवुड सोलो पर परफॉर्म करेंगी, बल्कि एक नए इंटरनेशनल ट्रैक का भी अनावरण करेंगी। बॉलीवुड इंडस्ट्री में, नोरा अपनी एक्टिंग क्षमता का प्रदर्शन करते हुए हाई-ऑक्टेन थ्रिलर क्रैक में विद्युत जामवाल के साथ स्क्रीन पर नजर आने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा, वह अभिषेक बच्चन के साथ रेमो डिसूजा की बी हैप्पी में दर्शकों को खुश करने के लिए भी तैयार हैं, और कुणाल खेमू की मडगांव एक्सप्रेस के कलाकारों के साथ जुड़कर अपनी फिल्मोग्राफी में विविधता लाएंगी, जहां वह एक हास्य भूमिका निभाएंगी। नोरा के वर्ल्ड टूर के चलते उनके प्रोफेशनल लाइफ में एक नया मोड़ आ रहा है, नोरा फतेही भी अपकमिंग फिल्मों की सूची में अभिनय करने के लिए तैयार हो रही हैं। वह वरुण तेज की फिल्म मटका से तेलुगु में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं।

# फिल्म 'सिंघम अगेन' में अजय देवगन का नया लुक आया सामने



कॉप यूनिवर्स में रोहित शेट्टी की आने वाली फिल्म 'सिंघम अगेन' की खूब चर्चा हो रही है। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और इस फिल्म में एक्टर्स की कास्ट भी नजर आ गई। इस फिल्म में अजय देवगन और करीना कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा इस फिल्म में 'सूर्यवंशी' और 'सिंबा' यानी अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी नजर आएंगे। करीना ने एक पोस्ट में शेयर किया था कि बीच में फिल्म का एक जबरदस्त एक्शन सीन शूट किया गया था। इतना ही नहीं इस फिल्म में और भी कई सरप्राइज भी हैं। इस फिल्म के जरिए दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर भी इस कॉप यूनिवर्स से जुड़ेंगे। कुछ दिन पहले इस फिल्म से दीपिका, रणवीर और टाइगर का धांसू लुक सामने आया था, अब इस फिल्म के रियल हीरो यानी बाजीराव सिंघम के किरदार में अजय देवगन का फर्स्ट लुक सामने आया है। डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अजय देवगन का यह सिंघम लुक शेयर किया है। इस फोटो में अजय देवगन के साथ-साथ जबरदस्त शेर वाला लुक भी देखने को मिल रहा है। इस पोस्ट में अजय देवगन अपने हमेशा की तरह डैशिंग अंदाज में नजर आ रहे हैं। हम उनकी आंखों में एक अलग ही जुनून और गुस्सा देख सकते हैं।

इस पोस्ट में रोहित शेट्टी ने लिखा, 'शेर तेहां मचाता है, और घायल शेर तबाही!' सबका पसंदीदा अधिकारी बाजीराव सिंघम वापस आ गया है।" सोशल मीडिया पर अजय देवगन के धासू फर्स्ट लुक की जबरदस्त चर्चा हो रही है। 'सिंघम अगेन' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। यशराज स्टूडियो, मुंबई और हैदराबाद में भी शूटिंग पूरी हो चुकी है। साथ ही फिल्म का विशाल क्लाइमेक्स जल्द ही शूट किया जाएगा, जिस पर 25 करोड़ रुपये की भारी-भरकम रकम खर्च की जाएगी। 'सिंघम अगेन' 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी। इसी दिन अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' भी रिलीज होगी। फिल्म की रिलीज डेट टलने पर अभी तक किसी निमार्ता ने कोई टिप्पणी नहीं की है।

# पूमा एक्स एफ1 कलेक्शन लांच में स्पॉट किया रिहाना को



**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही में अमेरिकी पॉप स्टार रिहाना और उनके बॉयफ्रेंड ए एंड एपी रॉकी को लॉस वेगास में पूमा एक्स एफ1 कलेक्शन लांच में स्पॉट किया गया, जहां से उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो इस दौरान दो बच्चों की मां रिहाना लॉन्ग ब्लैक लैदर कोट में काफी स्टाइलिश नजर आईं। इस कोट में एक्ट्रेस अपनी टोन्ड लेग्स फ्लॉन्ट करती भी दिखीं। गले में चेन्स, न्यूड लिपस्टिक और हाई बन से सिंगर ने अपने लुक को कंप्लीट किया है। वहीं उनके बॉयफ्रेंड रॉकी ब्लैक कोट के साथ ब्लू ट्राउजर में परफेक्ट दिख रहे हैं। एक साथ कपल में जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। दोनों हाथों में हाथ डाल एक दूजे संग पोज दे रहे हैं। बता दें, रिहाना इसी साल अगस्त में दूसरी बार मां बनी हैं। सिंगर ने बॉयफ्रेंड व रैपर एसैप रॉकी के दूसरे बेटे को जन्म दिया है। रिहाना और एसैप साल 2022 में पहली बार माता-पिता बने थे। सिंगर ने अपने पहले बच्चे के तौर पर एक बेटे को जन्म दिया था, जिसका नाम उन्होंने आरजेडए एथेलस्टन मेयर्स रखा है। वहीं, अब दूसरे बेटे के जन्म से कपल दो बेटों के पेरेंटस बन गए हैं। बता दें कि अमेरिकी पॉप स्टार रिहाना दूसरे बेबी के जन्म के बाद पहले की तरह ही पब्लिक अपीयरेंस देने लगी हैं। उन्हें अक्सर बॉयफ्रेंड ए एंड एपी रॉकी के साथ डेट एंजॉय करते देखा जाता है।

# गुलशन लिटिल थॉमस में करेंगे अभिनय

एक्टर गुलशन देवैया फिल्ममेकर कौशल ओझा द्वारा निर्देशित आगामी फिल्म लिटिल थॉमस में अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह ड्रामा फिल्म दर्शकों को गोवा के एक परिवार के आकर्षक और सरल जीवन की यात्रा पर ले जाती है जो अनुराग कश्यप प्रोडक्शन गुड बैड फिल्म्स द्वारा निर्मित है। गुलशन देवैया ने व्यक्त किया, मैं लिटिल थॉमस का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं, यह फिल्म ड्रामा और कॉमेडी का एक अनूठा मिश्रण है जो पारिवारिक बंधनों के सार को दर्शाता है। यह एक साधारण परिवार की दिल छू लेने वाली कहानी है और इस फिल्म में काम करना बहुत संतुष्टिदायक रहा है। प्रतिभाशाली कौशल ओझा और रसिका जुगल के साथ स्क्रीन साझा करना एक संतोषजनक अनुभव रहा है। यह साल कुछ अद्भुत कामों के साथ शानदार रहा है। लिटिल थॉमस वास्तव में एक छोटा सा रत्न है, और दिल को छू लेने वाली कहानी है। मैं इसका हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं।मुंबई और गोवा के सुरम्य स्थानों में फिल्माई गई इस फिल्म ने हाल ही में अपने निर्माण चरण का समापन किया है, जो पारिवारिक रिश्तों की जटिलताओं की खोज करती है। फिल्म में गुलशन के साथ रसिका दुगल भी मुख्य भूमिका में हैं।

# गुरुद्वारा गोल्डन टेम्पल पहुंची करिश्मा

## - सिर पर दुपट्टा लिए चेहरे पर दिखा अलग ही नूर



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर पंजाब के प्रसिद्ध गुरुद्वारा गोल्डन टेम्पल पहुंची, जहां से उन्होंने अपने दौरे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर की है। फैंस करिश्मा की इन तस्वीरों को खूब लाइक कर रहे हैं। शेयर की गई तस्वीरों में देखा जा सकता है कि करिश्मा कपूर स्वर्ण मंदिर के सामने दोनों हाथ जोड़े नजर आ रही हैं। इस दौरान उनके चेहरे पर एक अलग ही नूर देखने को मिल रहा है। पिंक सूट के साथ सिर पर मैचिंग दुपट्टा लिए न्यूड मेकअप और माथे पर बिंदी से अपने लुक को कंप्लीट करती करिश्मा बेहद खूबसूरत लग रही हैं।गुरुद्वारा में दर्शन के बाद करिश्मा ने अमृतसर की गलियों का दौरा किया और स्वादिष्ट पकवानों का भी आनंद लिया। कई तस्वीरों में करिश्मा पेड़ के नीचे बैठी सादगी भरे अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को शेयर कर एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा- सकारात्मक ऊर्जा और स्वादिष्ट भोजन।

अमृतसर में बिताया गया एक अद्भुत दिन। फैंस करिश्मा के इस पोस्ट को खूब लाइक कर रहे हैं। वहीं काम की बात करें तो करिश्मा कपूर ने साल 1991 में फिल्म प्रेम कैदी से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि, सबसे ज्यादा सफलता उन्हें अनाड़ी में लीड रोल निभाकर मिली। इसके बाद एक्ट्रेस ने अपने करियर में कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया। वहीं, अभ एक्ट्रेस लंबे समय से बड़े पर्दे से दूर हैं। बता दें कि एक्ट्रेस करिश्मा कपूर भले ही इन दिनों एक्टिंग से दूर हैं, लेकिन वह अक्सर किसी न किसी वजह को लेकर सुर्खियां बटोरती रहती हैं।

# यामी गौतम ने की फिल्म की शूटिंग पूरी



बालीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम ने अपने करियर की सबसे महत्वपूर्ण फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। विक्की डोनर, उरी, ओएमजी 2 और अन्य फिल्मों के लिए मशहूर एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी अगली अनटाइटल फिल्म के रैप-अप शेड्यूल से एक तस्वीर साझा की। वह मेपल का पत्ता पकड़े हुए मुस्कुराते हुए नजर आ रही है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मेरे करियर की सबसे महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक की शूटिंग पूरी हो गई है। पूरी डायरेक्शन, प्रोडक्शन टीम और बी62 स्टूडियो में हमारे अद्भुत क्रू को धन्यवाद। कश्मीर के स्थानीय लोगों, सुरक्षा बलों और अधिकारियों को धन्यवाद, जिन्होंने पूरे शेड्यूल के दौरान हमारी इतनी अच्छी देखभाल की। उन्होंने आगे कहा, तुलमुल्ला में दिव्य माता खीर भवानी का आशीर्वाद लेने का भी सौभाग्य मिला।

आशा है कि हम इस फिल्म के साथ अपने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने में सक्षम होंगे। घोषणा जल्द ही होगी। इससे पहले, अक्टूबर में यह खबर आई थी कि एक्ट्रेस अपनी फिल्म की शूटिंग के लिए 50 दिनों के लिए उत्तर भारतीय शहर में रुकी थीं। इस अनटाइटल प्रोजेक्ट के साथ एक्ट्रेस की धूम धाम भी पाइपलाइन में है। बता दें कि एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर मंदिर की यात्रा का एक वीडियो भी साझा किया।

# सलमान खान के साथ अच्छे लगते हैं इमरान

बालीवुड की फिल्म टाइगर 3 में आतिश का किरदार निभाने वाले इमरान हाशमी को लगता है कि वह नायक सलमान खान के साथ अच्छे लगते हैं, भले ही उन्होंने पहली बार मनीष शर्मा निर्देशित फिल्म में साथ काम किया हो। सलमान के साथ पहली बार स्क्रीन शेयर करते हुए इमरान ने कहा, सलमान खान को डिस्क्राइब करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप जो देखते हैं, वही आपको मिलता है, उनके आसपास कोई हवा नहीं है... वह आपको सहज महसूस कराते हैं। उनके साथ काम करना आसान था, क्योंकि हम अच्छा महसूस करते थे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह ऑन-स्क्रीन किसिंग करना मिस करते हैं, जो कि उनका सिग्नेचर मूव है, इमरान, जिन्होंने टाइगर 3 के साथ वाईआरएफ स्पाई-वर्स में प्रवेश किया, ने कहा, मैंने मनीष से कहा कि मुझे फिल्म में एक ट्रैक, एक किसिंग ट्रैक की जरूरत है और एक गाना भी, लेकिन वह नहीं माने। मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित और यशराज फिल्म्स के तहत आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित, यह फिल्म टाइगर जिंदा है (2017) का अगला स्कीवल है और वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में पांचवीं इस्टॉलमेंट है।

## सूडोकु नवताल- 6620

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6619 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## शब्दजाल - 7367

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मं | ग | ल | पां | डे | प | र | तू | ग | झ | सु |
| ज | अ | ल | म | आ | भ | ग | त | सिं | ह | भा |
| चं | द्र | शे | ख | र | आ | जा | द | र | ला | ष |
| ज | कु | अ | उ | बे | ला | क | ल | रि | श | चं |
| स | ति | श | ध | व | दा | ल | क्ष्मी | बा | ई | द्र |
| र | रं | ल | म | व | लि | र्त | अ | ती | प | बो |
| दा | गा | ल | सिं | गा | प | म | श | कौ | या | स |
| र | बा | जीं | ह | त | क | छ | फा | ग | श | थ |
| प | स | म | हा | त्मा | गां | धी | क | शा | जू | द |
| टे | र | ल | म | ह | र | औ | के | स | प | ना |
| ल | औ | ता | त्या | टो | पे | ग | या | दु | र | क |

*शब्दजाल में दस 'स्वतंत्रता सेनानियों' के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे व तिरछे भी हो सकते हैं.*

मंगलपांडे, भगतसिंह, तात्या टोपे, महात्मा गांधी,लक्ष्मीबाई,सुभाषचंद्र बोस,अशफाक, चन्द्रशेखर आजाद, उधमसिंह,सरदार पटेल

### शब्दजाल - 7366 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नी | म | गा | ई | ड | र | रे | फा | न | प | खा |
| न | ल | क | प | इं | डो | श | शि | या | ड़ | मो |
| अ | दा | क | ला | र | ग | मा | द | प्रे | प | शी |
| ती | ग | ल | म | ब | दू | औ | प | म | लि | ला |
| त | स | अ | सौ | ल | जा | र | कि | पु | ला | स |
| आ | इ | री | मो | व | आ | शे | त | जा | लू | पा |
| ग | जी | ल | क | व | प | रा | न | री | प्र | स |
| र | रि | भा | र | स | प | स | द | र | रा | वा |
| को | ह | रा | ना | थ | म | ज | जी | न | खी | न |
| न | ट | प | त्थ | र | के | स | न | म | प | श |
| ब | बी | स | सा | ल | बा | द | त्ता | प | क | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6320

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 6 | 1 | | 4 | |
| | 33 | | 23 | | 33 | 6 |
| 5 | | 2 | | 1 | | 3 |
| | 40 | | 27 | 4 | 24 | |
| 7 | | 5 | | | 2 | |
| 6 | 37 | | 38 | 7 | 33 | 2 |
| | | 3 | 4 | | 6 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6319 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 30 | 7 | 31 | 4 | 34 | 2 |
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 29 | 6 | 33 | 6 | 37 | 3 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 3 | 30 | 5 | 32 | 7 | 34 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# प्रणय ने चेन से चुकाया हिसाब, दूसरे दौर में बनाई जगह; महिला एकल में भारत की चुनौती समाप्त

**शेनझेन।**
स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने यहां चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। महिला एकल में भारत की एकमात्र खिलाड़ी आकर्षी कश्यप चीन की झेंग यी मान के खिलाफ 33 मिनट में 12-21 14-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।


पीठ की चोट के कारण कुछ टूर्नामेंट से बाहर रहने वाले 31 साल के प्रणय ने पहले दौर में दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी को 21-18 22-20 से हराया और पिछले हफ्ते जापान में मिली हार का बदला चुकता कर दिया। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रणय अगले दौर में हांगकांग के ली च्युक यीयू और डेनमार्क के मैग्नस योहानसन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय इससे पहले चेन के खिलाफ चार मैच ही जीत पाए थे जबकि सात में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

भारतीय स्टार प्रणय पहले गेम में एक समय 6-9 से पीछे चल रहे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार चार अंक के साथ स्कोर 12-10 किया। चेन ने स्कोर 12-14 किया लेकिन प्रणय ने कुछ अच्छे अंक जुटाकर पहला गेम आसानी से अपने नाम किया। दूसरे गेम में कड़ी टक्कर देखने को मिली। चेन ने शुरुआत में 6-3 की बढ़त बनाई लेकिन प्रणय ने लगातार पांच अंक के साथ स्कोर 8-6 कर दिया। चेन ने इसके बाद 12-10 की बढ़त बनाई जिसे उन्होंने 18-16 तक पहुंचाया। प्रणय ने हालांकि इसके बाद शानदार खेल दिखाते हुए गेम और मैच जीत लिया।

**सात्विक-चिराग ने भी की जीत से शुरुआत** - सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता शीर्ष वरीय जोड़ी भी इंग्लैंड के बेन लेन और सीन वेंडी के खिलाफ 21-13 21-10 की आसान जीत के साथ पुरुष युगल के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रही। सात्विक और चिराग की राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन जोड़ी अगले दौर में जापान के अकीरा कोगा और ताइची साइतो के खिलाफ उतरेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 26वीं बार पंकज आडवाणी बने विश्व बिलियर्ड्स चैंपियन, फिर जीता खिताब



**दोहा ।** भारत के दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी 26वीं बार विश्व बिलियर्ड्स चैंपियन घोषित किए गए हैं। पंकज ने यहां फाइनल में हमवतन सौरव कोठारी को हराकर 26वीं बार आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। शुरुआती घंटे में 26-180 से पिछड़ने के बाद आडवाणी ने कुआलालंपुर में पिछले साल के खिताबी मुकाबले की पुनरावृति में 2018 के विश्व चैंपियन कोठारी को हराया। कोठारी शुरुआती बढ़त बनाने के बाद मजबूत स्थिति में थे लेकिन कुछ मौकों पर उन्होंने आसान गल्तियां करके आडवाणी को वापसी करने का मौका दिया। आडवाणी ने इसके बाद 150 से अधिक अंक के कुछ ब्रेक के साथ अपनी स्थिति मजबूत की जबकि कोठारी मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रहे। आडवाणी ने एक बार मैच का सर्वोच्च 214 अंक का ब्रेक भी बनाया जिसके बाद उन्हें जीत दर्ज करने में अधिक परेशानी नहीं हुई। हालांकि वापसी करने के बाद आडवाणी ने मैच में अधिकांश समय 250 अंक के आसपास की बढ़त बनाए रखी। कोठारी ने इस बीच 99 के ब्रेक से आडवाणी की बढ़त को 150 रन तक सीमित किया बेंगलुरू के आडवाणी ने हालांकि इसके बाद 199 के अटूट ब्रेक के साथ 1000 अंक के आंकड़े को छूकर जीत दर्ज की। अपनी जीत के बाद आडवाणी ने कहा कि मैं पहले भी जीत चुका हूं इसलिए मुझे इस अहसास के बारे में पता है लेकिन वर्ष दर वर्ष कई बार इसे जीतना कौशल, शरीर और दिमाग पर की गई घंटों की कड़ी मेहनत को सही साबित करता है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए निरंतरता सफलता की कुंजी है और देश के लिए विश्व खिताब जीतने को लेकर मैं सबसे अधिक प्रेरित होता हूं। आडवाणी अब विश्व बिलियर्ड्स चैंपियन के अगले टूर्नामेंट में खेलेंगे जो छोटे प्रारूप (150 अप) में होगा।

### क्रिकेटर वेंकटेश अय्यर की श्रुति रघुनाथन के साथ हुई सगाई

**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के क्रिकेटर वेंकटेश अय्यर की श्रुति रघुनाथन के साथ सगाई हो गई है। अब वह जीवन की 'नई पारी' खेलने के लिए तैयार हैं। वेंकटेश की श्रुति रघुनाथन के साथ हुई सगाई का फोटो मध्य प्रदेश के इस क्रिकेटर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इस फोटो में ग्रीन कलर का कुर्ता पहने वेंकटेश और पर्पल कलर की साड़ी पहने श्रुति, एक-दूसरे के साथ हैं। पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'जिंदगी के अगले चेप्टर की ओर। कई क्रिकेटरों ने इस मौके पर वेंकटेश को बधाई दी है जिसमें अर्शदीप सिंह, अवेश खान, मनदीप सिंह, श्रेयस अय्यर, नमन ओझा और युजवेंद्र चहल प्रमुख रूप से शामिल हैं। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में जन्मे 28 वर्षीय वेंकटेश ने भारत की ओर से दो वनडे और 9 टी20 मैच खेले हैं।बाएं हाथ से आक्रामक बैटिंग के साथ मध्यम तेज गेंदबाजी भी करने वाले वेंकटेश को शॉर्टर फॉर्मेट के बेहतरीन प्लेयरों में शुमार किया जाता है। दो वनडे इंटरनेशनल में 24 रन उन्होंने बनाए हैं। 9 टी20 आई की सात पारियों में दो बार नाबाद रहते हुए 33.25 के औसतसे 133 रन और 15.00 के औसत से पांच विकेट उनके नाम पर दर्ज हैं।



### वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ ऑलराउंडर शेरफेन रदरफोर्ड और मैथ्यू फोर्ड को शामिल किया,शेन डाउरिच और केजॉर्न ओटले की टीम में वापसी

**सेंट जोन्स ।** वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर शेरफेन रदरफोर्ड और मैथ्यू फोर्ड के रूप में दो नए चेहरे अपनी 15 सदस्यीय टीम में शामिल किए हैं। विकेटकीपर शेन डाउरिच और सलामी बल्लेबाज केजॉर्न ओटले की टीम में वापसी हुई है। डाउरिच ने अपना एकमात्र वनडे मैच 2019 में खेला था जबकि ओटले ने जनवरी 2021 में दो वनडे मैच खेले थे। शाई होप की अगुवाई वाली टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन और छह दिसंबर को एंटीगा और नौ दिसंबर को बारबाडोस में वनडे मैच खेलेगी। इसके बाद दोनों टीम के बीच पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। विंडीज टीम ने आखिरी बार इंग्लैंड से साल 2007 में वनडे सीरीज जीती थी। विंडीज के लिए तब प्लेयर ऑफ द सीरीज शिवनारायण चंद्रपाल रहे थे जिन्होंने तीन वनडे मैचों में 202 रन बनाए थे। इसके बाद लगातार विंडीज को इंगलैंड के हाथों हार झेलनी पड़ी है। 2018 में जरूर विंडीज ने 5 मैचों की सीरीज ड्रा करवा ली थी लेकिन वह इंगलैंड को हराने में कामयाब नहीं हुई थी। आखिरी बार दोनों क्रिकेट विश्व कप 2019 में भिड़े थे जहां इंगलैंड को ही जीत मिली थी।

ब्राजील-अर्जेंटीना फुटबॉल मैच में भिड़े दर्शक

# पुलिस ने किया लाठीचार्ज तो मेसी ने खेलने से किया इनकार

**रियो डी जेनेरियो ।**
रियो डी जनेरियो के माराकाना स्टेडियम में उस वक्त स्थिति खराब हो गई जब विश्व कप क्वालिफायर मैच में ब्राजील और अर्जेंटीना के फैंस भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर लात घूसे चले और कई फैंस के घायल होने की भी खबर है। फैंस के बीच झड़प के कारण ब्राजील बनाम अर्जेंटीना फीफा विश्व कप क्वालिफायर मैच के शुरू होने में 30 मिनट की देरी हुई। दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल की दो महाशक्तियों के बीच बहुप्रतीक्षित ब्लॉकबस्टर मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होने वाला था, लेकिन फैंस के बीच लड़ाई के बाद इसे रोक दिया गया।

### मैच से पहले ही शुरू हुई लड़ाई

ब्राजील और अर्जेंटीना के खिलाड़ी अपने-अपने राष्ट्रगान के लिए लाइन में खड़े थे, जब कैमरा स्टैंड की ओर मुड़ा, जहां ब्राजील और अर्जेंटीना के फैंस के एक वर्ग को एक-दूसरे पर हमला करते हुए देखा गया। मैदान पर मौजूद फुटबॉलर इस परेशान करने वाले दृश्य से काफी हैरान नजर आए। भीड़ को काबू करने के लिए पहुंची पुलिस ने लाठीचार्ज का सहारा लिया, लेकिन इससे मामला और बिगड़ गया। स्थानीय पुलिस को मैदान के एक छोर पर अर्जेंटीना के फैंस पर लाठियों से पीटते हुए देखा गया। रियो डी जेनेरियो पुलिस का यह व्यवहार लियोनेल मेसी और अर्जेंटीना के बाकी खिलाड़ियों को पसंद नहीं आया।

### अर्जेंटीना ने ब्राजील को 1-0 से हराया

मेसी ने मैच रेफरी को उस दृश्य की ओर इशारा करते हुए कहा कि वह यह मैच नहीं खेलेंगे और टीम के बाकी साथियों के साथ पिच से बाहर जाने का फैसला लिया। इस दौरान उन्हें काफी देर तक अधिकारियों के साथ बात करते हुए देखा गया। मेसी ने अपने साथियों के साथ पिच से बाहर निकलते हुए कहा, हम नहीं खेल रहे हैं, हम जा रहे हैं। हालांकि, कुछ देर में मामला शांत हो गया और अर्जेंटीना के खिलाड़ी जल्द ही मैदान पर फिर से उतरे और मैच भारतीय समयानुसार सुबह साढ़े छह बजे शुरू हुआ। अर्जेंटीना ने इस मैच को 1-0 से अपने नाम किया और अपने फैंस को खुशी दी। 63वें मिनट में निकोलस ओटामेंडी के हेडर से अर्जेंटीना ने बढ़त हासिल की।



### माराकाना स्टेडियम से अर्जेंटीना फैंस का खास लगाव

अर्जेंटीना के कई लोगों का मानना है कि उनके देश का विश्व चैंपियन बनने का सफर माराकाना स्टेडियम में शुरू हुआ था। यहीं पर एंजेल डी मारिया और लियोनेल मेसी ने कोपा अमेरिका फाइनल में ब्राजील के खिलाफ 1-0 की जीत दर्ज की थी और अर्जेंटीना के 28 साल के ट्रॉफी के सूखे को खत्म किया था। हालांकि, विश्व कप क्वालिफायर में दोनों टीमों को अपने-अपने पिछले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। ब्राजील की टीम को कोलंबिया से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि विश्व चैंपियन अर्जेंटीना को उरुग्वे ने 2-0 से हराया।

### अंक तालिका का हाल

अर्जेंटीना 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी क्वालिफाइंग ग्रुप में छह मैचों में 15 अंक लेकर शीर्ष पर है। उरुग्वे 13 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। कोलंबिया के 12 और वेनेजुएला के नौ अंक हैं। ब्राजील सात अंकों के साथ छठे स्थान पर है। इक्वाडोर आठ अंक के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गया। वहीं, पराग्वे और चिली के पांच-पांच अंक हैं। बोलीविया के तीन और पेरू के खाते में एक अंक है। संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले 2026 विश्व कप में 48 टीमें शामिल होंगी, जिसका अर्थ है कि दक्षिण अमेरिका से शीर्ष छह टीमों को सीधा प्रवेश मिलेगा। सातवें स्थान पर रहने वाली टीम इंटरकांटिनेंटल प्लेऑफ में जगह बना सकती है।

# डॉक्टर ने कहा खेलना दूर की तब पहले चलकर दिखाओ.....पुरानी चोट को याद कर भावुक हुए शमी



**नई दिल्ली ।**
भारत भले ही क्रिकेट विश्व कप 2023 जीत नहीं सका हो, लेकिन टूर्नामेंट में मोहम्मद शमी ने असाधारण गेंदबाज कर लोगों को दिल जीत लिया। विश्व कप के बाद आए बदलावों पर दौरान मोहम्मद शमी ने बात की। शमी ने उस समय को याद किया जब चोट के कारण उन्हें डॉक्टर ने क्रिकेट से दूर तक रहने की सलाह दे दी थी। शमी ने कहा कि कोई नहीं जानता था कि मैं (2015 संस्करण के दौरान) किस दर्द से जूझ रहा था। मेरे घुटने में पहले सूजन थी। कोई और ना कह सकता था लेकिन मुझमें दर्द सहने की क्षमता थी। तब मुझे दो विकल्प बताए गए, या सीधे सर्जरी के लिए जाएं या टूर्नामेंट खेल और फिर सर्जरी के लिए जाएं। टीम हर मैच के बाद जहां होटल लौट आती थी, मैं इंजेक्शन लेने के लिए अस्पताल जाता था। जब आप देश के लिए खेलते हैं, तब आप सब कुछ भूल जाते हैं। शमी ने बताया कि जब मेरे घुटने का ऑपरेशन हुआ तब मैं दो घंटे तक बेहोश रहा। जब मैं उठा तब मैंने डॉक्टर से पूछा कि मैं कब खेलना शुरू कर सकता हूं। उन्होंने जवाब दिया कि अगर तुम बिना लंगड़ाए चल सके तब यह एक बड़ी उपलब्धि होगी, खेलना भूल जाओ। यह सब इस पर निर्भर करता है कि तुम कैसे खेलते हो। लेकिन मन में जज्बा लिए मैंने मेहनत जारी रखी। शमी ने दबाव से निपटने का फार्मूला जाहिर कर कहा कि चीजों को सरल रखना सबसे अच्छा है, अपने आप को तनावमुक्त रखें और तभी आप बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। बेहतर है आप सुबह उठो, मस्त फ्रेश हो जाओ , चाय पियो, गाने सुनो (बेहतर होगा कि आप उठें, तरोताजा हो जाएं, चाय पिएं और गाने सुनें) बता दें कि शमी ने क्रिकेट विश्व कप इतिहास में 18 मैचों में 55 विकेट लिए हैं। वह दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट टूर्नामेंट में देश के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। सेमीफाइनल के दौरान न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्होंने सात विकेट लिए जोकि भारतीय क्रिकेटर के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े हैं।

# अगले साल यूरो चैंपियनशिप फुटबॉल टूर्नामेंट में इटली ने बनाई जगह, यूक्रेन से खेला गोलरहित ड्रॉ

**मिलान।**
**इटली ने अगले साल होने वाली यूरो चैंपियनशिप के लिए बनाई। टीम ने ग्रुप-सी में क्वालिफायर मैच में यूक्रेन के खिलाफ मुकाबला गोलरहित ड्रॉ खेला। वहीं, स्लोवेनिया और चेक गणराज्य ने भी चैंपियनशिप के लिए जगह पक्की की। इटली को ग्रुप-सी से अपनी जगह सुरक्षित करने और प्लेऑफ से बचने के लिए केवल एक अंक की जरूरत थी और उसने ड्रॉ खेलकर अपना काम आसान कर दिया। इटली ने जर्मनी से भी 0-0 से ड्रॉ खेला था। यूरोपियन चैंपियन इटली दूसरे स्थान पर रहा और उसके आठ मैचों में 14 अंक रहा। वह चार मैच जीतने में सफल रहा। तीसरे स्थान पर यूक्रेन की टीम रही। प्लेऑफ मुकाबले गंवाने के कारण इटली पिछले दो फीफा विश्वकप के लिए क्वालिफाई नहीं कर सका है।**



यूक्रेन अगर इटली को हरा देता तो चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई कर जाता, लेकिन उसके और इटली के समान 14 अंक रहे। हालांकि, गोल अंतर से इटली आगे बढ़ने में सफल रहा। यूक्रेन के पास अभी भी चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह पक्की करने का मौका है, लेकिन इसके लिए उसे प्लेऑफ खेलना होगा।

इंग्लैंड पहले से ही ग्रुप में शीर्ष स्थान पर है और उसने नॉर्थ मेसेडोनिया को 1-1 पर रोकर अपना सफर बिना हार के समाप्त किया। यूक्रेन अपने घर में रूस के हमले के चलते सुरक्षा कारणों की वजह से अंतरराष्ट्रीय मुकाबले नहीं खेल रहा है। वहीं, रूस पर यूरो 2024 क्वालिफाइंग से प्रतिबंध लगाया हुआ है। इटली फुटबॉल टीम के कप्तान जियानलुइगी डोनारुम्मा ने कहा- हम खुश हैं। हम यूरो चैंपियनशिप में खेलेंगे और इसके लिए कड़ी मेहनत की है। मैं कोच सहित कोचिंग स्टाफ के सदस्यों का भी धन्यवाद करता हूं।

# 159 रन बनाकर सूर्यकुमार यादव तोड़ेंगे 2000 रन बनाने वालों का रिकार्ड बाबर आजम और विराट कोहली का महारिकॉर्ड तोड़कर हो जाएंगे दोनों के आगे

**नई दिल्ली ।**
भारतीय होनहार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव यदि टी-20 में 159 रन बना लेते हैं तो उनके नाम एक नया रिकार्ड हो जाएगा। वह 2000 रन बनाने वाले खिलाड़ियों का रिकार्ड तोड़कर आगे बढ़ जाएंगे। जानकारी के अनुसार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 23 नवंबर से विशाखापत्तनम में शुरू होने वाली आगामी टी20 सीरीज में बाबर आजम और हमवतन विराट कोहली के कई रिकॉर्ड तोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

उन्हें टी-20 इंटरनेशनल में 2000 रन बनाने वाले सबसे तेज बल्लेबाज होने के बाबर के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए अपनी अगली पारी में 159 रनों की आवश्यकता है। जानकार बता रहे हैं कि यदि सूर्यकुमार अपनी अगली दो पारियों में 159 रन बनाता है, तो वह 52 पारियों में बाबर और मो. रिजवान के संयुक्त सबसे तेज बल्लेबाज की बराबरी कर लेंगे। अगर सूर्यकुमार अपने अगले पांच मैचों में 159 रन बना लेता है, तो वह टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले भारतीय होने के कोहली के रिकॉर्ड को तोड़ देंगे। उन्होंने 50 टी-20 इंटरनेशनल पारियों में 46 की औसत और 172.7 की शानदार स्ट्राइक रेट से 1841 रन बनाए हैं।

सूर्यकुमार ने इस दौरान तीन शतक भी बनाए हैं। आखिरी शतक इस जनवरी में राजकोट में श्रीलंका के खिलाफ है। रोहित शर्मा के पहले ही सबसे छोटे प्रारूप से बाहर होने और हार्दिक पंड्या के टखने की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया टी20 इंटरनेशनल के लिए स्काई को कप्तान नियुक्त किया गया है। सूर्यकुमार को वनडे विश्व कप में अपने प्रदर्शन के लिए काफी आलोचना मिली है, वह सात पारियों में 17.66 की निराशाजनक औसत से केवल 106 रन ही बना सके।



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे महत्वपूर्ण फाइनल में वह धीमी पिच पर 28 गेंदों पर सिर्फ 18 रन बना सके और भारत को सम्मानजनक स्कोर तक ले जाने में असफल रहे। अहमदाबाद में विश्व कप फाइनल में भारत की उसी टीम से हार के ठीक चार दिन बाद ऑस्ट्रेलिया टी-20 इंटरनेशनल शुरू हुआ है।

# विश्व कप क्वालिफायर के दूसरे राउंड में भारत हारा, कतर ने 3-0 से हराया

**नई दिल्ली ।**
फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफायर के दूसरे राउंड में भारतीय टीम को दूसरे मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। कलिंगा स्टेडियम में हुए मुकाबले में कतर ने भारत को 3-0 से हराया। 2022 फीफा विश्व कप की मेजबानी करने वाले कतर को हराना भारत के लिए आसान नहीं था। हालांकि, यहां जीत हासिल करने पर भारतीय टीम के लिए आगे की राह आसान हो जाती, लेकिन हार के बावजूद भारतीय टीम फीफा विश्व कप 2026 के लिए क्वलिफाई करने की रेस से बाहर नहीं हुई है।

इस मैच में कतर ने शानदार शुरुआत की और पूरे मैच में अपना दबदबा बनाए रखा। कतर ने मैच के चौथे मिनट में ही गोल कर 1-0 की बढ़त बना ली। कतर के लिए कॉर्नर से मुस्तफा मेशाल ने गोल किया। वह बॉक्स के अंदर थे और भारतीय टीम समय रहते गेंद को क्लीयर नहीं कर पाए। ऐसे में उन्होंने मौके भुनाते हुए अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद पहले हाफ में दोनों टीमों के कई प्रयास किए, लेकिन कोई गोल नहीं हो सका। पहला हाफ खत्म होने के बाद कतर की टीम 1-0 से आगे थी।



दूसरे हाफ की शुरुआत में ही कतर ने दूसरा गोल कर अपनी बढ़त 2-0 कर ली। कतर के लिए 47वें मिनट में अल्मोज अली ने दूसरा गोल किया। 86वें मिनट में यूसुफ ने कतर के लिए तीसरा गोल किया और अपनी टीम की जीत लगभग तय कर दी। अंत में स्कोरकार्ड यही रहा और भारत को 0-3 के अंतर से हार झेलनी पड़ी।

इस मैच में कतर ने गोल करने के 20 प्रयास किए। इनमें से छह निशाने पर थे और तीन में यह टीम गोल करने में सफल रही। गेंद में इस टीम का नियंत्रण 54 फीसदी था। कतर ने मैच में 416 पास किए। इनमें से 79 फीसदी पास सही जगह पर थे। हालांकि, इस टीम ने सात फाउल भी किए। वहीं, भारत की बात करें तो टीम इंडिया ने सात बार गोल करने का प्रयास किया, लेकिन इनमें से कोई भी निशाने पर नहीं था। गेंद पर भारतीय टीम का नियंत्रण 46 फीसदी था। भारत ने 363 पास किए और 73 फीसदी पास सही जगह पर थे। भारत ने 14 फाउल भी किए। एक भारतीय खिलाड़ी को येलो कार्ड मिला।

### कबड्डी खेल देखकर बेहद खुश हुए कीवी खिलाड़ी, बताया कौन खिलाड़ी खेल सकता है बेहतर

**मुंबई ।** न्यूजीलैंड के क्रिकेटर ट्रेंट बोल्ट, मिशेल सेंटनर और टॉम लैथम कबड्डी खेल देखकर बेहद खुश हुए। आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के दौरान भारत भ्रमण के समय न्यूजीलैंड के स्टार क्रिकेटरों को विभिन्न जगह जाने का मौका मिला। इसके तहत वह कबड्डी लीग की तैयारियां देखने भी पहुंचीं। खेल देखकर विकेटकीपर-बल्लेबाज लैथम ने कहा, यह काफी शारीरिक खेल जैसा दिखता है। यह रग्बी के समान दिखता है, जिसमें लोग एक आदमी को लाइन पार करने से रोकने के लिए टीम बनाते हैं। मैं इस खेल के लिए ग्लेन फिलिप्स को नामांकित करूंगा। वह एक शक्तिशाली व्यक्ति है। इस बीच, तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने अपने साथियों डेरिल मिशेल और टिम साउथी को कबड्डी में हाथ आजमाने का समर्थन कर कहा कि मैंने इस कई बार देखा है। मुझे लगता है कि कबडडी के लिए आपको मजबूत पैरों की जरूरत है। मैं मिशेल और साउथी को आगे रखूंगा। इस खेल के लिए नाम। इसके अलावा हरफनमौला खिलाड़ी सैंटनर अपने साथी ग्लेन फिलिप्स को कबड्डी खेलते हुए देखना चाहते हैं, मुझमें शायद इस खेल के लिए फुर्तीलापन है, लेकिन ताकत नहीं। आपको कब्बडी के लिए चुस्त और मजबूत होने की जरूरत है। लॉकी फर्ग्यूसन अच्छा खेल सकते हैं।

## अकेलेपन से हो सकती हैं दिल की बीमारियां



हम में से कई लोग कई बार अकेलापन महसूस करते हैं। लेकिन लंबे समय तक अकेलापन और सामाजिक रूप से अलग-थलग रहने से दिल की बीमारियों और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। शोधकर्ताओं के एक दल ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अकेलापन और सामाजिक रूप से अलग-थलग रहने से दिल की बीमारी का खतरा 29 फीसदी और स्ट्रोक का खतरा 32 फीसदी बढ़ जाता है।

## बिना डॉक्टर से पूछें न लें खांसी सिरप

खांसी होने पर सामान्यत हम कैमिस्ट से कफ सिरप ले आते हैं। लेकिन इनका प्रयोग विशेषज्ञ की सलाहानुसार ही किया जाना चाहिए क्योंकि यह अलग-अलग कारणों से विभिन्न प्रकार की हो सकती है। एंटीबायोटिक बैक्टीरिया के संक्रमण से खांसी होने पर इसे एंटीबायोटिक से नियंत्रित किया जाता है। एंटी-हिस्टामाइन्स एलर्जी, खाने की दवा के रिएक्शन से खांसी होने पर एंटी-हिस्टामाइन्स कारगर मानी जाती है।

## पहचानने की क्षमता को प्रभावित करती है अनिद्रा



एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से चेहरा पहचानने की सटीकता पर असर पड़ सकता है। कम सोने से अधिकारियों द्वारा किया जाने वाला पासपोर्ट मिलान का महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो सकता है। उदाहरण के लिए सीसीटीवी की तस्वीर से पुलिस रिकॉर्ड से पहचान करने की या पासपोर्ट फोटो से यात्री की शक्ल मिलाने की जरूरत पड़ती है। कम नींद लेने की वजह से ये फैसले प्रभावित हो सकते हैं।

### हेल्थ फेक्ट

# व्यायाम से बदल सकते हैं डीएनए...



**जब** आलसी लोग कुछ मिनट के लिए व्यायाम करते हैं, तब उनके डीएनए पर तत्काल परिवर्तन होता है। हाल ही में हुए एक अध्ययन के अनुसार, यह व्यायाम करने वाले को मजबूत बना सकता है। व्यायाम से आदमी की मांसपेशियों का आनुवांशिक कोड बदलता नहीं है लेकिन इन मांसपेशियों के डीएनए अणुओं में कई तरह से संरचनात्मक बदलाव आते हैं। व्यायाम से डीएनए के विशिष्ट स्थानों पर पहले की घटनाओं के आधार पर मांसपेशियों की आनुवांशिक संरचना में यह बदलाव दिखता है जो ताकत बढ़ाता है और अंततः मेटाबॉलिज्म को फायदा होता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, हमारी मांसपेशियों में बहुत टाक्सिन है।

यह अक्सर कहा जाता है कि आप जो खाते हैं वैसे बनते हैं। इसी तरह, आप जो करते हैं उसी हिसाब से मांसपेशियां भी बदलती हैं। यदि आप इनको निष्क्रिय बनाए रखेगें तो इससे इसकी ताकत कम होती है और यह एक रास्ता है जिससे यह होने की अनुमति देता है। डीएनए में बदलाव का यह प्रश्न एपीजेनेटिक (वंशानुगत) संशोधन कहलाता है। यह पारिवारिक क्रम के अनुसार डीएनए के केमिकल अंकों के फायदे और नुकसान में शामिल होता है।

## शोध के अनुसार

नया अध्ययन यह दर्शाया कि जो लोग पहले एक्सरसाइज करते थे उनकी हड्डियों और मांसपेशियों के डीनएनए के केमिकल अंकों की तुलना में तुरंत व्यायाम करने वाले लोगों के केमिकल अंक कम होते हैं। यह परिवर्तन उस प्रकार के डीएनए में अपना स्थान बनाता है जिसके फंक्शन कार्यशील हो जाते हैं और व्यायाम के समय मांसपेशियों के जीन्स में समायोजित होते हैं।

जब शोधकर्ताओं ने लैब में मांसपेशियों का विभिन्न डिशेज के साथ संपर्क किया, तब उन्होंने डीएनए मिथाइल समूह में समान रूप से नुकसान देखा। एपीजेनेटिक परिवर्तन जीन्स के लचीलेपन को बारी-बारी से बदलने की क्षमता रखता है। यह हमारी कोशिकाओं के डीनएनए को पर्यावरण के अनुरूप बनाता है। डॉक्टरों के अनुसार, व्यायाम दवा है, जो केवल हल्के सैर से जीनोम्स को स्वस्थ तरीके से बदलता है।



# जानें फर्टिलिटी फूड्स के बारे में...



**आजकल** की खराब लाइफस्टाइल और बुरी आदतों की वजह से महिलाओं में फर्टिलिटी की समस्या बड़ी तेजी से बढ़ती जा रही है, जिससे कंसीव करने में बड़ी परेशानी होती है। लेकिन क्या कभी सोचा है कि अगर अपनी डाइट में कुछ ऐसे आहार शामिल कर लिये जाएं, जिससे फर्टिलिटी बढ़ जाए तो कितना अच्छा होगा। हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसे ही फर्टिलिटी फूड्स के बारे में, जिन्हें अपने डाइट में शामिल कर इस दिक्कत से छुटकारा पाया जा सकता है।

## हरी पत्तेदार सब्जियां

हरी पत्तेदार सब्जियां, खासकर पालक प्रजनन अंगों को स्वस्थ रखते हैं। इसमें मौजूद आयरन, फॉलिक एसिड व एंटीऑक्सीडेंट्स काफी मददगार होते हैं। पालक में मिलने वाला फोलिक एसिड न सिर्फ प्रेंगनेंट होने में मदद करता है, बल्कि नवजात में होने वाली समस्याओं से भी बचाता है।

## पीली व नारंगी सब्जियां

महिलाओं को अपने खाने में नारंगी व पीले रंग की सब्जियों को शामिल करना चाहिए। ये सब्जियां एंटी आक्सिडेंट व बीटा केरोटीन का अच्छा स्रोत है। बीटा केरोटीन महिलाओं में हार्मोन्स के असंतुलन को कम करता है, जिससे आपको कंसीव करने में मदद मिलती है। इसके अलावा गर्भपात की आशंका भी कम हो जाती है।

## रेशेयुक्त भोजन

महिलाओं को अपने आहार में साबुत अनाज लेना चाहिए। ब्राउन राइस, गेहूं की ब्रेड, बींस और फ्लैक्स सीड को शामिल करना चाहिए। ये रेशेयुक्त आहार हैं, जो पचने में आसान होते हैं। अगर पाचन-क्रिया सही रहेगी, तो शरीर में कोई भी विषैला तत्व नहीं रहेगा।

## पीएं ज्यादा पानी

यह तो सभी जानते हैं कि स्वस्थ रहने के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी पीना चाहिए, लेकिन यह भी सच है कि ज्यादा पानी पीने से कंसीव करने भी मदद मिलती है। प्रजनन अंग ठीक से काम करते हैं। प्राकृतिक तरल पदार्थ आसानी से स्पर्म सर्विक्स तक पहुंचते हैं।

## गाजर खाएं

गर्भवती होने के लिए जरुरी है कि महिलाओं के मासिक धर्म नियमित हो। इसके लिए गाजर, मटर, स्वीकट पटैटो आदि का सेवन करें, इससे मासिक धर्म नियमित रहेगा। साथ ही आप जल्द ही कंसीव कर सकेंगी।

## विटामिन-सी

विटामिन-सी वाले आहार, जैसे- संतरा, स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी व किवी फ्रूट का नियमित सेवन करने से महिलाओं को कंसीव करने में मदद मिलती है।

## दूध से बने इटेब्ल्स लें

दूध से बने खाद्य सामान महिलाओं में प्रजनन क्षमता को बढ़ाते हैं। इसलिए महिलाओं को दूध, दही खाना चाहिए। इसके अलावा मछली में मिलने वाला एमीनो एसिड भी फर्टिलिटी बढ़ाता है। आप इसे भी अपने खाने में शामिल कर सकती हैं।



## मछली में ओमेगा-3

मछली में ओमेगा-3 फैटी एसिड, डीएचए, इपीए, विटामिन-डी और बी-12 नामक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं। ये शरीर में हार्मोन्स को संचालित करते हैं। मछली न सिर्फ फर्टिलिटी बढ़ाने में फायदेमंद है, बल्कि गर्भावस्था के दौरान भी शिशु के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। शोधों में भी यह बात साबित हो चुकी है कि ओमेगा-3 एसिड युक्त डाइट के सेवन से पुरुष फर्टाइल होते हैं। इसलिए यह सभी के लिए फायदेमंद है।



## बादाम खाएं

गर्भवती होने के लिए महिलाएं बादाम, अखरोट और अप्रीकॉट भी खा सकती हैं। इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है, जो कि शरीर के लिए काफी जरूरी है। ताजा और ऑर्गेनिक फल आपको प्रेगनेंट होने में मदद करता है। ऐसे फल, जो पैक या प्रिजर्व करके रखे जाते हैं, उनमें केमिकल मिला होता है। इसलिए इसे खाने से बचना चाहिए।

## डाइ इनडोलीमिथेन

बंदगोभी, फूलगोभी, ब्रोकली, मोठ व स्प्राउट्स जैसी सब्जियों में डीआईएम यानी डाइ इनडोलीमिथेन नामक तत्व भरपूर मात्रा में होता है। यह फर्टिलिटी बढ़ाने में फायदेमंद होता है। शरीर में अतिरिक्त एस्ट्रोजेन को कम भी करता है। जिससे यूट्रीन फाइबरॉयड, ओवरी के सिस्ट और एंडोमीटोरॉयसिस जैसी समस्याएं नहीं होती हैं।

## नट्स और बीन्स


नट्स और बीन्स में जरुरी फैटी एसिड, विटामिन्स, मिनिरल्स और भरपूर मात्रा में प्रोटीन होते हैं। इसके अलावा ये बेहतरीन एंटीऑक्सीडेंट भी होते हैं, जो शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम करते हैं। इससे शरीर में रक्त का संचार ठीक होता है। प्रजनन-तंत्र को जरुरी तत्व मिलते हैं। इससे महिलाओं में भ्रूण का विकास तेजी से होता है। पुरुषों में स्पर्म की क्वॉलिटी भी सुधरती है।

## अंडा है फायदेमंद

अंडे की पीली जर्दी फर्टिलिटी के लिए बहुत फायदेमंद है। इसमें भरपूर मात्रा में ओमेगा-3 एसिड, विटामिन-ए और ई, पानी में घुलने वाला विटामिन-बी, यानी कोलाइन भी होता है। इसके सेवन से गर्भ के भीतर शिशु का नर्व सिस्टम ठीक रहता है। ऐसे में अंडे का सेवन फर्टिलिटी बढ़ाने और हेल्दी प्रेग्नेंसी के लिए फायदेमंद है।

### हेल्थ केयर

# वजन घटाने में फायदेमंद हैं जापानी नुस्खे



**वजन** घटाने के लिए कोई जिम जाता है तो कोई डाइटिंग करता है। इसके बाद भी बहुत से लोगों का वजन कंट्रोल नहीं होता है। क्या आप जानते हैं कि जापानी लोग अपना वजन कैसे घटाते हैं, और इसकी प्रकिया किस तरह होती है, तो आपको जानकर आश्चर्य होगा वो वजन घटाने के जापानी नुस्खे काम में लेते हैं। इसे असा कहा जाता है।

विशेषज्ञ भी मानते हैं कि ये वजन कम करने का सांइटिफिक और अचूक उपाय है। जिसके नियमित इस्तेमाल से वजन कम होना तय है। जिस तरह हमारे यहां ज्यादातर लोग दिन की शुरुआत नींबू पानी या फिर चाय से करते हैं, उसी तरह जापान में लोग दिन की शुरुआत गुनगुने पानी और केले से करते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो गुनगुना पानी मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है।

मेटाबॉलिज्म दुरुस्त होने से फैट जल्दी बर्न होता है और वजन घटाने में मदद मिलती है, लेकिन इससे कमजोरी हो सकती है। ऐसे में केला खाना फायदेमंद होता है। केला खाने से एनर्जी मिलती है और पेट भी भरा हुआ महसूस होता है। इससे समय-समय पर कुछ खाने का मन नहीं करता। वजन कंट्रोल होने का ये एक बहुत बड़ा कारण है। आप सिर्फ सुबह उठते ही एक गिलास गुनगुना पानी पिएं। उसके बाद आधे घंटे तक वॉक करें।

अब दो केले खाएं। इस उपाय को नियमित रूप से करें। इससे वजन तो कम होगा ही। साथ ही अन्य फायदे भी होंगे। इससे इंफेक्शन का खतरा कम होता है और कई बीमारियों से बचाव होता है। पेट से जुड़ी परेशानियां दूर हो जाती हैं। बॉडी टॉक्सिन्स दूर हो जाते हैं, जिससे त्वचा पर निखार आता है। कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करने में मददगार है।

## फ्लू से निजात दिलाएंगी यह नई वैक्सीन

इन दिनों फ्लू, वायरल बुखार,डेंगू और चिकनगुनिया की समस्या काफी फैली हुई है। ऐसा मौसम बदलने के कारण होता है क्योंकि मौसम के बदलने से तापमान में उतार-चढ़ाव आता रहता है और इसकी के वजह से शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है। शरीर के कमजोर होने से यह फ्लू जैसी समस्याए हो जाती है। फ्लू एक संक्रामक बीमारी है। यह एक व्यक्ति से दूसरें में प्रवेश कर जाती है। आज हम आपको इसके इलाज के बारे में बताएंगे। फ्लू से बचने के लिए ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने एक नई वैक्सीन इलाज को शुरू किया है, जो संक्रामक विषाणुओं से रक्षा करेगा साथ ही भविष्य में फैलने वाले फ्लू को रोकने में मदद करेगा। इस वैक्सीन की एक खुराक से 88त फ्लू पर काबू पाया जा सकता है। दुनियाभर में फ्लू से निपटने के लिए वैश्विक टीके तैयार किए हैं, जिनमें से एक टीका 88 प्रतिशत फ्लू से निजात दिलाएगा। दूसरा टीका 95 प्रतिशत अमेरिकी इंफ्लूएंजा के लिए बनाया गया है। वैक्सीन की खोज को बहुत बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। ब्रिटेन के लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक डेरेक गैदरर के मुताबिक वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित इलाज है। उन्होंने बताया है कि अगले साल तक इसे मार्किट में लाया जाएंगा।

# चलने के बाद पैरों में दर्द बड़े खतरे की निशानी

**आजकल** जैसे-जैसे लोग जागरूक हो रहे हैं, टांगों में उभरने वाली नीले रंग की मकड़ीनुमा नसों को लेकर चिंता बढ़ रही है। जिस रफ्तार से हम लोग आरामतलब व विलासितापूर्ण जीवन शैली को अपना रहे हैं, उसी रफ्तार से हमारी टांगें वेरीकोस वेन्स की शिकार हो रही हैं। शुरूआती दिनों में हम लोग स्वभावत इनकी उपेक्षा करते हैं, पर जब तकलीफ ज्यादा बढ़ जाती है, तो इधर-उधर बगैर सोचे-समझे परामर्श लेना शुरू कर देते हैं। इस तरह के अधकचरे इलाज का परिणाम टांगों में कालिमा या लाइलाज घाव के रूप में निकलता है। सबसे ज्यादा इसके शिकार दुकानदार व महिलाएं होती हैं। नियमित चलने की आदत को जिसने अलविदा कहा और ज्यादा देर तक लगातार बैठने की आदत को जाने-अनजाने या मजबूरी में गले लगाया, उसकी टांगों में वेरीकोस वेन्स का देर-सवेर प्रकट होना नित है।

## कैसे पहचानें?

अपनी टांगों व पैर का ध्यानपूर्वक अवलोकन कीजिए। अगर आपको केंचुआनुमा या मकड़ीनुमा उभरी हुई नीले रंग की नसें टांगों की त्वचा पर दिख रही हैं या काले रंग के निशान व काले रंग के चकत्ते या बिंदियां दिखाई पड़ रही हैं, तो आप यकीनन वेरिकोस वेन्स से ग्रसित हो चुके हैं। अगर थोड़ा चलने के बाद आपके पैरों में सूजन या थकान या हल्का दर्द महसूस होने लगे तो आप समझ जाइए कि आप वेरीकोस वेन्स के शिकार होने जा रहे हैं। अगर चलने के बाद टांगों में थोड़ी लाली व उभरी हुई नीले रंग की नसें दिखने लगें तो यकीन वेरीकोस वेन्स से आपका नाता जुड़ चुका है।

## कारण

अगर आप आरामतलब व बैठे रहना पसंद करने वाले व्यक्ति हैं तो आपकी टांगें वेरीकोस वेन्स से दूर नहीं हैं। आप कुछ इस तरह समझ लें कि अगर आप गुसलखाने में स्नान करने जाएं जहां शुद्ध जल सप्लाई करने वाला पानी का नल व स्नानघर से निकलने वाली नाली दोनों सुचारू रूप से काम कर रहे हैं तो नहाने वाले को कोई परेशानी नहीं होगी क्योंकि नल से निकलने वाले शुद्ध पानी से जब आप स्नान करेंगे तो गंदा पानी नाली द्वारा बाहर निकलता रहेगा। अगर कहीं नाली संकरी हो जाए या ठीक से अपना काम न करे या किसी वजह से उसमें रुकावट आ जाए, तो जाहिर है कि वह साबुन मिश्रित गंदा पानी आपके नहाने के बाद बाथरूम में इकट्ठा होता रहेगा और निकलने का दूसरा रास्ता ढूंढने लगेगा जैसे बाथरूम की दीवारों से रिसना या दरवाजे की दरार से निकलना या ऊपर तक भर जाने पर खिड़की से रिसना। ठीक उसी तरह से बाथरूम की जगह आप अपनी टांग को समझ लीजिए, जिसमें धमनियों यानी पैरों की आर्टरी से शुद्ध रक्त निरंतर प्रवाहित हो रहा है, जिसकी वजह से चलने के लिए जरूरी आक्सीजन की हमेशा आवश्यकता रहती है, टांगों की मांसपेशियों को आक्सीजन सप्लाई करने के बाद, रक्त आक्सीजन रहित व गंदा हो जाता है। यह रक्त अब तभी लाभदायक और फिर से इस्तेमाल यानी पैरों को दोबारा से सप्लाई करने लायक बनेगा जब दोबारा इसमें आक्सीजन डाली जाए। इसके लिए यह जरूरी है कि पैर में इकट्ठा हुआ यह गंदा रक्त ऊपर चढ़ कर दिल के जरिए फेफड़े तक पहुंचे। फेफड़े में फिर से आक्सीजन प्राप्त करके दोबारा फिर सर्कुलेशन में आए और आर्टरी के जरिए फिर से पैरों को शुद्ध रक्त पहुंचे। अगर किसी भी कारण से अशुद्ध रक्त ऊपर नहीं चढ़ेगा तो उसके पैर व टांगों में इकट्ठा होने की क्रिया बढ़ती जाएगी और टांगों में सामान्यत सोई हुई वेन्स गंदे रक्त से भरने लगेंगी और फूलने के कारण खाल के नीचे उभरी हुई मकड़ी के जाले की तरह दिखने लगेंगी। यहीं से वेरीकोस वेन्स की शुरूआत हो जाती है।



## सर्जरी व लेजर तकनीक में अंतर



दोनों का उद्देश्य एक ही है। वेरीकोस वेन्स से टांगों को छुटकारा दिलाना यानी किसी से पीछा छुड़ाने के दो रास्ते हैं या तो उसको अपने इलाके से बाहर निकलवा दो या फिर उसको अपने इलाके में ही खत्म कर दो। ठीक उसी तरह से वेरीकोस वेन्स को टांग से बाहर निकालने का काम सर्जरी का है और टांग के अंदर ही अंदर खत्म कर देने का काम लेजर तकनीक का है इसलिए वेरीकोस वेन्स के इलाज के रास्ते अलग-अलग हैं पर मंजिल एक ही है।

## लेजर से इलाज के फायदे

इस तकनीक में मरीज को बेहोश नहीं करना पड़ता और चमड़ी में कट भी नहीं लगाने पड़ते इसलिए टांके लगवाने और कटवाने की जरूरत नहीं पड़ती। अस्पताल में ज्यादा दिन तक रुकना नहीं पड़ता। एक दिन में ही मरीज घर जा सकता है। न ब्लीडिंग, न ड्रैसिंग का चक्कर। अगले दिन से ही मरीज अपने काम पर लौट सकता है। फिलहाल मरीज के लिहाज से व उपचार के लिहाज से भी यह तकनीक अत्यंत सुगम व लाभदायक है। इसके अलावा आर.एफ.पी नामक एक नई उपचार विधि विकसित हुई है जो लेजर तकनीक की तुलना में अधिक लाभदायक है।

## इलाज

अगर आपको लगता है आपकी टांगों में वेरीकोस वेन्स की शुरूआत हो चुकी है तो हाथ पर हाथ धर कर मत बैठिए, तुरंत किसी वैस्क्युलर सर्जन से परामर्श लें। वेरीकोस वेन्स की शुरूआत होने पर, तुरंत सर्जरी या लेजर की जरूरत नहीं पड़ती बल्कि अपनी आरामपसंद दिनचर्या में फेरबदल करना पड़ता है। रोज सुबह व शाम को एक-एक घंटे यानी कुल दो घंटे पार्क में टहलना पड़ता है। पैरों को कुर्सी से एक घंटे से ज्यादा लटका कर नहीं बैठना होता है और न ही एक घंटे से ज्यादा लगातार खड़े रहना होता है। अपने बढ़े हुए वजन को घटाना पड़ता है। दिन में चलते वक्त एक विशेष किस्म की जुराबों को टांगों पर पहनना पड़ता है। इसके साथ-साथ हर दो महीने में वैस्क्युलर सर्जन से परामर्श करते रहना पड़ता है। अगर वेरीकोस वेन्स पूरी तरह से विकसित हो जाती हैं या पैरों पर काले निशान व चकत्ते उभर आते हैं या सूजन व लाली बनी रहती है या फिर घाव उभरने लगे हों, तो ऐसी परिस्थितियों में सर्जरी या लेजर या आर.एफ.ए. तकनीक का सहारा लेना पड़ता है। इसके लिए किसी ऐसे अस्पताल में जाएं जहां वैस्क्युलर सर्जरी का महकमा हो और इन सब इलाजों की सुविधा हो।

### रेसिपी

## आलू कबाब



**सामग्री**

- 2 आलू (उबले हुए)
- 2 हरी मिर्च (कटी हुई)
- 1 टीस्पून अदरक (कद्दूकस किया हुआ)
- 1 टीस्पून काली मिर्च पाऊडर
- 1 टीस्पून सेंधा नमक
- 1 कप व्रत के चावल

**विधि**

सबसे पहले उबले हुए आलओं को कद्दूकस कर लीजिए। अब एक बाऊल में कद्दूकस किए गए आलू, हरी मिर्च, अदरक, काली मिर्च पाऊडर और सेंधा नमक मिलाकर अच्छी तरह मिक्स कर लें।, अब इस मिश्रण हाथ में ले और छोटी-छोटी बॉल बना लें। अब इन बॉल्स को व्रत के आटे में रोल करें। अब एक कडाही में तेल गर्म करें। तेल गर्म होने पर तैयार की गई बॉल्स को फ्राई करें। आलू कबाब तैयार है। इन्हें नारियल की चटनी के साथ सर्व करें।

## ड्राईफ्रूट शेक



**सामग्री**

- 3 कप ठंडा दूध, 2 टेबलस्पून शहद
- 8 काजू, 6 बादाम, 10 किशमिश
- 8 पिस्ता, 1 अखरोट
- आधा टीस्पून इलायची पाऊडर
- 3 अंजीर और खजूर (दूध में भिगोए हुए)
- शक्कर स्वादानुसार, 3 टीस्पून वेनीला एक्सट्रेक्ट
- मिक्स ड्रायफ्रूट्स (कटे हुए)

**विधि**

शेक बनाने के लिए सबसे पहले मिक्सर में भिगोए हुए अंजीर-खजूर, आधा कप दूध और सारे ड्राईफ्रूट्स डालकर मिक्सर में पीस लें। दूध में शहद, इलायची पाऊडर और शक्कर मिलाकर ब्लेंड करें। अब इसमें ड्राईफ्रूट्स पेस्ट और वेनीला एक्सट्रेक्ट डालकर अच्छे से ब्लेंड करें। जब शेक बन जाएं तो फ्रिज में आधे घंटे के लिए ठंडा करने के लिए रखें। अब गिलास में डालकर ड्राईफ्रूट्स से सजाकर ठंडा-ठंडा सर्व करें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 (संपादकीय) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, (सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)